जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शुक्रवार 30 सितम्बर, 2022

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



I M Shakti

## आत्मविश्वास की नई उड़ान
## हर नारी का स्वाभिमान

# उड़ान

राज्य बजट घोषणा
प्रदेश की समस्त किशोरियों और महिलाओं के लिए

## नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण का संकल्प

"माहवारी महिलाओं की एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। आज हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। अब हमें माहवारी के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए। परिवार में महिलाओं को संकोच छोड़कर इसके बारे में बात करनी चाहिए। हमने नि:शुल्क सेनेटरी नैपकिन वितरण की योजना शुरु की है। यह योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।"

**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री, राजस्थान

### क्यों ज़रूरी है सेनेटरी नैपकिन



माहवारी के बारे में जागरूकता न होने से समाज का पिछड़ापन और मानसिक रूढ़िवादिता उजागर होती है। लड़कियों और महिलाओं को माहवारी के बारे में शिक्षित करने और सबसे जरूरी, सेनेटरी पैड की सर्वसुलभ उपलब्धता एक सराहनीय पहल है।

**डॉ. सुधीर भण्डारी**
कुलपति, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर



पीरियड्स में सेनेटरी नैपकिन या पैड न इस्तेमाल करने से यूरिन इन्फेक्शन, सर्विक्स इन्फेक्शन, फैलोपियन ट्यूब एवं ओवरी (अंडाशय) में इन्फेक्शन, इनफर्टिलिटी (बाँझपन) एवं सर्वाइकल कैंसर तक हो सकता है। राज्य सरकार की ओर से सेनेटरी नैपकिन की नि:शुल्क वितरण योजना किसी वरदान से कम नहीं है।

**डॉ. पुष्पा नागर**
वरिष्ठ आचार्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर

राजस्थान संवाद

एक अध्ययन के अनुसार देश में लगभग 62% महिलाएं पीरियड्स के समय सेनेटरी नैपकिन की जगह कपड़े का प्रयोग करती हैं। पीरियड्स के दौरान इस्तेमाल की गई अनहाइजिनिक (अस्वच्छ) वस्तुओं से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी हो सकती है। अतः सेनेटरी नैपकिन का उपयोग अत्यन्त आवश्यक है।

**प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 12 सैनिटरी नैपकिन का नि:शुल्क वितरण**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान**

## विचार बिन्दु

चापलूस आपको हानि पहुंचा कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। –हरिऔध

# स्वास्थ्य का अधिकार ( राइट-टु-हैल्थ ) व्यक्ति का मानव अधिकार है, साथ ही मूल अधिकार भी है

मानव के जीने के अधिकार के साथ अन्य अधिकारों की घोषणा से संयुक्त राष्ट्र संघ का जन्म सफल हुआ। मानव के अधिकारों में मानव के गरिमामय जीने के अधिकार को मजबूत धरातल दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक नहीं अनेक केसेज में संविधान के अनुच्छेद 21 की जो व्याख्या की है उसमें जीने के अधिकार में गरिमा के साथ जीने को अधिकार का अभिन्न अंग माना है। जीने के अधिकार में इस प्रकार प्रदूषण मुक्त पर्यावरण स्वच्छ पीने के पानी शुद्ध व पौष्टिक खाने की बात कही है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्टेट ऑफ पंजाब बनाम महेन्द्र सिंह 1997 (2) एससीसी 83 में कहा है "The right to life includes the right to health" इसी भावना से सतत् विकास के 17 लक्ष्य व 109 निर्देश निर्धारित हुये। उसमें भी स्वास्थ्य के अधिकार को जीने के अधिकार के रूप में माना गया है। मानव को स्वास्थ्य का मूल अधिकार है तथा पर्यावरण की शुद्धता के लिये स्वास्थ्य का मूल अधिकार है। जिस प्रकार शिक्षा के बिना जीवन गरिमा मय नहीं हो सकता है उसी प्रकार गरिमामय जीवन के लिये अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है। यही बात Declaration of Human Right 1948 में थी तथा सिविल व पोलिटिकल कॉवेनेन्ट, 1966 में भी स्पष्ट तौर पर स्वास्थ्य के अधिकार की बात कही गई है।

यदि हम नीति निदेशक तत्वों की बात करें तो उसके अनुच्छेद 41 में इन्हें लागू करना इस पर लागू करता है कि हमारी आर्थिक स्थिति कैसी है। आज की परिस्थितियों में आर्थिक निर्भरता की बात करना बेमानी है। स्वंय अनुच्छेद 38, 47 व 39 जो नीति निदेशक तत्वों के चेप्टर के भाग हैं उसमें भी इसे स्पष्ट किया है। अत: जीने के अधिकार में अच्छे स्वास्थ्य के साथ जीना भी आता है। ये अधिकार मानव अधिकार के रूप में न्यायालय में प्रवर्तनशील हैं।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार राइट–टू–हेल्थ बिल लेकर आई थी, किन्तु उसमें कई खामियां थीं जिन्हें पूरा करना आवश्यक माना गया और बिल को प्रवर समिति को भेज दिया। इंडियन मेडिकल एसोसियेशन ने कहा है कि बिल को पेश करने से पूर्व उनसे बात तक नहीं की गई। बिल में शुद्ध पीने के पानी की बात व शुद्ध खाद्य पदार्थों का उल्लेख है, किन्तु पीने का पानी कहाँ है? 16 जिलों के लोग इंदिरा गांधी नहर का पानी पी रहे हैं जिसमें सिवरेज का पानी लाया जा रहा है। नकली खाद्य पदार्थ खुले में बिक रहे हैं। नकली दवाओं के सहारे, मरीजों का इलाज हो रहा है। राज्य में 20 हजार करोड़ का नकली दवाओं का व्यापार है। लोग सिवरेज के पानी में पैदा की गई सब्जियां खा रहे हैं। अस्पतालों में टायलेट की दुर्दशा की अपनी ही कहानी है। कई परिभाषायें जो बिल में आई हैं वे स्वयं अस्पष्ट है, समझ से परे हैं। आपात स्थिति परिभाषित नहीं है। आपात स्थिति में मरीज को इलाज से मना नहीं किया जा सकता, किन्तु सही परिभाषा का अभाव मरीज को इलाज नहीं दिला सकता।

डॉक्टरों ने भी इस बिल पर विरोध दर्शाया है उनका कहना है कि उनकी सुरक्षा के हेतु उचित व्यवस्था बिल में नहीं है।

बिल में प्रावधान है कि मरीज की मृत्यु पर शव उनके संबंधियों को लौटा दिया जावेगा चाहे फीस दी हो या नहीं इसका विपरीत असर होगा कि इमरजेन्सी के मरीज को भर्ती ही नहीं करेंगे उसे अन्य अस्पताल में भेज देंगे, रेफर कर देंगे।

**नये कानून में यह प्रावधान हो कि प्राइवेट अस्पताल को पेमेन्ट सरकार द्वारा किया जावेगा। कब, कैसे और कितने समय में और किस योजना से, इस संबंध के प्रावधान स्पष्टता के साथ होने चाहिये। इसके अतिरिक्त चूक करने पर कानूनी कार्यवाही हो जिसका निस्तारण अतिशीघ्र हो।**

एक विवाद यह भी है कि प्राइवेट अस्पताल मनमर्जी से पैसा ले रहे हैं जबकि चिरंजीवी योजना के लाभार्थी से पैसे नहीं लिये जा सकते। प्राइवेट सेक्टर के 890 अस्पताल चिरंजीवी योजना में पंजीकृत हैं, किन्तु प्राइवेट अस्पताल मरीज से या मरीज के रिश्तेदार से स्वीकृति पत्र भरवा लेते हैं अर्थात "उन्हें चिरंजीवी योजना का लाभ नहीं लेना"। परिणाम स्वरूप प्राइवेट अस्पताल मोटा बिल बना लेते हैं। नये कानून में यह प्रावधान हो कि प्राइवेट अस्पताल को पेमेन्ट सरकार द्वारा किया जावेगा। कब, कैसे और कितने समय में और किस योजना से, इस संबंध के प्रावधान स्पष्टता के साथ होने चाहिये। इसके अतिरिक्त चूक करने पर कानूनी कार्यवाही हो जिसका निस्तारण अतिशीघ्र हो।

यह सही है यह बिल इसलिये लाया गया है, इसके माध्यम से मरीज को प्राइवेट अस्पतालों से सेवा लेने का कानूनी अधिकार मिल सके, किन्तु इसके प्रावधान ऐसे हैं कि विवाद होने पर मामला मेडिकल ऑथोरिटी को ही जायेगा, सिविल कोर्ट को नहीं, क्योंकि कोर्ट का अधिकार क्षेत्र प्रतिबंधित है।

सरकार ने इस बिल को क्रान्तिकारी कदम कहा है किन्तु बिल में कई प्रावधान ऐसे हैं जो स्पष्ट नहीं हैं। कई प्रावधान इसमें नहीं हैं जो होने चाहिये। बिल में प्रावधान है कि आपात स्थिति में मरीज यदि इलाज हेतु लाया जाता है तो उसे इलाज के हेतु मना नहीं किया जा सकता, किन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि वह आपात स्थिति क्या है?

चिरंजीवी योजना के मरीज का मुफ्त इलाज होना चाहिये, किन्तु ऐसा वास्तव में नहीं हुआ है। प्राइवेट अस्पतालों के पेमेन्ट के बिल में एक बात अच्छी है, इसमें यह प्रावधान है कि मरीज को यह अधिकार दिया है और प्राइवेट अस्पताल की डयूटी है कि वह मरीज को बीमारी क्या है तथा उसका कारण क्या है? तथा उपचार के हेतु क्या क्या परीक्षण कराना है और इलाज के बाद भी क्या विकृति हो सकती है? इसके अतिरिक्त इलाज के हेतु क्या खर्चा होगा इसे भी अस्पताल को बतलाना होगा। इनसे मरीज अस्पताल या डॉक्टर बदलने का निर्णय ले सके।

बिल की महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इसमें यह बाध्यकारी प्रावधान है कि सरकार अपने बजट में प्रावधान रखेगी कि भविष्य में डाक्टर्स व नर्सेज की आवश्यकता की पूर्ति कर सके। आवश्यक हो तो अतिरिक्त बजट भी ला सकती है जिससे आवश्यक Infrastructure के हेतु अस्पतालों को रकम मिल सके। विवाद के निपटाने के हेतु डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑथोरिटी की स्थापना की व्यवस्था है।

सुप्रीम कोर्ट ने कुछ निर्णयों में यह स्पष्ट किया है बिल तभी पारित हो जब उस पर वांछित डिबेट हो। यही कारण हो सकता है इसे प्रवर कमेटी को भेजा गया है और अपेक्षा की गई है आगामी सत्र के पहले सेशन में प्रवर समिति अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। प्रवर समिति में कौन–कौन होंगे इसकी सूची शीघ्र प्रकाशित होगी।

राइट–टू–हेल्थ का कानून निश्चित रूप से लाना एक अच्छा कदम है, किन्तु इस योजना का धरातल मजबूत होना चाहिये। आशा है पक्ष व विपक्ष तथा एनजीओ, डॉक्टर्स आदि अपने–अपने सुझाव देंगे और विधानसभा जो कानून पास करेगी वह देश के हेतु एक उदाहरण होगा। साथ ही चिरंजीवी योजना का लाभ जनता को मिल सके इस संबंध में जनता की जानकारी के हेतु उचित प्रचार किया जावेगा। देश में कई अच्छी–अच्छी योजनायें स्वास्थ्य के लिये हैं तथा अन्य विषयों के संबंध में किन्तु इनका लाभ केवल कुछ प्रतिशत लोगों को ही मिल पाता है अत: भारत सरकार व राज्य सरकार का एक अपना विभाग होना चाहिये उसके अधिकारी और कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य हो कि वे अधिक से अधिक लोगों का इन योजनाओं का लाभ दिलावें। उन्हें दिये जाने वाले वेतन के दो भाग होंगे, एक तो फिक्स्ड वेतन व दूसरा लाभार्थियों की संख्या पर निर्भर होगा। सरकारी योजनायें तो बहुत हैं, किन्तु अधिकांश को यह जानकारी नहीं है कि कौन इसका लाभ ले सकते हैं और कैसे व कहां यह लाभ मिलेगा।

स्वास्थ्य का अधिकार मानव अधिकार व मूल अधिकार है। शिक्षा की तरह यह भी चेरिटी है और समाज की भी सोशल डयूटी।

हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यन्तु मा कश्चित दु:ख भाग्भवेत। सभी सुखी होवें, सभी स्वस्थ रहें, सभी मंगलमय घटनाओं के साक्षी बनें और किसी को भी दु:ख का भागी न बनना पड़े।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# विदेशी मुद्रा भंडारण में हो रही कमी आर्थिक चिंता का सबब


डॉ. पीएस वोहरा

- **एक वर्ष में लगभग 90 बिलीयन डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा भंडार में कमी देखी गई है**
- **रुपया अमेरिकन डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है**

भारत में इन दिनों काफी आर्थिक हलचलें देखने को मिल रही हैं। इन सबका एक ही नज़रिए से विश्लेषण करना सही नहीं होगा। जैसे कि एक गौरवान्वित होने वाला पहलू तो यह रहा कि हम पर डेढ़ सौ वर्षों तक राज करने वाले इंग्लैंड को आर्थिक विकास के मोर्चे पर पीछे छोड़कर भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गये । इसके अलावा प्रथम तिमाही के जीडीपी के आंकड़े जहां ये प्रस्तुत कर रहे हैं कि चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था आगामी तीन तिमाहियों के अंशदान को जोड़कर 8 प्रतिशत की विकास दर के आस–पास पहुंच जाएगी। ये बात कुछ हद तक सकारात्मक भी प्रतीत होती है क्योंकि इन दिनों त्योहारों के दिन शुरू हो चुके हैं तथा आगामी दो तिमाहियों में नवरात्रा, दशहरा, दीपावली व क्रिसमस के रहते प्रति व्यक्ति क्रय क्षमता में निरंतर बढ़ोतरी देखी जाएगी। हालांकि इस पक्ष पर बढ़ती महंगाई एक चिंता का विषय है। लगातार बनी हुई बेरोजगारी की समस्या भी जस की तस है। इसके अलावा अभी भी असंगठित क्षेत्रों में सलंग्न कई छोटे व्यापार–धंधे कोरोना महामारी की पूर्व की आर्थिक स्थिति में नहीं पहुंच पाए हैं।

वहीं दूसरी तरफ पिछले 1 वर्ष में विदेशी मुद्रा भंडार में आई तीव्र कमी एक ऐसा अन्य पक्ष प्रस्तुत करती है जिसे देखकर घबराहट का अंदेशा भी प्रतीत होता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सितंबर माह की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 1 वर्ष में लगभग 90 बिलीयन डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा भंडार में कमी देखी गई है जो कि तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है। पिछले वर्ष इसी माह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडारण का संठाहण 640 बिलियन डॉलर से अधिक था जो कि अब तकरीबन 550 बिलियन अमेरिकन डॉलर ही रह गया है। यानी कि पिछले 1 वर्ष में विदेशी मुद्रा भंडार का संठाहण 14 प्रतिशत कम हो गया। इस कमी के दौरान आश्चर्यचकित करने वाली बात यह भी सामने आई है कि जनवरी 2022 से लेकर अगस्त 2022 तक के पहले 8 महीनों में करीब 80 बिलीयन अमेरिकन डॉलर की कमी हुई है जिसे औसतन 10 बिलियन डॉलर प्रति माह भी देखा जा सकता है। विदेशी मुद्रा भंडार में हुई इस कमी को सामान्य तौर पर लेना पूर्णतया अव्यवहारिक होगा। गौरतलब है कि पिछले एक दशक में अधिकतम विदेशी मुद्रा भंडार में कमी वर्ष 2018 में हुई थी जो कि तकरीबन 13 बिलीयन अमेरिकन डॉलर की थी। इसके अलावा कोरोना महामारी से प्रभावित दोनों वर्ष 2020 व 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि आंकी गई थी। और तो और वैश्विक मंदी के समय में भी भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार 70 बिलियन अमेरिकन डॉलर से ही कम हुआ था।

विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को विदेशी मुद्रा भंडारण में कमी को बड़ी सजगता से संभालना पड़ता है क्योंकि ये उनके लिए बड़ी जल्दी एक आर्थिक संकट का सबब बन जाता है। इस बात को हाल ही के दिनों में हमने श्रीलंका में बड़ी नजदीकी से देखा व समझा है। इन दिनों यही कश्मकश पाकिस्तान व बांग्लादेश में भी चल रही है। तो क्या यह समझा जाए कि भारत में भी ये सुगबुगाहट शुरू हो गई है? वर्तमान समय में ये कहना पूर्णतया बहुत जल्दबाजी होगा क्योंकि भारत विश्व की एक विशाल व तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। उन कारणों को जानना भी अत्यंत आवश्यक है जो इस विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के पीछे हैं। पहला व मुख्य कारण तो यह है कि भारतीय मुद्रा रुपया पिछले लंबे अरसे से अमेरिकन डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है। पिछले दिनों इसमें ऐतिहासिक स्तर पर गिरावट दर्ज की गई जब एक डालर 80 के पार पहुंच गया था। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष में अब तक भारतीय रुपया करीब 7.5 प्रतिशत के आस–पास गिर चुका है। निश्चित रूप से डॉलर की मजबूती के पीछे कई वैश्विक कारण है। एक समस्या तो इन दिनों अमेरिका व यूरोप में चल रही अत्यधिक महंगाई की है। उसे नियंत्रण करने के चक्कर में अमेरिका का केंद्रीय बैंक लगातार वहां पर ब्याज की दरों में बढ़ोतरी कर रहा है जिसके प्रभाव में भारत का रुपया लगातार कमजोर हुआ है। दूसरा पक्ष रूस और यूक्रेन में चल रहे युद्ध के कारण कच्चे तेल के मूल्यों में हुई बढ़ोतरी है जिसके कारण भारतीय आयात काफी महंगे हुए हैं और परिणाम स्वरूप अधिक विदेशी मुद्रा का भुगतान किया गया है। इसके अलावा आने वाले दिनों में अमेरिका में हो रही ब्याज की दरों में लगातार बढ़ोतरी से वहां प्रति व्यक्ति उपभोग क्षमता कम होगी ताकि महंगाई नियंत्रित हो परंतु उसके परिणाम स्वरूप उनके आयात भी कम होंगे जिसका नकारात्मक प्रभाव भारत के निर्यातों पर पड़ेगा इससे आने वाले समय में विदेशी मुद्रा भंडार में और कमी होगी।

एक बात यह भी समझी जानी आवश्यक है कि विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी मुल्क की आर्थिक बचत का स्त्रोत नहीं होता है बल्कि वो एक आर्थिक धरोहर के रूप में होता है। इसकी प्राप्ति का मुख्य स्त्रोत जहां एक तरफ निर्यात हैं तो वहीं दूसरी तरफ विदेशों में बसे भारतीयों के द्वारा अपने मुल्क को भेजी गई विदेशी मुद्रा भी है, जिसे रेमिटेंसेस भी कहा जाता है। इसके अलावा अन्य स्त्रोतों में भारत का विदेशी संस्थानों से लिया गया ऋण भी है या विभिन्न देशों के साथ आर्थिक सहयोग से चल रहे प्रोजेक्ट्स हेतु प्राप्त हुई विदेशी मुद्रा भी है। इस संग्रहण का उपयोग जहां एक तरफ आयातों के भुगतान के लिए होता है तो वहीं दूसरी तरफ देश की रक्षा तथा अनुसंधान हेतु विभिन्न तरह के खरीदे गए उपकरणों के भुगतान में भी किया जाता है। भारत एक आत्मनिर्भर मुल्क नहीं है इसलिए यह कहना अत्यंत जायज होगा कि विदेशी मुद्रा भंडार में कमी जहां एक तरफ आयातों के भुगतान को गड़बड़ा सकती है तो वहीं दूसरी तरफ विभिन्न विकास की परियोजनाएं भी इससे प्रभावित हो सकती हैं।

**–डॉ. पीएस वोहरा,**
**आर्थिक मामलों के जानकार**

# बस स्टैंड के लिए दान की गई जमीन बनी कूड़ागाह


- **20 साल से नहीं हुआ भूमि का उपयोग**
- **जमीन वापस लेने के लिए कोर्ट पहुंचा दानदाता परिवार**

**अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ़ उपखंड के बस स्टैंड के लिए दान की जाने वाली जमीन पर गंदगी पसरी पड़ी है। फिर भी अधिकारी बस स्टैंड से मुंह फेर रहे हैं। कस्बे के नागरिक दर्जनों बार रोडवेज प्रबंधक से मिल चुके हैं। वहीं ग्रामीण गंदगी के आलम से परेशान हैं। वर्तमान में बस स्टैंड की जमीन में नालों का गंदा पानी जमा है। बरसात में पानी फुल होने के बाद कॉलोनी के नागरिकों के घरों में भर जाता है। बस स्टैंड की जमीन के दानदाता किशन बलदेव ने जमीन को वापस लेने का दावा कोर्ट में कर दिया जो अभी विचाराधीन है। अलवर रोडेवेज प्रबंधक नीतू कटारा ने बताया कि गोविंदगढ में रोडवेज विवाद न्यायालय में विचाराधीन है, न्यायालय का फैसला आने पर वहां पर निर्माण कार्य कराया जाएगा।

रोडवेज बस स्टैंड के लिए जमीन दान में देने वाले ने कहा कि हमने बस स्टैंड के लिए जमीन दी थी। दान में देने के बाद रोडवेज विभाग ने कुछ वर्ष तक ही बसों का संचालन यहां से किया था। अब यहां से रोडवेज बसों का संचालन नहीं हो रहा है और बस स्टैंड की जगह में कदम कॉलोनी का पानी भरा रहता है। रोडवेज विभाग बस स्टैंड की जमीन का उपयोग रोडवेज स्टैंड के लिए करें या फिर हमें हमारी जमीन वापस दे। इसके लिए कोर्ट में दावा भी पेश किया गया है।


गोविंदगढ़ बस स्टैण्ड पर फैला कचरा।

# छह मारवाड़ी घोड़े बांग्लादेश भेजे गये


मारवाड़ी नस्ल के घोडे जिन्हें बांग्लादेश भेजा गया।

- **मारवाडी घोड़ों के संरक्षण के लिए 2012 से मारवाड़ हॉर्स शॉ का आयोजन हो रहा है**

**जोधपुर, (कासं)।** ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसाइटी व मारवाडी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के मुख्य संरक्षक पूर्व नरेश गज सिंह द्वारा रजिस्टर्ड मारवाडी घोड़ों की समृद्धि, संरक्षण व इसके एक्सपोर्ट के लिए किए जा रहे प्रयास अब रंग लाए हैं। उम्मेद भवन पैलेस के मारवाड़ स्टड बालसमंद लेक पैलेस के छह अश्वों के आधिकारिक एक्सपोर्ट की अनुमति मिली है ।

ऑल इंडिया मारवाडी हॉर्स सोसाइटी व मारवाडी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के सचिव जंगजीत सिंह नाथावत ने बताया कि उम्मेद भवन पैलेस के बालसमंद लेक पैलेस स्थित मारवाड़ स्टड के छह रजिस्टर्ड मारवाडी अश्व राज ज्ञानेश्वरी, राज ज्वाला , राज सुजाता, राज रतन ,राज शिव एवं राज मूमल को पहली बार देश से बाहर एक्सपोर्ट करने की आधिकारिक अनुमति मिली है । सोमवार को इन्हें बांग्लादेश के लिए हार्स एंबुलेंस से रवाना किया जो गुरुवार को बांग्लादेश पहुंचे हैं । उन्होंने बताया कि कोलकाता की जे के ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से इनका एक्सपोर्ट हुआ है । इन घोड़ों को बांग्लादेश पुलिस ने बांग्लादेश के राष्ट पति की शाही बग्गी के लिए ऋय किया है जो विभिन्न महत्वपूर्ण समारोह में राष्ट्रपति की बग्गी की शोभा बढाएंगे।

सचिव नाथावत ने बताया कि पूर्व नरेश गजसिंह लगातार मारवाडी अश्वों की नस्ल के लिए प्रयास कर रहे हैं ।उन्होंने बताया कि पहले एक्सपोर्ट प्रतिबंधित था पर वर्षों से प्रयास के बाद अब केस टू केस लाइसेंस के आधार पर मारवाडी अश्वों का एक्सपोर्ट होने की अनुमति दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इससे मारवाड़ी अश्व पालकों को एक्सपोर्ट की सुविधा मिल गयी है।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार का पशुपालन विभाग इसके लिए एनओसी देता है व डीजी एफ टी डॉक्यूमेंट के आधार पर लाइसेंस जारी करता है। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी अश्वों के विकास व बढोतरी को लेकर सबसे पहले वर्ष 2002 मे उम्मेद भवन पैलेस में इसको लेकर सेमिनार की व कार्य योजना बनायी। उसी आधार पर राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार ने 2006 में इस कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान की व मारवाड़ी घोडों के चरित्र चित्रण को मान्यता दी। उन्होंने बताया कि पूर्व नरेश द्वारा मारवाडी घोड़ों के संरक्षण के लिए जोधपुर में 2012 से मारवाड़ हॉर्स शॉ का आयोजन हो रहा है। देश के केरल महाराष्ट पंजाब, हरियाणा गुजरात, उत्तरपदेश, मध्य प्रदेश सहित देशभर के अश्वपालक अश्व लेकर शरीक होते हैं।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 30 सितम्बर, 2022

आश्विनी मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2079, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 4:19 तक, प्रीति योग रात्रि 10:32 तक, बव करण दिन 10:22 तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–वृश्चिक, मंगल–वृष, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–कन्या, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

रवियोग शनिवार प्रात: 5:13 तक रहेगा। आज बुध उदय पूर्व में रात्रि 9:25 पर होगा। आज उपांग ललिता व्रत, ललिता पंचमी, नत पंचमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:51 तक, लाभ–अमृत 7:51 से 10:44 तक, शुभ 12:17 से 1:45 तक, चर 4:43 से सूर्यास्त तक।

**राहुकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:22, सूर्यास्त 6:11

**मेष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**वृष**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। धार्मिक और आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। व्यावसायिक प्रतिष्ठा का ध्यान रखे।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। व्यक्तिगत पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**मकर**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
धार्मिक–सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Cry They May... Cheetah Is Back In India**

India had always been a land of cheetahs, till 70 years back this beautiful cat inhabited Indian jungles.

**Human Origins**

**Art And Design Bonanza**

Enhancing the art business ecosystem and breaking the age-old narrative of a starving artist.

# सचिन पायलट को ग्रीन सिग्नल मिला



*जैसा कि रेणु जी ने कहा हैं जो शब्दों में वर्णित नहीं हो सकता वह फोटो में अनायास ही जाहिर हो जाता है। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बेहद प्रफुल्लित नज़र आए सचिन पायलट।*

## सोनिया गांधी से एक घंटे की मीटिंग, जिसमें प्रियंका गांधी भी शरीक हुईं, के बाद यह निर्णय लिया गया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। और अन्ततोगत्वा सचिन पायलट! इस युवा नेता को अगले विधान सभा चुनाव, जो एक साल बाद होने हैं, में पार्टी का नेतृत्व करने की हरी झंडी मिल गई हैं। वे अशोक गहलोत की जगह लेंगे। अगर गहलोत ने इस्तीफा नही दिया तो उन्हे हटा दिया जाएगा।

- **प्रफुल्लित सचिन ने बैठक के बाद 10, जनपथ से बाहर निकलते हुए कहा, वे सबको साथ लेकर चलेंगे तथा उनका पूरा प्रयास होगा कि पार्टी अगले वर्ष होने वाले चुनाव में ''युनाइटेड फ्रंट'' पेश करे, जिससे कांग्रेस सरकार ''रिपीट'' हो।**
- **पर गहलोत अभी इस्तीफा देने के मूड में नहीं। उन्हें शायद अहसास नहीं हुआ है कि, उनका युग बीत गया है तथा एक के बाद एक विधायक सचिन का दरवाजा खटखटा रहे हैं और दोहरा रहे हैं कि, उन्हें गुमराह किया गया व गलत जानकारियां दी गयी थीं।**

देर शाम सचिन पायलट की सोनिया गांधी से एक घंटे मुलाकात हुई उसके बाद यह फायनल हो गया था। इस जनपथ पर हुई इस मुलाकात के दौरान प्रियंका भी मौजूद थी।

मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने मीडिया से कहा कि उनकी कोशिश होगी कि सभी को साथ लेकर चले और अगले चुनाव के पार्टी एक जुट होकर मैदान में उतरे।

उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को हराकर कांग्रेस को जिताना हैं।

गहलोत युग खत्म हो रहा है क्योंकि अधिक से अधिक विधायक सचिन पायलट से संपर्क साध रहे हैं और बता रहे हैं कि उन्हे बहकाया गया था गलत जानकारी दी गई थी।

अशोक गहलोत अभी भी इस्तीफा देने और अपने युवा प्रतिद्वंदीको को मुख्यमंत्री का पद देने के मूड में नहीं लगते है।

वे पूरी कोशिश कर रहे है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहे पर उन्हे यह अहसास भी नही है कि उनका ना केवल पूरा बेड़ा डूब गया बल्कि पुल भी टुट गए हैं।

सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद प्रफुल्लित सचिन पायलट की तस्वीर, जो यहां प्रदर्शित है, अपने आप में बहुत कुछ कहती है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है।

## एडवाइज़री

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान में अपनी पार्टी के नेताओं को सलाह दी है कि वे पार्टी के आंतरिक मसलों के संदर्भ में और अन्य नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी से दूर रहें।

- **अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने एडवाइज़री जारी कर कहा कि, अगर नेताओं के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी की गई तो कार्यवाही होगी।**

पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक एडवाइज़री जारी कर कहा है कि इस परामर्श का यदि किसी भी तरह से उल्लंघन किया गया तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के प्रावधानों के अन्तर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

(K.C. Venugopal)

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता का खामियाजा शिव कुमार को झेलना पड़ रहा है

## शुक्रवार को यात्रा कर्नाटक में प्रवेश कर रही है, उधर राज्य के पी.सी.सी. अध्यक्ष शिव कुमार की सम्पत्ति की लिस्टें तैयार कर, कागजात इकट्ठे किये हैं सी.बी.आई. ने

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी ''भारत जोड़ो यात्रा'' के कर्नाटक-प्रवेश के साथ ही, दक्षिण भारत में भाजपा बनाम कांग्रेस लड़ाई बढ़ती जा रही है। यात्रा के दौरान, यह पहला भाजपा-शासित राज्य है, जहाँ से राहुल अब तक की इस सबसे लम्बी-3500 किमी की पद यात्रा के साथ गुजरेंगे। राहुल गांधी एक बार में ही कन्याकुमारी से कश्मीर तक की, अब तक की सबसे लम्बी, पद यात्रा का नेतृत्व करने वाले पहले नेता है।

- **राहुल गांधी की यात्रा को दक्षिण भारत में अच्छा ''रैस्पाँस'' मिलने की तो शुरू से आशा थी, पर अब यात्रा का संघर्षमय अध्याय शुरू हुआ है, जब यात्रा कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व यू.पी. के कुछ इलाकों से गुजरेगी।**
- **भाजपा शासित प्रदेशों में संघर्ष की स्थिति बनेगी, यात्रा में भाग ले रही जनता व प्रशासन में। इसका अहसास कर्नाटक में राहुल के पोस्टर, बैनर फाड़ने व राहुल गांधी विरोधी नारों के हल्ले से हो गया था।**

चामराजनगर कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के प्रवेश की पूर्व संध्या पर, केन्द्रीय जाँच एजेंसी, सी.बी.आई. उन सम्पत्तियों की छान-बीन में जुट गई है, जो के.पी.सी.सी.अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार की बताई जाती हैं।

यहाँ यह बताना सभी चीन होगा कि दस दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने कथित भ्रष्टाचार के केसों के सिलसिले में शिवकुमार से लम्बी पूछताछ की थी। जमीनी स्थिति की जानकारी के अनुसार, चामराजनगर नगर में कुछ समाजकंटकों ने राहुल गांधीय के पोस्टर फाड़ दिये। ये घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि जब यह यात्रा भाजपा-शासित राज्यों से गुजरेगी, यात्रा का पाला ऐसी उपद्रवी स्थितियों से पड़ता रहेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे ने कहा कि ''पोस्टर फाड़ना तथा ''राहुल वापस जाओ'' अभियान की आजमाइश न तो ''40 प्रतिशत सरकार'' के कुप्रशासन को छिपा सकेंगे तथा न हमें डरा पायेंगे। ये लोग जो चाहें, करें लेकिन भारत जोड़ो यात्रा सफल होकर रहेगी।''

अब तक, राहुल गांधी की पदयात्रा को मिलने वाली सकारात्मक प्रतिक्रिया, कांग्रेस की अपेक्षाओं से काफी अधिक है तथा उसे उस समय आम जनता का ढ़ेर सारा स्वप्रेरित तथा सतत समर्थन एवं सहयोग मिलता आ रहा है, जब मुस्कराते हुये राहुल गांधी जन-सैलाब के बीच से गुजरते हैं तथा समय समय पर उनके साथ वार्तालाप भी करते चलते हैं। दक्षिण भारत, जहाँ कर्नाटक के अलावा, कहीं भी भाजपा अस्तित्व में नहीं हैं, में इस प्रकार की प्रतिक्रिया कभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सी.एल.पी. की एक और बैठक?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। कांग्रेस विधायकों द्वारा गत रविवार को आयोजित मीटिंग का बहिष्कार कर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने से रोकने के लिए सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने की धमकी से उपजे विवाद पर पर्दा डालने और कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी की पावर सुनिश्चित करने को लेकर पार्टी जयपुर में कांग्रेस लेजिस्लेचर पार्टी (सी.एल.पी.) एक अन्य मीटिंग आयोजित करवा सकती है।

- **सूत्रों के हवाले से पता चला है कि, राजस्थान में कांग्रेस पर सोनिया गांधी की सत्ता साबित करने के लिए पार्टी कांग्रेस विधायक दल की एक और बैठक बुला सकती है, जिसमें एक लाइन का प्रस्ताव पारित करके सोनिया गांधी को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया जाएगा।**

इस मीटिंग के लिए फिर से पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे और विधायकों से एक लाइन का प्रस्ताव लिया जाएगा कि अगले मुख्यमंत्री के बारे में निर्णय लेने के लिए सोनिया गांधी को अधिकृत किया जाता है। गहलोत ने इस प्रकार की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ऊंट के ऊपर अब पहाड़ ही गिर गया है'

## सोनिया गांधी से सार्वजनिक माफी मांगी गहलोत ने तथा कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव न लड़ने की घोषणा की

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। ऊंट के ऊपर अब पहाड़ गिर गया है।

अशोक गहलोत ने जयपुर में हुए तमाशे के लिए आज सोनिया गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और जयपुर में हुए घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर घोषणा की कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

एक गया, एक जाने की तैयारी में: कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि सोनिया गांधी अगले दो दिन में यह निर्णय लेंगी कि राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। उम्मीद है कि अध्यक्ष पद चुनाव का नामांकन पत्र भरने की कल की अंतिम तिथि के बाद, परिदृश्य जयपुर शिफ्ट हो जाएगा, जहां सी.एल.पी. की मीटिंग आयोजित होने जा रही है। इसमें पार्टी के केन्द्रीय पर्यवेक्षक विधायकों से बात करेंगे और बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया जाएगा कि अगले मुख्यमंत्री के चयन का काम सोनिया गांधी पर छोड़ा जाता है।

- **वेणुगोपाल ने कहा, दो दिन में सोनिया गांधी निर्णय लेंगी, कौन बनेगा राजस्थान का मु.मंत्री।**
- **गुरूवार की सुबह तक गहलोत का कोई ''अपॉइन्टमैंट'' तय नहीं हुआ था सोनिया गांधी से। मुकुल वासनिक, जिनके गहलोत से अच्छे संबंध हैं, को गहलोत से मिलने भेजा गया तथा वासनिक ने राय दी कि, कोई और विकल्प नहीं है उनके सामने, अपना इस्तीफा दें मु.मंत्री पद से तथा पायलट का नाम स्वयं प्रस्तावित करें नये मु.मंत्री के रूप में।**
- **गहलोत ने वासनिक की राय ठुकरा दी, पर सोनिया गांधी से मिलने की इच्छा जाहिर की।**
- **सोनिया गांधी ने मिलने से इंकार कर दिया, पर ए.के. एंटनी के जोर देने पर मिलने के लिये सहमति दी।**
- **सोनिया गांधी से किसी तरह का भी आश्वासन न मिलने पर, प्रेस से बात करके गहलोत जोधपुर हाऊस लौटे और शांति धारीवाल व महेश जोशी को दिल्ली बुलाया। पर, रास्ते मे महेश जोशी को संदेश मिला कि, वे मुख्य सचेतक के पद से इस्तीफा दें। अतः जोशी वापस आधे रास्ते से जयपुर लौटे।**
- **गहलोत व हाई कमान के बीच खाई इतनी बड़ी हो गयी है कि, हाई कमान ''रिस्क'' नहीं उठाया चाहता कि, मुख्य सचेतक समय से विधायक दल की बैठक आहूत करेंगे या नहीं, अतःउनसे त्याग पत्र लिया गया। वैसे भी विधायकों को गुमराह करने के आरोप में महेश जोशी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की तलवार लटक रही है।**

अशोक गहलोत के गत देर रात्रि दिल्ली आने के बाद वास्तव में आज सुबह क्या हुआ। सोनिया गांधी से मिलने का उनका कोई अपॉइन्टमैंट नहीं था। अशोक गहलोत के साथ अच्छे संबंध रखने वाले मुकुल वासनिक को सोनिया गांधी द्वारा गहलोत के पास भेजा गया। संदेश एकदम स्पष्ट था: मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दो और अगले सी.एल.पी. नेता के रूप में सचिन पायलट का नाम प्रस्तावित करो।

सूत्रों ने बताया कि गहलोत ने इससे इंकार किया, लेकिन जो भी कुछ हुआ, उसे स्पष्ट करने के लिए सोनिया गांधी से मुलाकात करने की इच्छा प्रकट की। वह सोनिया को कुछ कहना चाहते थे, और साथ ही अपनी माफी को उन्होंने लिखित में उन्हें सौंपा।

सूत्रों ने बताया कि जब सोनिया गांधी ने गहलोत से मिलने से इंकार कर दिया तब वह ए.के. एंटनी ही थे, जिन्होंने बीच में हस्तक्षेप किया और सोनिया से कहा कि वे कम से कम उनकी बात तो सुने।

गहलोत बोले, सोनिया ने सुना, लेकिन बेहद व्यथित एवं आहत सोनिया गांधी ने गहलोत को कोई आश्वासन नहीं दिया।

गहलोत से कहा गया कि वह 10 जनपथ के बाहर प्रतीक्षा कर रहे मीडिया को बताएं कि वह कांग्रेस अध्यक्ष पद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग से गैंगरेप

किशनगढ़ बास, 29 सितम्बर (निसं)। क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने गुरूवार को परिजनों के साथ पुलिस थाने पहुंचकर 8 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

- **नाबालिग ने 8 लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि, इन लोगों ने अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।**

पुलिस के अनुसार एक नाबालिग ने रिपोर्ट दी है जिसमें बताया कि 31 दिसंबर 2021 को फोन आया था जिसमें बताया कि, ''तेरी हमारे पास फोटो है अगर नहीं आई तो तेरा फोटो हम वायरल कर देंगे जिसके डर के कारण मैं वहां गई तो वहां 8 लड़के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विधायक दल की समानान्तर बैठक बुलाने की गलती का एहसास तो तभी हो गया था, जब माकन गहलोत से मिले बिना ही रवाना हो गए थे जयपुर से

## इसके अलावा, गहलोत खेमे के नेताओं का माकन पर उंगली उठाना भी आलाकमान की नाराजगी बढ़ाने वाला कदम साबित हुआ

जयपुर, 29 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद में एक खेमे के नेता लगातार प्रभारी अजय माकन और सचिन पायलट खेमे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इस बयान बाजी को देखते हुए कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी वेणुगोपाल ने एडवाइजरी जारी करते हुए सभी नेताओं को चेतावनी दी है कि पार्टी के आंतरिक मामलों को लेकर किसी ने भी बयानबाजी की या किसी नेता विशेष को लेकर बयानबाजी की, तो अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

दूसरी ओर बदले हुए राजनीतिक घटनाक्रम के बाद जहां अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांगी है, वहीं गुरुवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को मिलने के लिए बुलाया। इस मुलाकात के दौरान संगठन महासचिव के.सी वेणुगोपाल भी 10 जनपथ पर मौजूद रहे।

दरअसल राजस्थान में हुए घटनाक्रम के दिन तय हो गया था कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमा गलती कर गया है। हालांकि इसके बावजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को बचाने के लिए प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी और शांति धारीवाल बयान देते रहे, लेकिन जिस तरह से पूरा वाकया हुआ, उसकी रिपोर्ट प्रभारी महासचिव अजय माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को दी। उसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सीधा हाथ तो नहीं बताया, लेकिन उनकी सहमति कहीं ना कहीं नजर जरूर आ रही थी, क्योंकि शांति धारीवाल राजस्थान के इतने बड़े नेता नहीं है, जिनके कहने से इतनी बड़ी संख्या में विधायक उनके निवास पर आ जाएं। यही कारण रहा कि माकन की रिपोर्ट पर दोनों मंत्रियों शांति धारीवाल और महेश जोशी के साथ ही समानांतर बैठक में सभी व्यवस्थाएं करने वाले आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

- **माकन ने ना सिर्फ समानान्तर विधायक दल की बैठक की घटना के बारे में आलाकमान को पल-पल की जानकारी दी, बल्कि इससे पहले डेढ़ साल के दौरान घटे घटनाक्रमों से भी अवगत कराया।**
- **अब आलाकमान ने वेणुगोपाल की एडवाइज़री के मार्फत उन सब नेताओं को चेतावनी दी है कि, यदि सार्वजनिक बयानबाजी हुई, तो कार्यवाही के लिए भी तैयार रहें।**

इन नोटिसों के बाद कहा जा रहा था कि मामला 10 दिन के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, लेकिन आलाकमान विधायक दल की समानांतर बैठक बुलाए जाने को लेकर बिल्कुल भी सहज नहीं था और खुद को मिली चुनौती को लेकर उसने नाराजगी जता दी थी। आलाकमान के रुख का पता 26 सितंबर को सुबह उस समय चल गया था, जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रभारी महासचिव अजय माकन से मिलने होटल पहुंचे थे, लेकिन माकन गहलोत के वहां पहुंचने के बावजूद उनसे बिना मिले ही एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। उसी समय एहसास हो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एयरबैग

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। कारों में 6 एयरबैग के नियम की वजह से परेशान कई ऑटोमोबाइल कंपनियों को राहत मिल गई है।

दरअसल, 6 एयरबैग का नियम 1 अक्टूबर से लागू होने वाला था, लेकिन अब इसके एक साल आगे बढ़ा दिया गया है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पैसेंजर्स कारों में अनिवार्य 6 एयरबैग्स के अगले एक साल के लिए टाल दिया गया है। अब ये नियम 1 अक्टूबर, 2023 से लागू किया जाएगा।

- **कारों में 6 एयरबैग अनिवार्य करने का प्रस्ताव फिलहाल टाला सरकार ने।**


गडकरी ने ग्लोबल सप्लाई-चेन में आ रही बाधाओं के चलते 6 एयरबैग नियम को एक्सटेंड किया है। उन्होंने इस ट्वीट के साथ एक अन्य ट्वीट को जोड़ते हुए कहा, ''ऑटो इंडस्ट्री को ग्लोबल सप्लाई-चेन में आ रही बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

# आजीवन हैल्थ कार्ड जारी करवाने के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स से आजीवन हैल्थ कार्ड जारी करवाने के नाम पर करोड़ों रूपए की ठगी के खेल का विधाधर नगर पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल सीजीएचएस विभाग के एलडीसी और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। बदमाश अब तक 146 लोगों को ठग चुके हैं, यह गोरखधंधा पिछले कई सालों से चला रहे थे। अब पुलिस सीजीएचएस विभाग में कार्यरत अन्य अफसरों व कार्मिकों की भूमिका जांचने में जुटी है।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया गिरफ्तार आरोपित शम्भू (26) हरियाणा के रोहतक में गांव जिन्दाराण का रहने वाला है, जो कि सीजीएचएस विभाग कार्यालय में कनिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात है। जबकि इसके साथी प्रदीप कुमार (26) निवासी जेपी कॉलोनी, शास्त्री नगर को भी गिरफ्तार किया है। इस गबन के संबंध में मीता भसीन अतिरिक्त निदेशक केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना कार्यालय ने 20 सितम्बर को थाने में मामला दर्ज करवाया था।



विद्याधर नगर पुलिस ने ठगी के आरोपी सीजीएचएस विभाग के एलडीसी और उसके साथी को गिरफ्तार किया।

विद्याधर नगर एसएचओ वीरेंद्र कुरील ने बताया गिरफ्तार एलडीसी शम्भू सीजीएचएस हैल्थ कार्ड शीट पर कार्य करता था। उसका कार्य आवेदकों से हैल्थ कार्ड जारी करवाने के दस्तावेज प्राप्त कर उन कागजातों को सत्यापन के लिए संबंधित के पास भेजता था। सत्यापन के बाद हैल्थ कार्ड का डाटा अपडेट कर प्रोविजनल हैल्थ कार्ड जारी कर आवेदकों को देता था। शम्भू पूर्ण राशि की कूटरचित रसीद जारी कर प्रोविजनल हैल्थ कार्ड बना आवेदकों को दे देता था और जो नकद लेन-देन के रूपए आते थे, उन्हें अपने साथी प्रदीप कुमार जो बाहर एक डेयरी पर बैठकर सीजीएचएस कार्ड के लिए भारत कोष में राशि प्राइवेट रूप से जमा कराता था और उसी माध्यम से राशि लेता था। आरोपित कई वर्षों से धोखाधड़ी का यह खेल चला रहे थे और अब तक 146 लोगों से ऐसे ही धोखाधड़ी कर करोडों रूपयों का गबन कर चुके है। हैल्थ कार्ड जारी के लिए चार लेवर है, जिसके तहत आजीवन कार्ड जारी करवाने के लिए 30 हजार, 54 हजार, 78 हजार और 1.20 लाख रुपए भारतकोष में जमा करवाने होते थे। वार्षिक हेल्थ कार्ड के लिए 10 प्रतिशत रकम जमा करवानी होती है। उक्त कार्ड जारी करवाने के लिए आवेदको को ऑनलाइन रकम भारतकोष में जमा करवानी होती है। आरोपी शम्भु हेल्थ कार्ड जारी करवाने वाले आदेवकों से संपर्क कर भारतकोष में जमा करवाने वाली रकम अपने बैंक अकाउंट और केश लेने लग गया। प्रदीप के जरिए रकम लेकर भारतकोष में जमा करवाकर आजीवन रकम जमा की फर्जी रसीद जारी कर देता। विभाग की ओर से कार्ड ब्लॉक कर दिया जाता। इलाज आदि में परेशान होने पर लोगों ने शिकायत की।

- **सीजीएचएस विभाग के एलडीसी और उसके साथी ने की 146 लोगों से धोखाधड़ी**
- **पिछले कई सालों से गोरखधंधा चला रहे थे दोनों आरोपी, अब पुलिस के हत्थे चढ़े**

# अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री पद की कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते : राठौड़

## ‘गहलोत का कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव से इंकार यही दर्शाता है’

**जयपुर**। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान सोनिया गांधी के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दिये वक्तव्य से राजस्थान में राजनीतिक अस्थिरता का भयंकर दौर और प्रारंभ हो गया है। संवैधानिक पद पर बैठे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सोनिया गांधी से माफी मांगना उनकी अक्षमता को प्रदर्शित कर रहा है।

राठौड़ ने कहा कि सोनिया गांधी व अशोक गहलोत की मुलाकात के बाद सियासी संकट के दौर से गुजर रहे राजस्थान के ऊपर संकट के बादल छंटने की बजाय और ज्यादा गहरा गये हैं। आलाकमान को कांग्रेस के ज्यादातर विधायकों ने पहले ही इस्तीफा देकर ललकार रखा है, ऐसी परिस्थिति में निश्चित तौर पर कांग्रेस विघटन की ओर जा रही है। राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत का कांग्रेस अध्यक्ष पद पर चुनाव से इंकार करना यह दर्शाता है कि वह मुख्यमंत्री पद की कुर्सी को छोड़ना नहीं चाहते हैं। मुख्यमंत्री पद का निर्णय सोनिया गांधी पर छोड़ने की बात कहकर अशोक गहलोत जनता को भ्रमित करना चाहते हैं जिसमें वह सफल नहीं होंगे क्योंकि जनता उनकी मुख्यमंत्री पद के प्रति लालसा व मंशा को भली-भांति समझ चुकी है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद को कांग्रेस का वफादार सिपाही बताते हुए प्रस्ताव पारित नहीं कराने की नैतिक जिम्मेदारी लेने का बयान देकर एक तरह से पूरे घटनाक्रम से पल्ला तो झाड़ लिया है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि अब एक बार फिर राजस्थान में आलाकमान के भेजे दूत के प्रस्ताव को वो पास करवाएंगे या फिर एक बार फिर से उन्हें अपने कारिंदों के द्वारा बेइज्जत करके वापिस भेजेंगे।

राठौड़ ने कहा कि दुर्भाग्य है कि इस्तीफा देने वाले मंत्री अभी भी तबादला उद्योग में लिप्त होकर दनादन स्थानांतरण सूचियों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि कुर्सी के मोह में उलझी कांग्रेस सरकार में अंतर्कलह इस कदर चरम पर है कि कांग्रेस नेता जनता को भगवान भरोसे छोड़कर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त है।

- **‘अशोक गहलोत का सोनिया गांधी से माफी मांगना उनकी अक्षमता को प्रदर्शित कर रहा है’**

# प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई प्रवेश नहीं देने पर शिक्षा सचिव तलब

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेशों के बावजूद प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश नहीं देने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने शिक्षा सचिव को बीस अक्टूबर को तलब करते हुए उन्हें अवमानना के नोटिस जारी किए हैं। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस वीके भारवानी की खंडपीठ ने आदेश अभ्युथानम सोसायटी व अन्य की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से रिकॉल प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं को राज्य सरकार की ओर से मान्यता नहीं दी गई है। वहीं खंडपीठ ने अंतरिम रूप से प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश के आदेश दिए हैं। यह आदेश फाइनल आदेश की प्रकृति का है। ऐसे में इस आदेश को वापस लिया जाए। इस पर अदालत ने प्रार्थना पत्र खारिज करते हुए कहा कि कोर्ट ने दो बार अंतरिम आदेश देते हुए प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश देने को कहा था और सुप्रीम कोर्ट भी उनकी याचिका खारिज कर चुका है। ऐसे में पालना की बजाए राज्य सरकार रिकॉल प्रार्थना पत्र पेश कर रही है। यह अवमानना का मामला है, इसलिए शिक्षा सचिव मामले में स्पष्टीकरण दें। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने 23 अक्टूबर 2021 और 23 मई 2022 को अंतरिम आदेश देते हुए प्री-प्राइमरी कक्षाओं में आरटीई के तहत प्रवेश देने को कहा था।

## ‘चार सप्ताह में करें निस्तारण’

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने लैब असिस्टेंट भर्ती-2018 में अभ्यर्थियों के अनुभव की सही गणना नहीं करने और अवकाश के दिनों को अनुभव में शामिल नहीं करने से जुडे मामले में चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए हैं। अदालत ने विभाग को कहा है कि वह इस संबंध में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश आपत्तियों का चार सप्ताह में निस्तारण करे। वहीं भर्ती में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करें। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश राजेश सिंह व अन्य की 125 याचिकाओं का निस्तारण करते हुए दिए।

# आरसीए के चुनाव पर हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

## जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दौसा जिला क्रिकेट संघ सहित अन्य जिला संघों की याचिका पर दिया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के शुक्रवार को होने वाले चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने मामले की सुनवाई तीस सितंबर को जारी रखने के आदेश देते हुए कहा है कि शुक्रवार को होने वाले चुनाव पर आगामी आदेश तक रोक रहेगी। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दौसा जिला क्रिकेट संघ सहित अन्य जिला संघों की याचिका पर दिए। याचिका में आरसीए चुनाव करवाने के लिए राज्य के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे रिटायर आईएएस रामलुभाया की मुख्य चुनाव अधिकारी के तौर पर की गई नियुक्ति को चुनौती दी गई है। जिला संघों का कहना है कि रामलुभाया के मुख्य चुनाव अधिकारी रहने के चलते आरसीए चुनाव में राजनीतिक दखल रहेगा और चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने पूर्व आईएएस रामलुभाया को गत 13 मार्च को प्रदेश के जिलों के लिए बनाई गई हाई पावर समिति का चेयरमैन बनाया है। इस कमेटी का सीधा नियंत्रण मुख्यमंत्री के पास है। वहीं गत आठ सितंबर को रामलुभाया को आरसीए के चुनाव करवाने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है। सीएम के बेटे वैभव गहलोत आरसीए के मौजूदा अध्यक्ष हैं और आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भी हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने आरसीए के मौजूदा अध्यक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए कई जिला संघों की मतदाता सूची से छेड़खानी की है और अवैध तरीके से मतदाता सूचियां बनाई हैं। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने उनके चुनाव अधिकारी बनाए जाने पर उनके समक्ष आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन उन्होंने आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया। ऐसे में याचिका के निस्तारण तक आरसीए चुनाव पर रोक लगाई जानी चाहिए। इसके विरोध में आरसीए की ओर से कहा गया कि वैभव गहलोत मुख्यमंत्री के बेटे होने के साथ-साथ अपना अलग व्यक्तित्व भी रखते हैं और उनकी अपनी अलग पहचान है। केवल सीएम की संतान होने की वजह से उन पर आरोप लगाया जाना गलत है। आरसीए की ओर से कहा गया कि बीसीसीआई के सचिव पद पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह भी हैं, तो क्या उन्हें भी बीसीसीआई का सचिव बनाने के लिए राजनीतिक दखल दिया गया है? ऐसे आरोप तो बीसीसीआई पर भी लग सकते हैं। इसलिए केवल सीएम का पुत्र होने की वजह से राजनीतिक दखल का आरोप लगाते हुए दायर याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने चुनाव पर अंतरिम रोक लगाते हुए मामले की सुनवाई शुक्रवार को तय की है।

वहीं दौसा क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने न्यायालय को बताया कि आरसीए में चुनाव हेतु रामलुभाया पूर्व आईएएस को चुनाव संपन्न कराने हेतु चुनाव अधिकारी नियुक्त किया, यह चुनाव अधिकारी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य नहीं कर रहे थे। चुनाव अधिकारी ने आरसीए की वोटर लिस्ट में अधिकृत दौसा जिला क्रिकेट संघ से सचिव बृजकिशोर उपाध्याय का नाम हटा दिया।

जबकि उपाध्याय ने आरसीए के 2017 के चुनाव में वोट डाला था और आरसीए के चुनाव में संयुक्त सचिव पद पर चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में जो भी ऑबजेक्शन आए थे, तत्कालीन चुनाव अधिकारी ने उन ऑबजेक्शनों का निराकरण करते हुए दौसा जिला क्रिकेट संघ से सचिव बृजकिशोर उपाध्याय को अधिकृत माना था और फाइनल वोटरलिस्ट में नाम फाईनल किया था। उसके बाद से आज तक कोई भी न्यायालय या सक्षम अधिकारी का कोई ऑर्डर उपाध्याय के खिलाफ नहीं था। जिससे कि आरसीए के चुनाव 2022 की वोटरलिस्ट से दौसा जिला क्रिकेट संघ से बृजकिशोर उपाध्याय सचिव का नाम हटाया जा सके। चुनाव अकिारी ने द्वेषतापूर्ण और आरसीए के दबाव में चुनाव 2022 की वोटरलिस्ट से उपाध्याय का नाम हटाया।

- **इसके विरोध में आरसीए की ओर से कहा गया कि वैभव गहलोत मुख्यमंत्री के बेटे होने के साथ-साथ अपना अलग व्यक्तित्व भी रखते हैं और उनकी अपनी अलग पहचान है। केवल सीएम की संतान होने की वजह से उन पर आरोप लगाया जाना गलत है**

# खान निदेशक की कुर्सी पर अब जूनियर अफसरों को बिठाने की तैयारी?

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । उदयपुर के खान निदेशक के.बी.पांड्या (आईएएस) शुक्रवार को सेवानिवृत होंगे। उनका चार्ज किसी आईएएस अफसर को देने के बजाय अब खनन विभाग के जूनियर अफसरों को सौंपने की तैयारी चल रही है। इस कुर्सी को लेकर विभागीय अफसरों और आईएएस के बीच खींचतान भी चल रही है।

सूत्रों की मानें तो प्रदेश के खनन क्षेत्रों में लगातार घोटाले उजागर होने के बाद पिछले 4-5 सालों से उदयपुर के खनन निदेशक के पद पर आईएएस अधिकारियों को ही लगाया जा रहा है। वर्तमान में कुंजबिहारी पांड्या इस पर पद अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शुक्रवार को उनकी सेवानिवृति है, ऐसे में अब खनन विभाग के जूनियर अफसर अपनी सांठगांठ लगाकर हर हाल में इस कुर्सी को पाने की कोशिशों में जुए है।

खनन विभाग के सूत्रों के मुताबिक उदयपुर खनन निदेशक की कुर्सी पर उन जूनियर अफसरों को बिठाने की तैयारी चल रही है, जो कि दागी भी और हाल ही में पदोन्नत हुए है। जबकि सीनियर अफसरों के अनुभव को दरकिनार करके उन्हें एपीओ (आदेशों की प्रतीक्षा में) बैठा रखा है। यह वरिष्ठ अधिकारी इस बात का दंश झेल रहे हैं, क्योंकि इन्होंने करीब 8 से 10 हजार करोड़ रुपये के खनन घोटाले उजागर करके राज्य सरकार को राजस्व का चूना लगने से बचाया। अब जैसे ही खनन निदेशक के पद पर आईएएस अधिकारी के बजाय जूनियर विभागीय अफसरों को चार्ज सौंपने की बात चली तो सीनियर अफसरों में इसे लेकर नाराजगी उभर आई है। हालांकि कोई खुलकर तो नहीं बोल रहा है, लेकिन इनका कहना है कि खनन निदेशक के जिम्मेदार पद पर या तो सीनियर अफसरों को मौका मिले, अन्यथा आईएएस अफसरों को ही इस पर लगाया जाये। जूनियर और दागी अफसरों के नीचे कोई भी वरिष्ठ अधिकारी काम नहीं करेगा।

- **फिलहाल आईएएस के.बी.पांड्या के पास है जिम्मेदारी, लेकिन आज सेवानिवृति के बाद रिक्त हो जायेगा पद**
- **सूत्रों की मानें तो फिलहाल कई वरिष्ठ खनन अफसर इसलिए एपीओ बैठे हैं, क्योंकि उन्होंने प्रदेश में 8-10 हजार करोड़ रुपये के घोटाले उजाकर करके सरकार को राजस्व का नुकसान होने से बचाया**

## रोडवेज कर्मियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम प्रबन्धन द्वारा राज्य सरकार कर्मचारियों के अनुरूप रोड़वेज कर्मचारियों व अधिकारियों एवं पैंशनर्स के महंगाई भत्ते मे 4 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

रोडवेज मुख्यालय से आज जारी आदेशानुसार रोडवेज कर्मचारियों व अधिकारियों एवं पैंशनर्स के 4 प्रतिशत वृद्धि हो जाने पर 34 प्रतिशत से बढ़कर 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता हो गया है। रोडवेज कर्मचारियों को बढे हुये महंगाई भत्ते का लाभ 1 जुलाई, 2022 से देय होगा। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों का भी महंगाई भत्ता बढ़ाया था।

# इंटेलिजेंस ने कलेक्टर और एसपी को अलर्ट किया

**जयपुर** (कासं)। केन्द्र सरकार द्वारा पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर बैन के बाद राज्य सरकार ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस ने राज्य के कलेक्टर-एसपी को सतर्क रहने और उपद्रव की आशंका लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

सूत्रों की मानें तो पीएफआई पर बैन करने के बाद एक रिपोर्ट राज्य सरकार को केन्द्र को देनी है। जिसमें जमीन और बिल्डिंग को लेकर बताना होगा कि ये जगह को किसने दी और कब से दी। संभवत: केन्द्र सरकार जमीन और बिल्डिंग को लेकर भी कोई कार्रवाई कर सकती है। निगम और नगर परिषद से इसकी जानकारी मांगी जा रही है।

इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को अवैध गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम के तहत, उसके सहयोगियों, मोर्चों को गैर कानूनी संघ घोषित करने के बाद अलर्ट जारी किया है। इसके बाद हमने सभी जिला कलेक्टर-एसपी को उपद्रव पर रोक लगाने के बारे में सतर्क रहने को कहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 22 सितंबर को जयपुर में पीएफआई के कार्यालय और कोटा व बारां जिलों में संगठन से जुड़े लोगों के आवास और ठिकानों की तलाशी ली थी। उसी दिन दो लोगों को गिरफ्तार भी किया था। जयपुर में मोतीडूंगरी रोड स्थित पीएफआई के दफ्तर में छापेमारी कर दस्तावेज व डिजिटल सबूत जब्त किए थे।

- **पीएफआई पर बैन से उपद्रव की होने की आशंका को लेकर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया है**
- **‘राज्य सरकार पीएफआई की बिल्डिंग और जमीन सर्च करके केन्द्र को रिपोर्ट सौंपेगी’**

## प्रो.छीपा ने राज्यपाल मिश्र से भेंट की

**जयपुर**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष एवं अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय,भोपाल के पूर्व कुलपति प्रो. मोहनलाल छीपा ने राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की तथा समिति द्वारा प्रकाशित पुस्तक पं दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या भी भेंट की। प्रो. छीपा ने राज्यपाल से धानक्या स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय के राष्ट्रीय स्मारक के प्रचार-प्रसार एवं विकास के संदर्भ में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती पर समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित करने और राष्ट्रीय स्मारक पर पुस्तक प्रकाशन पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# सरकारी अस्पतालों का कल से समय बदलेगा

**जयपुर**,(कासं)। प्रदेश में एक अक्टूबर से सभी सरकारी हॉस्पिटल व डिस्पेंसरी में मरीजों को देखने के समय में बदलाव किया जा रहा है। सर्दी सीजन की शुरुआत को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इस निर्णय के बाद एक अक्टूबर से अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह 8 के बजाए 9 बजे से होगा।

एसएमएस अस्पताल में 1 अक्टूबर से कार्य दिवस पर ओपीडी में मरीजों को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक डॉक्टर देखेंगे। जबकि सरकारी छुट्टी और रविवार के दिन ओपीडी का समय सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा। एसएमएस मेडिकल कॉलेज से संबंद्व अस्पताल जेके लोन, सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय, जनाना, गणगौरी और कावंटिया अस्पताल में भी यही समय रहेगा। यह समय अगले साल 31 मार्च तक रहेगा। इसके अलावा जिला अस्पताल, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और प्राइमरी हेल्थ सेंटर में भी चिकित्सा विभाग ने ओपीडी के समय में बदलाव करते हुए आउटडोर एकल पारी में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक संचालित करने का निर्णय किया है।

- **ओपीडी में सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक देखेंगे डॉक्टर**
- **छुट्टी के दिन 2 घंटे की रहेगी ओपीडी**


**खोया पाया**

मेरे प्लॉट जो सनसिटी प्रोजेक्ट, कूकस जयपुर स्थित है उसकी मूल रसीद नं. 0649, Application No. SUN/KUK/0283 Priority No. 0283, दिनांक 28.12.2012 कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें- हरीश मोतियानी, 457, आदर्श नगर, जयपुर, मोबाईल 9001490083

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम नितेश सैनी से बदलकर दिशान्त सैनी (Deeshant Saini) पुत्र श्री राधा मोहन सैनी रख लिया है भविष्य में मुझे दिशान्त सैनी के नाम से जाना पहचाना जावे। पता- A-68, न्यू सांगानेर रोड, राधाविहार श्याम नगर, सोडाला, जयपुर


## संस्कृत विवि.में प्रवेश 30 तक

**जयपुर**। जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रो. सुधी राजीव के निर्देश से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थी 30 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी कुलसचिव डॉ. जेएन विजय ने दी।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# दूरदर्शन जयपुर में हिन्दी पखवाड़े का समापन

**जयपुर**, (का.सं.)। दूरदर्शन केन्द्र जयपुर में हिन्दी पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध कला समीक्षक एवं कवि डॉ. राजेश कुमार व्यास ने भाग लिया। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि हिंदी हमारी मौलिक अभिव्यक्ति की भाषा है जिसका सम्मान हम सभी को करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर रकहा कि सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है जो एक शुभ संकेत है। सांसद बोहरा ने दूरदर्शन केंद्र में हिन्दी के कामकाज की प्रशंसा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री हिन्दी को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण भागीदारी प्रयास कर रहे हैं।

इस अवसर पर केन्द्र के प्रांगण में सांसद जयपुर रामचरण बोहरा से वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिन्दी के विकास में लोक प्रसारण माध्यमों की भूमिका विषय पर हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध कवि एवं कला समीक्षक डॉ. राजेश कुमार व्यास ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।



दूरदर्शन केंद्र जयपुर के हिन्दी पखवाड़े के समापन पर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने पौधारोपण किया।

## आरजीएचएस योजना के लिए अतिरिक्त बजट

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधाओं के भुगतान हेतु 500 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी गई है। यह राशि आगामी अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर के लिए स्वीकृत की गई है।

राज्य सरकार द्वारा राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 1045 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया था। इस राशि का पूर्ण व्यय विभाग द्वारा किया जा चुका है। इसी क्रम में गहलोत द्वारा आरजीएचएस योजना के लिए आगामी तीन महीनों के लिए 500 करोड़ रूपए की वित्तीय मंजूरी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि आरजीएचएस योजना का मुख्य उद्देश्य राजकीय कार्मिकों एवं पेंशनधारियों को कैशलेस उपचार उपलब्ध कराना है।


**आम सूचना** दि. 30.09.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण जगदीश यादव पुत्र रामप्रताप यादव एवं श्रीमती छोटी देवी पत्नी जगदीश यादव निवासीगण फ्लेट नं. जी.एफ.-20 राजीव आवासीय योजना, कीरो की ढाणी, हाज्यावाला, तहसील सांगानेर, जयपुर (राज.) का पुत्र लेखराज यादव मेरे अभिभाष्यगण से अलग रहता है तथा उसका व्यवहार मेरे अभिभाष्यगण के प्रति ठीक नही है तथा वो गलत संगत मे है इसलिए मेरे अभिभाष्यगण ने अपने उक्त पुत्र लेखराज यादव को अपनी चल अचल सम्पत्ति व अपने जीवन से बेदखल कर दिया है अब मेरे अभिभाष्यगण का अपने उक्त पुत्र से किसी प्रकार का कोई लेना देना व रिश्ता नही है। मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र लेखराज यादव से कोई भी व्यक्ति ने किसी प्रकार का लेन देन व संव्यवहार किया है और करता है तो वह स्वंय जिम्मेदार व उत्तरदायी होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी। भवदीय

खेमचन्द सैनी (एडवोकेट) मो.नं. 9351717175

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

Email Id :dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/1762 दिनांक-29.09.22

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 11/13, मानसरोवर, जयपुर, क्षैत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री बी.के.मित्रा पुत्र श्री के.सी.मित्रा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 258 दिनांक 21.01.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 04.04.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2567 दिनांक 24.02.2004 के द्वारा श्री बी.के.मित्रा पुत्र श्री के.सी.मित्रा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 28.12.2004 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री बी.के.मित्रा की मृत्यु दिनांक 03.09.2022 को हो जाने के कारण इनका पुत्र श्री मोहित मित्रा पुत्र स्व. श्री बी.के.मित्रा ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री मोहित मित्रा पुत्र स्व.श्री बी.के.मित्रा के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री मोहित मित्रा पुत्र स्व.श्री बी.के.मित्रा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं.6223/22

विषयः-उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।

प्रार्थी-नाम परमजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह जाति... विवाद स्थान 5ट19, सेक्टर-5 शेर सिंह का चौराहा जवाहर नगर जयपुर मृतक सुरजीत सिंह पुत्र श्री शेर सिंह की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक 2.11.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम सुरजीत सिंह पुत्र शेर सिंह जाति सरदार निवासी 5ट19 सेक्टर- 5 शेरसिंह का चौराहा जवाहर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे। अतः उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 2 माह 11 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 19 माह 9 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम

# मुहाना में युवक पर फायरिंग करने वाले टीटू गैंग के बदमाश दबोचे

## पैसों के लेन-देन के विवाद में तीनों आरोपियों ने किया था हमला



मुहाना पुलिस ने युवक पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**जयपुर (कासं)।** मुहाना इलाके में बुकी का काम करने वाले युवक पर फायरिंग करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोचा है। बदमाश फायरिंग के बाद गाडियां बदल-बदलकर जयपुर से बाहर भाग गए थे और 5 राज्यों मे खुद की पहचान छिपाकर फरारी काटी थी।

गिरफ्तार तीनों बदमाश टीटू गैंग के सक्रिय अपराधी है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार लग्जरी कार और एक पॉवर बाइक जब्त की है।

- वारदात को अंजाम देकर जयपुर से गाड़ियां बदलकर भागे थे आरोपी
- आरोपी टीटू गैंग के सक्रिय सदस्य हैं, 5 राज्यों में खुद की पहचान छिपाकर फरारी काटी

डीसीपी (साउथ) योगेश गोयल ने बताया कि हत्या के प्रयास में आरोपी कमल सैनी उर्फ अरमान (27) पुत्र रामस्वरूप सैनी निवासी लालसोट दौसा हाल थड़ी मार्केट मानसरोवर, बृजेश पाल (26) पुत्र अजीत सिंह निवासी सुरोठ करौली हाल सेक्टर-10 प्रताप नगर और विरेन्द्र सिंह उर्फ बंटू (22) पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी भूसावर भरतपुर हाल एनआरआई कॉलोनी प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 4 लग्जरी कार और 1 पॉवर बाइक जब्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक राडूराम नगर मुहाना निवासी जयवर्धन अग्रवाल पर टीटू गैंग ने कातिलाना हमला किया था। गैंगस्टर टीटू उर्फ गौरव और जयवर्धन अग्रवाल दोनों ही अपराधिक किस्म के है। दोनों के बीच पैसों का लेन-देन का विवाद चल रहा है। 8 सितम्बर को जयवर्धन अपने दोस्त गजेन्द्र सिंह और प्रभु गुर्जर के साथ स्कोर्पियो से अपने घर जा रहा था। सुमेर नगर पत्रकार कॉलोनी में गैंगस्टर टीटू ने अपने साथियों के साथ मिलकर स्कोर्पियो को रोक लिया। दो-तीन गाड़ियों में आए टीटू सहित दर्जनभर बदमाश नीचे उतरे। सरिए-डंडे निकालकर जानलेवा हमला कर दिया। स्कोर्पियो में तोड़फोड़ कर तीनों के साथ मारपीट की। गजेन्द्र और प्रभु जान बचाकर भाग निकले। जयवर्धन को घेरकर बदमाशों ने सरिए-डंडे से पीटा। जयवर्धन को मारने के लिए फायर भी किए। लोगों के इकट्ठा होने पर हमलावर फरार हो गए।

पुलिस से बचने के लिए गैंग सरगना सहित सभी बदमाश जयपुर छोड़कर फरार हो गए। कई गाड़ियां बदल-बदल कर बदमाश जयपुर से बाहर भाग गए। जिसके बाद पहचान छिपाकर राजस्थान के जोधपुर, पाली व भीलवाड़ा, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड और गुजरात सहित अन्य स्थानों पर छिपते रहे। आरोपी अरमान उर्फ कमल सैनी पूर्व में मानव तस्करी मामले में मुहाना में गिरफ्तार हो चुका है। जिसकी प्रताड़ना से परेशान होकर एक महिला अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूद गई थी।

## पत्थर से कुचलकर श्वान की हत्या

**जयपुर ।** राजधानी के सिद्वार्थ नगर इलाके में कुत्ते की हत्या का मामला सामने आया है। एक युवक ने सो रहे कुत्ते की सिर पर भारी पत्थर से वार हत्या की गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

पुलिस ने बताया कि मामला जयपुर के एयरपोर्ट थाना इलाके का सिद्धार्थ नगर का 27 सितंबर का है। जगतपुरा रोड पर सिद्धार्थ नगर में एक जर्मन शेफर्ड ब्रीड का कुत्ता घूमता रहता था। उसका कोई मालिक नहीं था। करीब 4 साल से कुत्ता कॉलोनी में रह रहा था। 27 सितंबर शाम करीब 8 बजे कुत्ता सड़क के बीच में सो रहा था। तभी पड़ोसी रामचंद्र मीणा (46) आया। उसने एक पत्थर उठाकर सोते हुए कुत्ते के सिर पर फेंक दिया। कुत्ता तड़पता रहा। रामचंद्र उसे देखता रहा। कुत्ते की मौत होने तक आरोपी वही खड़ा रहा। नरेश मीणा की शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। नरेश ने एक्टिविस्ट मरियम को घटना की जानकारी दी। इस पर मरियम गुरुवार को अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट थाने पहुंची।

## नकबजन दबोचे

**जयपुर ।** शास्त्रीनगर पुलिस ने तीन नकबजनों को गिरफ्तार कर चोरी का माल खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित अफजल उर्फ़ टेबलेट (20) निवासी भट्टाबस्ती इसके साथी मोहम्मद शफी काजी (53) निवासी छापर चूरू और चोरी का माल खरीदने वाले सुनार आर नारायण सोनी (31) सुजानगढ़ (चूरू) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का एक साथी समीर उर्फ़ चांद विधाधर नगर थाने में रिमांड पर चल रहा है।

# दीपावली से पहले ग्रेटर निगम के हर वार्ड में 20-20 लाइटें लगेंगी

## विद्युत चेयरमैन सुखप्रीत बंसल की मांग को स्वीकारते हुए कार्यवाहक महापौर शील धाभाई ने मंजूरी दी



कार्यवाहक महापौर शील धाभाई और उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने ग्रेटर निगम के विद्युत विभाग की बैठक ली। समिति चेयरमैन सुखप्रीत बंसल और रश्मि सैनी भी यहां मौजूद रहीं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** दीपावली से पहले ग्रेटर निगम के सभी 150 पार्षदों को 20-20 नई लाइटें नगर निगम प्रशासन देगा। विद्युत चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने पिछले दिनों शहर में खराब पड़ी रोड-स्ट्रीट लाइट्स का मुद्दा उठाते हुए प्रत्येक पार्षद को दीपावली से पहले 50-50 लाइटें देने की मांग उठाई थी। इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कार्यवाहक महापौर शील धाभाई ने गुरूवार को मंजूरी दे दी है।

दरअसल शहर की बदत्तर सफाई व लाइट व्यवस्था को सुधारने पर चर्चा के लिए शील धाभाई ने बैठक बुलाई थी। जहां चेयरमैन सुखप्रीत बंसल ने एस्को और ईईएसएल कंपनी की खराब रोड लाइट्स और बदत्तर रखरखाव का मुद्दा उठाया।

- एस्को और ईईएसएल कंपनी से लाइट्स नहीं खरीदेगा निगम प्रशासन, कंपनी द्वारा किये गए कामों की एमएनआईटी से थर्ड पार्टी जांच होगी

जिस पर शील धाभाई ने साफ कहा कि नगर निगम प्रशासन अब दोनों कंपनियों से कोई लाइट्स नहीं खरीदेगा, सभी लाइटें निगम प्रशासन स्वयं खरीदेगा। साथ ही दोनों कंपनियों को अब तक जो भी भुगतान किया है और जो लाइट्स कंपनी ने लगाई हैं, उसकी थर्ड पार्टी जांच एमएनआईटी से करवायी जायेगी।

बैठक में सुखप्रीत बंसल ने प्रत्येक वार्ड में 50-50 लाइटें देने का प्रस्ताव रखा, जिस पर शील धाभाई ने 20-20 लाइटें प्रत्येक पार्षद को देने की मांग मानी।

इससे पहले सफाई व्यवस्था सुधारने के मुद्दे पर भी चेयरमैन अभय पुरोहित, रामस्वरूप मीणा और रामकिशोर प्रजापत और अफसरों की बैठक ली। सभी उपायुक्तों और सीएसआई को मेयर ने कहा कि शहर में दीपावली से पूर्व सफाई दुरूस्त करे। जो लापरवाही बरतेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# 'सीवीआई' राजस्थान में मरीजों की नई उम्मीद



**जयपुर ।** उमंग रिसोर्स सेंटर ने आज मानसरोवर में अपनी कॉर्टिकल/सेरेब्रल विजुअल इम्पैयरमेंट (सीवीआई) यूनिट का शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल माधवेंद्र सिंह और कौमुदी सिंह ने किया। इस अवसर पर सुधीर माथुर और प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। उमंग के विद्यार्थियों ने दीप प्रज्ज्वलन के दौरान मंत्रों का जाप किया। बाद में उन्होंने अपने पसंदीदा गानों पर डांस किया। यह राजस्थान में अपनी तरह की पहली यूनिट है और यह न केवल उमंग के बच्चों तक पहुंचेगी बल्कि जल्द ही दूसरे लोगों के लिए भी सुविधाएं प्रदान करेगी।

यूएसए में बोस्टन के पर्किन्स स्कूल फॉर द ब्लाइंड में प्रशिक्षित, उमंग की एक वरिष्ठ कर्मचारी, शेफाली कालरा, बच्चों और उनके परिवारों के लिए सीवीआई थेरेपिस्ट के रूप में कार्य करेंगी। सीवीआई एक मस्तिष्क से संबंधित विजुअल इम्पैयरमेंट है, जो मस्तिष्क के दृष्टि मार्ग के हिस्सों को नुकसान पहुंचने के कारण होता जिससे कि दिखाई देने में समस्या उत्पन्न होती है। दुर्भाग्य से, इस क्षेत्र के विशेषज्ञ बहुत कम उपलब्ध हैं। पहले हैदराबाद और चेन्नई से विशेषज्ञों को बुलाना पड़ता था। सीवीआई कई दृष्टि संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकता है, जिनके लिए इलाज, प्रशिक्षण और थैरेपी की आवश्यकता होती है। सेरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम, मिर्गी, हाइड्रोसिफ़लस, मल्टीपल डिसेबिलिटी आदि जैसे मस्तिष्क संबंधी समस्याओं से जूझ रहे बच्चों में सीवीआई का खतरा अधित होता है।

## जेकेलॉन में नवजात की देखरेख के नाम पर अवैध वसूली?

**जयपुर ।** एसएमएस थाना क्षेत्र स्थित जे.के.लोन अस्पताल में भर्ती नवजात के पिता से रकम मांगने का मामला सामने आया है। वहीं, उसे पुलिस केस ना करवाने की धमकी भी मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जांच-अधिकारी हैडकांस्टेबल राजेश ने बताया बांदीकुई निवासी बृज बिहारी शर्मा अलवर में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता है। करीब दस दिन पहले उसकी पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया था, जिसकी तबियत ख़राब होने पर 22 सितंबर को जे के लोन अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है 23 सितंबर को बृज बिहारी के पास एक महिला का कॉल आया, जिसने खुद को अस्पताल की कर्मचारी होना बता कर बच्चे की सही देखभाल के लिए तीन हजार रूपए फोन पे करने की मांग की। पीड़ित ने देने से मना कर दिया तो 25 सितंबर को वापिस उसे बच्चे की सेहत का हवाला देकर तीन हजार रूपए मांगे गए। पीड़ित ने तब भी देने से मना कर दिया। इसके अगले दिन एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने धमकी दी कि अगर पुलिस केस कराया तो बच्चे की सेहत के लिए अच्छा नहीं होगा। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई है।

# आंतरिक आनंद के प्रतीक है भगवान श्रीकृष्ण : दुबे

## मानसरोवर के वेदना निवारण में भागवत कथा में नंदोत्सव मनाया



**जयपुर ।** किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केंद्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद्भागवत भागवत कथा में गुरुवार को चतुर्थ दिन बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ कृष्ण जन्म पर नन्दोत्सव मनाया गया।

रंग-बिरंगे गुब्बारों, रंगीन लटकन, छतरियों और फूलों से सजे कथास्थल में जैसे ही कान्हा के जन्म की घोषणा हुई तो उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। जयकारों से कथा स्थल गूंजायमान हो उठा। व्यास पीठ से शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे पंडित श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण आंतरिक आनंद के प्रतीक हैं।

कृष्ण में प्रेम ही आकर्षण है। नंद बाबा श्रेष्ठ और सात्विक प्रेममयी महापुरुष हैं तो यशोदा वात्सल्य में रंगी हुई सुनारी हैं। आज परिवारों में आनंद कमी दिखाई दे रही है। परिवारों में आनंद की अधिकता हो, इसलिए आज कृष्ण जन्मोत्सव मनाए जाते है। नंदोत्सव के दौरान हरिप्रसाद चौधरी, सोमेश्वर तांडी, रुद्रगिरी, मनोज ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..., यशोदा मैया दे दो बधाई... जैसे बधाईगान और प्रज्ञागीत श्रवण कराकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। पलना में बाल स्वरूप की जीवंत झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। बधाई गान पर टॉफी खिलौने, बॉल की जमकर उछाल की। पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने नृत्य कर कान्हा जन्म की खुशियां मनाई। प्रारंभ में यजमानों ने यजमानों ने भागवत जी और वेदमाता का पूजन किया। पूजा-अर्चना करवा करके कथा का शुभारंभ किया।

गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा ने आजीवन पीड़ा पतन का निवारण किया। इसलिए वेदमाता गायत्री वेदनानिवारण केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भी लोगों का दुःख दर्द करना है। कोरोना काल में इस केंद्र के माध्यम घर-घर में निशुल्क भोजन पहुंचाया गया। पिछले रविवार को लम्पी ग्रसित गायों के लिए औषधि युक्त लड्डू बनाकर वितरण किया गया। आगामी दिनों में यहां नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी। असहाय गरीब बच्चों के लिए निशुल्क आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी। योग एवं स्वास्थ्य के लिए निशुल्क व्यवस्था की जाएगी।

## सार-समाचार

### गायक केपी सक्सेना का एलबम जारी

**जयपुर, (का.सं.)।** टी सीरीज मुंबई ने गुरुवार को जयपुर के लोकप्रिय गायक व पूर्व जिला एवं सेशन न्यायाधीश केपी सक्सेना की पुरकशिश में गाए भजनों का सिंगल ऑडियो एलबम शेरावाली ओ मां जारी कर दिया। मां दुर्गा के अनन्य भक्त केपी सक्सेना ने यह एलबम में नवरात्र में मां शेरावाली को समर्पित किया है। इसमें सभी भजनों में मां दुर्गा की महिमा का सुमधुर गुणगान किया गया है जो दिलों को छूता है। खासबात यह है कि दुर्गा माता के भजनों को खुद केपी सक्सेना ने न सिर्फ लिखा है बल्कि उन्हें अपनी सुरीली आवाज में संवारा भी है। सुप्रसिद्ध संगीतकार विक्रांत माथुर ने इसे संगीतबद्ध किया गया है। यह भजन देश-विदेश में लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। गौरतलब है कि सक्सेना की कर्णप्रिय आवाज में इससे पहले टी-सीरीज ने उनके 35 से अधिक म्यूजिक ऑडियो वीडियो एलबम जारी किए हैं। इसमें बॉलीवुड की मशहूर प्ले बैक सिंगर अनुराधा पौडवाल के साथ गाए मेरे राम शीर्षक से एलबम भी शामिल है। सक्सेना की संगीत के क्षेत्र में लोकप्रियता के कारण उन्हें मुंबई की प्रसिद्ध संस्थाएं इंडियन सिंगर्स राइट्स एसोसिएशन ( इसरा) एवं इंडियन परफॉर्मर राइट्स एसोसिएशन ( आईपीआरएस) की ओर से सदस्यता प्रदान की गई है। क्लासिकल संगीत की शिक्षा के निपुण कलाकार सक्सेना बचपन से ही अपनी प्रतिभा से असर डाल रहे हैं। संवेदनशील पद पर रहते हुए भी सक्सेना ने संगीत का साथ कभी नहीं छोड़ा।

### गौकाष्ठ से अंतिम संस्कार होगा



**जयपुर (कासं)।** पर्यावरण बचाने की दिशा में जुटे गोमय परिवार ने बी-टू-बाईपास मोक्ष धाम में अब गौकाष्ठ से अंतिम संस्कार करवाने की मुहिम छेड़ी है। यहां गोमय भवन का शिलान्यास कर अंतिम संस्कार को अंतिम हवन बनाने के लिए नींव का पत्थर लगाया। मुख्य अतिथि नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने प्रमुख समाजसेवी रवि नैय्यर, अखिल भारतीय गौ क्रांति मंच के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी सहित अनेक गणमान्य लोगों के पांच शिलाओं का पूजन कर नींव में रखा। गोमय परिवार के निदेशक डॉ. सीताराम गुप्ता ने कहा कि गोमय भवन का उपयोग गोकाष्ठ और गोमय समिधा से अंतिम संस्कार के लिए जन चेतना जगाने के लिए होगा। इस भवन के बनने के बाद यहां अंतिम संस्कारों में पेड़ों की लकड़ियां जलाना पूरी तरह बंद किया जाएगा। अंतिम संस्कार अब पूरी तरह गोकाष्ठ और गोमय समिधा से होंगे। क्योंकि वैश्विक पर्यावरण संरक्षण तथा गौ संवर्धन के लिए ऐसा किया जाना बहुत जरुरी है।

### सेंट्रल पार्क में कराया योगाभ्यास




**जयपुर ।** सेंट्रल पार्क में गुरुकुल योग संस्थान और इंडियन एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन के तत्वाधान में गुरूवार को 'वर्ल्ड हार्ट डे' मनाया गया। योग गुरु महेंद्र सिंह राव और प्रेरणा शर्मा ने सबसे पहले सभी डॉक्टर्स और योगियों को योग करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर करण सिंह यादव पूर्व सांसद थे। उन्होंने जेडीए द्वारा चलाए जा रहे योग के कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ गौतम सेन ने ह्रदय रोग से बचाव के बारे में बताया। डॉक्टर आलोक माथुर ने साधकों द्वारा पूछे गए ह्रदय रोग से संबंधित सवालों का जवाब दिया। एस एम एस हॉस्पिटल के वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजकुमार यादव और डॉक्टर आर एम माथुर ने ह्रदय रोग से बचने के लिए योग को नियमित करने की सलाह दी। कार्यक्रम में डॉक्टर रामगोपाल यादव ,डॉक्टर संजीव देव गौडा, डॉक्टर राकेश चित्तौड़ा, अखिलेश श्रीवास्तव, ललित रागनी, एमपी माथुर ,मधु कुमावत अनीता रुंगटा, सुधाकर ग्रोवर, आदि सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में गुरुकुल योग संस्थान के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने सभी का आभार जताया।

### दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ।** माणक चौक पुलिस ने स्मैक तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया जलेब चौक के पास से आरोपित मोहम्मद वसीम (19) निवासी बगराना कच्ची बस्ती और अली (27) निवासी अशरफ कॉलोनी, जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया।

# युवती और उसके मंगेतर को 5 माह से धमका रहा मनचला गिरफ्तार

## निर्भया स्कवॉयड ने युवक को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह पुलिस से गाली-गलौच करने लगा

**जयपुर (कासं)।** "किसी और से शादी की, तो जिंदगी बर्बाद कर दूंगा" यह कह कर युवती को धमकाने वाले मनचले को निर्भया स्क्वायड ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। हरमाड़ा पुलिस ने गुरुवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मनचला युवती के साथ ही उसके मंगेतर को भी पिछले 5 महीने तक धमकी दे रहा था।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर (तृतीय) कैलाश चंद विश्नोई ने बताया कि निर्भया स्क्वॉयड टीम के पास एक लड़की ने कॉल कर शिकायत की। पीड़िता ने बताया कि वह काफी परेशान है। योगेश नाम का लड़का 4-5 महीनों से लगातार उसे और उसके मंगेतर को कॉल और व्हाट्सप्प मैसेज कर परेशान कर रहा है। युवती को धमकियां देता है कि अगर किसी और से शादी कर ली तो जिदंगी बर्बाद कर दूंगा। इस पर युवती और मंगेतर से हरमाड़ा थाने में लिखित रिपोर्ट दिलवाई गई और आरोपित की तलाश शुरू की गई।

- आरोपी जब मरने-मारने की धमकी देने लगा तो हरमाड़ा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया

निर्भया स्क्वॉयड टीम ने हरमाड़ा थाना पुलिस की मदद से योगेश तंवर की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ढूंढते हुए योगेश तंवर तक जा पहुंची। युवती और उसके मंगेतर को धमकियां देकर परेशान करने के बारे में पूछा। आगे ऐसा नहीं करने के बारे में समझाया तो आरोपी योगेश तंवर ने बोला "मैं तो ऐसे ही कॉल करके परेशान करुंगा। इस लड़की ने यदि किसी और से शादी कर ली तो इसको मार दूंगा।" वह मरने-मारने की धमकियां देने के साथ ही पुलिस से गाली-गलौच करने लगा। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी योगेश तंवर को गिरफ्तार कर थाने ले आई। वहीं गोविंददेवजी मंदिर के नजदीक जय निवास बाग में खड़ा होकर आने जाने वाली औरतों-लड़कियों की तरफ गंदी हरकतें कर रहे मनचले लटू मलिक को निर्भया स्क्वायड ने बमुश्किल पकड़कर माणक चौक थाने में गिरफ्तार करवाया।

## तीन नशेडी वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** रामनगरिया पुलिस ने नशे के लिए वारदातें करने वाले तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया शातिर वाहन चोर आसु गुर्जर निवासी प्रतापनगर, अर्जुन गुर्जर निवासी फागी हाल जगतपुरा और महेश रैगर निवासी फागी हाल झालाना डूंगरी को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की चार बाइक बरामद की गई है।

## डेढ़ बीघा कृषि भूमि पर बसी अवैध कॉलोनी खुर्द-बुर्द की

**जयपुर ।** टोंक रोड स्थित बीलवा में डेढ़ बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही "श्रीराम रेजीडेंसी" अवैध कॉलोनी पर जेडीए प्रशासन ने शिकंजा कसा। यहां काश्तकारों ने कृषि भूमि का न तो भू-रूपांतरण कराया और न ही जेडीए से कोई निर्माण स्वीकृति ली। चोरी छिपे यहां अवैध कॉलोनी काटकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे थे। कॉलोनी में ग्रेवल रोड बिछाकर, बाउंड्रीवाल बनाकर कई अवैध निर्माण कर लिये थे। जिन्हें गुरूवार को जेसीबी और मजदूरों की मदद से हटाया। वाटिका रोड पर श्रीराम की नांगल के पास सीतानगर तृतीय कॉलोनी में मकानों के आगे सड़क सीमा में 10 जगहों से अतिक्रमण हटाया।

# 'फसल खराबे की सूचना 72 घंटे में देने पर होगी किसान के नुकसान की भरपाई'

**जयपुर ।** बरसात एवं अन्य स्थानिक आपदाओं के कारण खड़ी फसल एवं कटाई के 14 दिन बाद तक खेत में सुखाने के लिए रखी फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत नुकसान की भरपाई के लिए 72 घंटे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कंपनी को सूचना देना जरूरी है।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि राज्य में वर्तमान में कुछ स्थानों पर असामयिक वर्षा एवं जल भराव के कारण किसानों की खरीफ फसलों में नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत जलभराव के कारण किसान की बीमित खड़ी फसल में तथा फसल कटाई उपरान्त खेत में बंडल के रूप में सुखाने के लिए रखी फसल को 14 दिन तक की अवधि में नुकसान होने पर व्यक्तिगत आधार पर बीमा आवरण उपलब्ध कराने का प्रावधान है। श्री कटारिया ने बताया कि असामयिक वर्षा एवं जल भराव से प्रभावित काश्तकारों के लिए बीमित फसल के नुकसान की सूचना घटना घटने के 72 घण्टे के भीतर जिले में कार्यरत बीमा कंपनी को देना जरूरी है, ताकि नुकसान का आंकलन कर बीमा क्लेम देने की कार्यवाही की जा सके। फसल में हुए नुकसान की सूचना बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर या क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से भी दी जा सकती है।

# पिछले 5 दिन से रोजाना 100 से कम नए करोना संक्रमित

## राज्य में गुरूवार को भी 52 नए संक्रमित सामने आए हैं, जबकि जयपुर जिले में सात नए मरीज पाए गए

**जयपुर (कासं)।** प्रदेश में पिछले पांच दिनों से रोजाना सौ से कम नए करोना संक्रमित मिल रहे हैं। राज्य में गुरूवार को भी 52 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 89 मरीज ठीक हुए हैं। प्रदेश में लगातार रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर साढ़े चार सौ के करीब आ गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 11 हजार 497 जांचों पर 10 जिलों में 52 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को 49 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले कई दिनों से 10 से भी कम नए संक्रमित मिले रहे हैं। इसके चलते गुरूवार को भी जिले में केवल 7 ही नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा अजमेर व जोधपुर में 8-8, अलवर, बीकानेर व कोटा में 6-6, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ में 3-3 और उदयपुर में 2 नए संक्रमित मिले हैं। प्रदेश में गुरूवार को 89 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 462 रह गए हैं। इनमें 95 मामले जयपुर में बचे हैं। उधर राज्य में गुरूवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9641 लोगों की मौत हो चुकी है।

- जयपुर में 7 नए मरीज पाए गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 89 संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 462 रह गए हैं।

जयपुर में शुक्रवार को 7 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें गांधी नगर, गोपालपुरा, मानसरोवर, सांगानेर, तोपखानादेश और वैशाली नगर इलाके में 1-1 नया रोगी मिला है। वहीं एक संक्रमित का पता गलत मिला है। इस बीच जिले में 13 मरीज ठीक भी हुए हैं।



## Ask a Stupid Question Day

We've all done it, had that question we wanted to ask that just sounded astoundingly stupid. We're embarrassed that it even occurred to us, and worse, that we didn't know the answer when it seemed so simple. The truth is there is no such thing as a stupid question, except the one that you choose not to ask. Ask a Stupid Question Day encourages you to overcome your fear of sounding uneducated, and opening yourself to learning by asking your stupidest questions.

राष्ट्रदूत
FRIDAY
30 September 2022
A-B

#EVOLUTION

# Human Origins

Our evolutionary past is messier than scientists used to think. Have you ever been troubled with backache? Or stared jealously after your dog as it lolloped across an uneven landscape?



Scientific study of human evolution historically reassured us of a comforting order to things. It has painted humans as cleverer, more intellectual and caring than our ancestral predecessors.

From archaeological reconstructions of Neanderthals as stooped, hairy and brutish, to "cavemen" movies, our ancient ancestors got a bad press.

Over the last five years discoveries have upended this unbalanced view.

### More Human Species

Species such as Homo Longi have only been identified as recently as 2018. There are now 21 known species of human.

In the last few years we have realised that our Homo sapiens ancestors may have met as many as eight of these different types of human, from robust and stocky species including Neanderthals and their close relatives Denisovans, to the short (less than 5ft tall) and small-brained humans such as Homo naledi.

But Homo sapiens weren't the inevitable evolutionary destination. Nor do they fit into any simple linear progression or ladder of progress. Homo naledi's brain may have been smaller than that of a chimpanzee but there is evidence they were culturally complex and mourned their dead.

Neanderthals created symbolic art but they weren't the same as us. Neanderthals had many different biological adaptations, which may have included hibernation.

### Hybrid Humans

Hybrid species of human, once seen by experts as science fiction, may have played a key role in our evolution. Evidence of the importance of hybrids comes from genetics. The trail is not only in the DNA of our own species (which often includes important genes inherited from Neanderthals) but also skeletons of hybrids.

### We Got Lucky

Our evolutionary past is messier than scientists used to think. Have you ever been troubled with backache? Or stared jealously after your dog as it lolloped across an uneven landscape?

That should have been enough to show you we are far from perfectly adapted. We have known for some time that evolution cobbles together solutions in response to an ecosystem which may already have changed. However, many of the changes in our human evolutionary lineage maybe the result of chance.

For example, where isolated populations have a characteristic, such as some aspect of their appearance, which doesn't make much difference to their survival and this form continues to change in descendants. Features of Neanderthals' faces (such as their pronounced brows) or body (including large rib cages) might have resulted simply from genetic drift.

### Our Fate

We may like to imagine ourselves as masters of the environment. But it is increasingly clear ecological changes moulded us.

The origins of our own species coincided with major shifts in climate as we became more distinct from other species at these points in time. All other species of human seem to have died out as a result of climate change.

Three major human species Homo erectus, Homo heidelbergensis, and Homo neanderthalensis died out with major shifts in climate such as the Adams event. This was a temporary breakdown of Earth's magnetic field 42,000 years ago, which coincided with the extinction of the Neanderthals.

### Kindness

Research has uncovered new reasons to feel hopeful about future human societies. Scientists used to believe the violent parts of human nature gave us a leg up the evolution ladder.

But evidence has emerged of the caring side of human nature and its contribution to our success. Ancient skeletons show remarkable signs of survival from illness and injuries, which would have been difficult if not impossible without help.


The trail of human compassion extends back one and a half million years ago. Scientist have traced medical knowledge to at least the time of the Neanderthals.


Altruism has many important survival benefits. It enabled older community members to pass on important knowledge. And medical care kept skilled hunters alive.

### We're a Sensitive Species

We are more sensitive to how people around us feel, and more vulnerable to social influences, we're more prone to emotional disorders, to loneliness and to depression than our predecessors. Our complex feelings may not always be pleasant to live with, but they are part of key transformations which created large, connected communities. Our emotions are essential to human collaborations.

If we accept that humans are not a pinnacle of progress, then we cannot just wait for things to turn out right. Our past suggests that our future won't get better unless we do something about it.





Panna Tiger Reserve of MP too had gone Sariska's way and lost all of its tigers in 2009. The Government of MP wanted to replenish the reserve by bringing tigers from Kanha, Bandhogarh and Pench Tiger Reserves, at the earliest, but despite repeated requests it could not get a nod from NTCA, which had prepared an unending list of queries and conditions, surely not with some good intention. Again the same expert and alike conservation activists were all out to sabotage this ambitious project. Fortunately the MP Government especially Mr. HS Pabla, the then Chief Wildlife Warden, MP, took a bold decision of going ahead on their neatly prepared plan and restocked Panna with tigers and within a span of 4 years Panna was restored its lost glory



# Cry They May…

# Cheetah Is Back In India



Sunayan Sharma
*IFS (Retd.), Ex field director project tiger Sariska & keoladeo national park, Bharatpur*

#WILD

Though Cheetah reintroduction in India had been under discussions since last two decades but it caught real heat after getting a go from, the Prime Minister.

Reintroduction preparations took wings after this nod and simultaneously several so called wildlife champions started appearing on TV screens and other media platforms, spilling their invaluable knowledge on the subject with only one motive; to sabotage this long held project.

A friend of mine, a wildlife enthusiast, settled at Meerut (UP), sent me a short video clipping, showing Mr. Valmiki Thapar, the self-proclaimed Tiger man of India; loud as always he was all out to criticize this ambitious project. He said that he was at that time on a visit to Serengety National Park, Tanzania and he loudly called this project a futile exercise. According to him none of the Indian jungles are capable of supporting cheetah for want of desired prey base like Thomson gazelle, which are in plenty in Africa. I am unable to understand why cheetah's diet chart is restricted to this prey species only? Won't it be happy preying upon cheetal, sambar, bluebull young ones, wild boar etc, which are available in plenty at Kuno as well as several other reserves in India?

Certainly such loud and negative statements calling this project a baseless one based on the cynical ideas of some ill experienced retired forest officers, smells of some ulterior motive. This very expert is the same person who opposed reintroduction of tigers in to Sariska, tooth and nail, after it got bereft of tigers in 2004 at the hands of poachers and some miscreant villagers.

### A Land of Cheetahs

It was his negative persuasions at Government of India level that such an ambitious project got delayed by several years and consequently Sariska could have its first two tigers as late as in 2008 only. Today Sariska is roaring with 27 tigers, a self-sustained population. Thanks to some wise conservationists who came all out to overcome the Valmiki effect otherwise India especially Rajasthan would have lost an important tiger land like Sariska for ever.

Undoubtedly rehabilitation of every single individual of any wild species is a challenge to the management of the area of reintroduction, may it be herbivore or a carnivore, brought from Indian jungles or abroad, but if ecologically such reintroduction is desirable; serious efforts should be made to restore the areas with the species, lost due to shikar or habitat depletion.

India had always been a land of cheetahs. As per natural history, till 70 years back this beautiful cat inhabited Indian jungles. It is believed that the last 2-3 individuals were killed by late Shri Ramanuj Pratap Singhdeo, the then Maharaja of Korea (MP then), sometime in 1948-49.

> The old records testify that early Mughals like Akbar and Jahangir had such a fancy for cheetahs that several hundred cheetahs were kept by them in captivity.

This fastest land animal is adorned with solid round or oval shaped black spots all over its body and is believed to have its name derived from a sanskrit word, 'Chitrika', meaning spotted. Broadly it resembles leopard alias panther (Baghera) but for the solid spots on its skin, where nature has decorated leopard with non-solid black rose like patterns known as rosettes.

The old records testify that early Mughals like Akbar and Jahangir had such a fancy for cheetahs that several hundred cheetahs were kept by them in captivity, to be used as assisting tool during their shikar expeditions. Interestingly majority of these cheetahs were captured from the wilderness of Kuno.

As an ecologist I always felt that we in India are unnecessarily hesitant in translocating wild animals from one location to another one-deficient in the species, but possessing the required habitat of more or less similar climatic conditions. Justifiably the wilderness areas that have lost a species in last 100 years should be accorded utmost priority for restoration with lost flora, fauna.

Unfortunately our premier institutions like National Tiger Conservation Authority too have been gripped by this negativity, resulting in to losing their desired contribution to the primary object of revival of our premiere forests, which lost wild fauna especially some flagship species, owing to poaching and other disturbances.

Apart from habitat's suitability including desirable prey base, consent of neighbouring villagers and other stake holders should be considered as primary factor in decision making as far as reintroduction of wild fauna especially the carnivores is concerned. And primarily this is the area of concern for the respective Provincial Governments, which have to face the wrath and anguish of the stake holders, not others including Government of India. Therefore if they consent to any such project; other agencies in question should show their zeal & zest in assisting in execution of such projects instead of digging out faults to sabotage these.

Much delayed tiger reintroduction in Mukundara Tiger Reserve of Kota-Jhalawar and Ramgarh Vishdhari Tiger Reserve of Bundi are other examples of the passive cooperation rather resistance raised by the NTCA, even after exhibition of genuine interest repeatedly by the concerned Chief Ministers.



### Replenish the Reserve

Panna Tiger Reserve of MP too had gone Sariska's way and lost all of its tigers in 2009. The Government of MP wanted to replenish the reserve by bringing tigers from Kanha, Bandhogarh and Pench Tiger Reserves, at the earliest, but despite repeated requests it could not get a nod from NTCA, which had prepared an unending list of queries and conditions, surely not with some good intention. Again the same expert and alike conservation activists were all out to sabotage this ambitious project. Fortunately the MP Government especially Mr. HS Pabla, the then Chief Wildlife Warden, MP, took a bold decision of going ahead on their neatly prepared plan and restocked Panna with tigers and within a span of 4 years Panna was restored its lost glory. Emboldened with the grand success of Panna revival, Mr. Pabla & his team was oozing with enthusiasm to revive Bandhogarh, another important tiger reserve through reintroduction of Indian gaur like flagship species at an earliest. An exquisite plan was drawn by incorporating wisdom from the scientists of the Wildlife Institute of India but NTCA, left no stone unturned in raising hurdles in its way; consequently the project's execution suffered an inordinate delay of good 5 years. Hats off to Mr. Pabla and his team for not calling off their persuasion and finally they introduced some 50 Indian gaur. Today Bandhavgarh is beaming with a population of more than 150 gaur, a self-sustained population and a star attraction of the park. It was a unique rehabilitation of its own kind in the country, good enough to encourage other states too to revive their deficit reserves with such large animals even.

Translocation of Barasingha (Cervus duvauceli branderi) from Kanha National Park to Satpura Tiger Reserve and Blackbuck (Antelope cervicapra)to Kanha from agricultural fields of Seoniarea, where these were a nuisance for the farmers and then several spotted deer and bluebulls from one area to another one, were done by this team in the interest of the people and parks. But each and every translocation faced big hue& cry from the armchair wildlife experts and NTCA. Mr. Pabla faced enquiries instead of felicitations from the GOI.

I have a strong feeling that if nature conservation in India is to succeed, the entire wildlife fraternity especially the Government of India and the statutory bodies like NTCA, Wildlife Boards of States and Centre and our hon'ble courts should play a much more positive role.

Denial of transfer of Asiatic lions from Gir National Park of Gujrat to other suitable sites in India is another example of this conservative approach of Governments. Asiatic lions, once roaming freely all over the country barring high hills and terai regions, too vanished from entire Asia but for a pocket in Gir, Junagarh district of Gujrat, credit attributed to the then Nawab of Junagarh State who saved the last remnants and encouraged multiplication of this population. During post-independence the state's forest department did an appreciable job of declaring the area as Gir National Park and raising a self-sustained population. It gave huge impetuous to wildlife tourism in the area. Propelled by this business interest the department did a commendable job of succeeding in raising this lion population to optimum level but it did not stop here and as a consequence over period of time the lion population started overflowing, much beyond ecological carrying capacity of the reserve. It was undesirable from scientific management point of view. With large cats another mentionable problem is the possibility of outbreak of epidemic like 'Canine Distemper' (CD), which is caused chiefly due to congestion. This deadly disease took a toll of more than 1000 lions in 1994 in the world famed Serengeti National Park.





> During post-independence the state's forest department did an appreciable job of declaring the area as Gir National Park and raising a self-sustained population.


### Evading Total Wipe off

Since then scientists from world over have been advising for shifting the surplus population of lions from the Gir National Park, in order to create another pocket for this rare species. The idea was to have more than one population of lions in the country in order to evade total wipe off in case of any CD like epidemics. Since then several sites have been recommended by the experts after extensive surveys of like habitats in the country. 'Kuno' was also found as one of the most suitable sites for this purpose. But the project could never take off because of cold response of the Gujrat Government which did not wish to share the lucrative lion tourism with any other state.

It is also believed that project of cheetah reintroduction in Kuno was a politically motivated plan, to sabotage the lion shifting project. It is worth mentioning that the apex court of the land in 2013 had ordered to execute the lion translocation in to Kuno from Gir, staying any attempt to release cheetah here. But the powerful Gujrat lobby succeeded in getting this order amended from the same court in 2018, in favour of cheetah reintroduction in Kuno, again succeeding in deferring lion shifting from Gir.

It is condemnable yet I welcome cheetahs at Kuno, after all it has opened gates to India for intercontinental translocations of wild animals from one to other wilderness, not zoos. From this point of view 17th of September 22 shall always be remembered as an important day in the history of scientific management in the country when 8 cheetahs were released in the specially prepared enclosures at Kuno, as a part of soft pad launching. Many more cheetahs to join in recent future from African Reserves here.

Also to my understanding; failing assumptions and accusations, criticisms by Thapars, this cheetah reintroduction shall prove great success in establishing a viable population in Kuno over period of time. And this Kuno experiment shall be successfully replicated at other reserves as well in various other states like Rajasthan.



writetoarbit@rashtradoot.com

#CURTAIN RAISER

# Art And Design Bonanza



A 2-day art and design festival 'Shift' will feature an array of lifestyle, designer and wellness brands alongside artisan-led startups and NGOs. An initiative of Awaaz Studio and supported by the Department of Art and Culture, Government of Rajasthan, the festival is focussed on enhancing the art business ecosystem in the state and breaking the age-old narrative of a starving artist.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

Bringing together homegrown brands, designers and artists, rural artisans, folk performers, indie musicians, curated culinary experiences, and more - the 'Shift Art & Design Festival' is back to the Pink City on 1 and 2 October for its fifth edition. An initiative of Awaaz Studio, which is a Jaipur-based art furtherance house committed to breaking the age-old narrative of a starving artist, the festival showcases an array of lifestyle, designer and wellness brands alongside artisan-led startups and NGOs from across Jaipur and other cities.



The pop-up souk at Shift this year will showcase brands like Jaipur Rugs, Princess Diya Kumari Foundation, Tilonia Bazaar, Jaipur Modern, Thela Gaadi alongside budding homegrown businesses. Many workshops and activities such as puppet show, macrame, block printing, hand tufting, natural dyeing, tie and dye, storytelling etc. are also curated for kids and parents to encourage and initiate the interest of families towards art.

### Enhancing the art business

The festival is focused on enhancing the art business ecosystem and generating sustainable monetary opportunities for all artists. Leading incubation center of the city, CIIE.CO is the official funding and acceleration partner of the festival providing mentoring and funding awareness and support to participating brands as well as the general audience. Jaipur Rugs, one of Asia's largest handmade rug manufacturers, are hosting a unique recruitment drive at the festival, thereby providing work opportunities to all city-based creative professionals.

The Princess Diya Kumari Foundation (PDKF) has also collaborated with Shift for an interesting project called 'The Future Resources' under which textile waste was collected from across the city. This collected waste will be converted into upcycled clothing and accessories by the PDKF artisans at the festival's live upcycling station.

### Music, Dance and Talks


Shift will also feature some eclectic music and dance performances such as folk dance circle by Jaipur Virasat Foundation, Bachata dance circle, open mic, and more. On day 2, the festival mainstage will feature live performance of independent singer-songwriter, Rahgir. Throughout the festival, various craft demonstrations, discussion and talks will be held. Some of the key sessions include Meet & Greet with Shilpguru Gopal Saini, Jaipur Rug's founder Nand Kishore Chaudhary, digital influencer Marcela Baur, origami artist Aditi Anuj and more.

The festival is supported by the Department of Art & Culture, Government of Rajasthan.

**When:** 1 & 2 October, 11 am to 10 pm
**Where:** Birla Auditorium
**Entry:** Free Registration
Register free to attend the festival at bit.ly/3LANeUY



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman







# हरियाणा से गुजरात जा रही 11 लाख रुपये की अवैध शराब बरामद

## मुखबिर से कंटेनर में अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला आबकारी पुलिस ने बच्चों के डायपर की आड़ में हरियाणा से गुजरात ले जाये जा रहे अंग्रेजी शराब के 189 पेटी बरामद की है। शराब की कीमत 11 से 12 लाख रुपये आंकी जा रही है। यह कार्रवाई आबकारी विभाग की टीम ने अजमेर हाइवे पर रायला इलाके में स्थित टोल प्लाजा पर नाकाबंदी के दौरान की।

जिला आबकारी अधिकारी लोकेश जोशी ने बताया कि आबकारी आयुक्त ने अवैध शराब की बिक्री व परिवहन को रोकने के स्पष्ट निर्देश जारी किये हैं। इसी के तहत बुधवार शाम मुखबिर खास से कंटेनर में अवैध शराब परिवहन की सूचना मिली। इसके बाद आबकारी टीम ने अजमेर हाइवे पर रायला क्षेत्र स्थित टोल नाका पर नाकेबंदी की। इस दौरान मुखबिर की बताई जानकारी के अनुसार एक कंटेनर को रोककर जांच की गई, इसमें चालक-खलासी थे। पूछताछ में चालक ने खुद को इकबाल, जबकि खलासी ने जाहिद होना बताया जो की फरीदाबाद के रहने वाले हैं।



आबकारी पुलिस ने डायपर की आड़ में जा रही शराब को बरामद किया।

आबकारी टीम ने कंटेनर में रखे माल के बारे में पूछताछ की तो दोनों चालक-खलासी ने बच्चों के डायपर के कर्टन भरे होने की बात कही। आबकारी टीम ने कर्टन खाली करवाये, लेकिन शराब के कर्टन नहीं मिले। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद जब आबकारी टीम को कुछ हाथ नहीं लगा तो टीम निराश हो गई, लेकिन मुखबिर की सूचना पुख्ता होने से टीम ने हार नहीं मानी और जांच को जारी रखा, इस दौरान टीम को कंटेनर में ढ ाई फीट का विशेष कंपार्टमेंट मिला, इस पर आबकारी विभाग ने इस कंपार्टमेंट में रखे अंग्रेजी शराब के चार खास ब्रांड मैजिक मूवमेंट, आरसी, मेकडाव्वेल नंबर वन और ऑल सीजन की 189 पेटी जब्त की।

जोशी ने शराब की कीमत 11 से 12 लाख रुपये बताई है। आबकारी टीम ने कंटेनर सहित शराब जब्त कर चालक-खलासी को गिरफ्तार कर लिया।चालक-खलासी इकबाल व जाहिद ने पूछताछ में बताया कि शराब से भरा यह कंटेनर उन्हें धारूहेड़ा से किसी ने संभलाया था। साथ ही कंटेनर वडोदरा तक ले जाने की हिदायत दी। वहां यह कंटेनर लेने के लिए स्थानीय व्यक्ति के आने की बात भी कही थी। टीम मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# पौने 2 करोड़ के जेवर लूट मामले में पांच गिरफ्तार

## पांचों युवक बीकानेर के हैं और पिछले कई दिनों से रैकी कर रहे थे

**बीकानेर,** (कासं.)। अहमदाबाद से जेवरात का कुरियर लेकर आए युवक के साथ लूटपाट करने वाली गैंग के सदस्य बीकानेर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को फिलहाल बापर्दा गिरफ्तार किया गया है ताकि बाद में इनकी शिनाख्त परेड़ हो सके। इसलिए पुलिस ने इनके नाम भी अब तक सार्वजनिक नहीं किए हैं। बताया जा रहा है कि पांचों युवक बीकानेर के हैं और पिछले कई दिनों से ये लोग रैकी कर रहे थे। आसपास के गांवों में रहने वाले इन युवकों की गैंग के पास पिस्टल सहित कई अवैध हथियार भी थे। पुलिस की शुरूआती पड़ताल में साफ हो गया है कि गैंग के सदस्य पिछले कई दिनों से रैकी कर रहे थे कि बस से करोड़ों रुपए का सामान बीकानेर आ रहा है।

अहमदाबाद से तोलाराम पुत्र हीराराम प्रजापत कुरियर लेकर रवाना हुआ है, ये जानकारी इस गैंग के पास थी। सवाल ये खड़ा हो रहा है कि इन्हें कैसे पता चला? बुधवार सुबह नौ बजे तोलाराम प्रजापत कुरियर लेकर नीचे उतरा, तो वहां एक कार उसे लेने आ गई थी। कार में पार्सल डालकर वो रवाना

- **आस-पास के गांवों में रहने वाले इन युवकों के पास कई अवैध हथियार भी थे**
- **लूट करने वाले पांचों युवकों की उम्र बीस से तीस साल के बीच बताई जा रही है**

भी हो गया, लेकिन पहले से घात लगाकर बैठे इन युवकों ने हमला बोल दिया। पुलिस को पता चला है कि ये लोग मंगलवार रात से ही इस लूट के लिए तैयार थे। इसीलिए एक बिना नंबर की बोलेरो और बाइक की व्यवस्था की गई। कुरियर तकनीकी रूप से काफी मजबूत था, ऐसे में लोकेशन पुलिस को मिल रही थी। इसी कारण पुलिस ने एक ही दिशा में पहुंचकर लूट करने वालों को दबोच लिया।

लूट के बाद पुलिस जब इनका पीछा करते हुए पकड़ने पहुंची तो पुलिस पर फायरिंग की गई। जवाब में पुलिस ने भी दो बार फायर किए। इससे लूट करने वाले घबरा गए और सरेंडर कर दिया। इस दौरान साइबर सेल के दीपक यादव के घुटने में चोट भी आई। फायरिंग में काम ली गई पिस्टल अवैध है। इनके पास से पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

लूट करने वाले पांचों युवकों की उम्र बीस से तीस साल के बीच बताई जा रही है। ये सभी बीकानेर शहर में रहते हैं लेकिन आसपास के गांवों के निवासी है। पांचों ने मिलकर गैंग तैयार की थी और लूट का सामान जल्द ही आपस में बांटने का निर्णय भी किया था। समय रहते इनकी गिरफ्तारी नहीं होती तो अब तक राजस्थान छोड़ बाहर निकल जाते।

पुलिस की सक्रियता ने इनकी योजना विफल कर दी। उदयपुर में एक बैंक से करोड़ों रुपए के सोने की लूट के बाद बीकानेर आईजी ओम प्रकाश ने सभी ज्वैलर्स की एक मीटिंग बुलाई थी। इस दौरान सुरक्षा उपाय रखने के निर्देश दिए गए थे। तब हर दुकान के आगे व अंदर सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही सुरक्षाकर्मी तैनात करने की सलाह दी गई थी।

# घग्घर नदी का 1780 क्यूसेक पानी छोड़ा

**सूरतगढ़,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर परियोजना की सूरतगढ़ शाखा में जीएफसी द्वारा 1780 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। अतिरिक्त पानी मिलने से किसानों को फायदा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार घग्घर नदी में पानी आने के बाद जीएफसी अधिकारियों और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से किसानों व जनप्रतिनिधियों ने घग्घर का पानी सूरतगढ़ शाखा में छोड़ने की मांग की थी। जिसके चलते सूरतगढ़ शाखा में घग्धर नदी का 1760 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पानी 30 सितंबर तक चलेगा। वहीं 30 सितम्बर के बाद तय रेगयूलेशन के चलते सूरतगढ़ शाखा में पानी छोड़ा जायेगा।

घग्घर का पानी छोड़ने के बाद सूरतगढ़ शाखा के अधिकतर किसानों को पानी की एक अतिरिक्त बारी मिलेगी। सूरतगढ़ शाखा के कनिष्ठ

- **अतिरिक्त पानी मिलने से किसानों को मिलेगा फायदा**
- **नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचने की संभावना**

अभियंता हेतराम ने बताया कि गुरुवार बाद दोपहर तक पानी के अंतिम छोर तक पहुंचने की संभावना है। वहीं किसान मनीराम शर्मा, ओमप्रकाश, नरेन्द्र पारीक, इंद्राज शम्हा, मदन गोदारा ने बताया कि अतिरिक्त घग्घर नदी का पानी सूरतगढ़ शाखा में छोड़ने के बाद आई अतिरिक्त बारी से जहां खरीफ की फसलों को फायदा मिलेगा।

## ट्रेन की चेपट में आने से युवक की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निस)। बुधवार रात करीब 9 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक घर से बाजार जाने के लिए कहकर निकला था। मृतक की शादी 4 महीने पहले हुई थी और परिवार के साथ करौली में रहता था। कोतवाली थानाधिकारी करण सिंह ने बताया कि गोकुलपुर कुडगांव निवासी विकास मीणा (22) पुत्र घनश्याम मीणा बुधवार रात करीब 9 बजे गंगापुर केंद्रीय स्कूल के पास अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे विकास के चिथडे उड गए और शरीर पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया।

मृतक के पिता घनश्याम मीणा ने बताया कि विकास की 4 महीने पूर्व ही शादी हुई थी और विकास अपने परिवार के साथ में करौली में रहता था। बुधवार को वह अपनी मां से बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था। ट्रेन की चपेट में आने पर पुलिस शव को गंगापुर सिटी अस्पताल में रखवाया।

# फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में पिस्तौल दिखाकर 2.62 लाख लूटे

## बदमाशों ने ब्रांच मैनेजर की कनपटी पर पिस्तौल लगा की वारदात

**पिलानी,** (निसं)। कस्बे के कोर्ट रोड पर भारत फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में आज सुबह हथियारबंद बदमाशों ने पिस्तौल की नोक पर 2 लाख 62 हजार रूपए हजार रूपए की लूट की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद कस्बे में सनसनी फ़ैल गई। बदमाशों ने खेड़ला रोड़ पर स्थित भारत फाइनेंस कम्पनी के ब्रांच मैनेजर नेमीचंद यादव व ब्रांच क्रेडिट मैनेजर कमलेश सैनी की कनपटी पर पिस्तौल लगाकर बंधक बनाया और दोनों फिर ड्रावर में रखे 2 लाख 62 हजार रूपए लूट कर ले गए। जाने से पहले दोनों लुटेरों ने कम्पनी के दोनों कर्मचारियों को ऑफिस के बाथरूम में बंद कर दिया। लुटेरों ने खुद को बताया चिड़ावा की फाइनेंस कम्पनी का कर्मचारी

भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर नेमीचंद यादव ने बताया कि सुबह करीब पौने 8 बजे मैं और बीसीएम कमलेश में मौजूद थे। इसी दौरान 2 युवक आए और खुद को चिड़ावा की निधि फाइनेंस कम्पनी का कर्मचारी बता कर बातचीत शुरू की। दोनों ने बताया कि उनकी कम्पनी पिलानी में भी ऑफिस शुरू करना चाहती है जिसके लिए किराए पर कोई मकान चाहिए। दोनों बदमाशों ने भारत फाइनेंस के मैनेजर नेमीचंद यादव से कोई ऑफिस दिलवाने के लिए मदद मांगी। यादव ने अपने किसी परिचित को इसके लिए कॉल किया, जिसने थोड़ी देर बाद ऑफिस दिखाने की बात कही। इसके बाद दोनों बदमाश वहीं बैठे रहे जबकि नेमीचंद यादव अपने काम निपटाने में लग गए। कुछ ही मिनट बाद अचानक दोनों युवक उठे और पिस्तौल निकाल कर नेमीचंद यादव की कनपटी से लगा दी।

दोनों ने गाली गलौच करते हुए मैनेजर यादव और बीसीएम कमलेश सैनी को बाथरूम में बंद कर दिया और ऑफिस की ड्रॉवर में रखे 2 लाख 62 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। घटना के कुछ देर बाद मकान मालिक ऑफिस की तरफ आए तब उन्हें बाथरूम में बंद दोनों कर्मचारियों के चिल्लाने की आवाज सुनी, उन्होंने फिर दरवाजा खोल कर दोनों को बाहर निकाला जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वारदात की सूचना पर उप निरीक्षक सुरेश कुमार रोलन पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तथा मौका मुआयना किया।

**कम्पनी में नहीं थे कहीं भी सीसीटीवी:-**फाइनेंस कम्पनी की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। कम्पनी में रोजाना पैसों का लेनदेन होता है बावजूद इसके ऑफिस में कहीं भी सीसीटीवी नहीं लगे थे। आसपास में भी कहीं सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से पुलिस को बदमाशों के बारे में फिलहाल कोई पुख्ता सूचना नहीं मिल पाई है। घटना की सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने मे लगी रही, लेकिन फिलहाल कोई क्लू इस बारे में नहीं मिल पाया है। फाइनेंस कम्पनी के दोनों कर्मचारी ये तो बता रहे हैं कि दोनों लुटेरे बाइक से आए थे लेकिन बाइक के बारे में अधिक कोई डिटेल नहीं दे पाए।




कार्यालय जहां वारदात घटित हुई।

# पीएम मोदी के स्वागत की तैयारियां जारी

**आबूरोड,** (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत-अभिनंदन की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने लगातार दूसरे दिन तैयारियों का जायजा लिया। आमजन, व्यापारी, युवाओं और महिलाओं को पत्रक एवं पीले चावल बांटकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

सतीश पूनिया ने सियावा गांव में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने वाली आदिवासी समाज की टीपू देवी के हाथों से निर्मित मिट्टी की प्रतिमूर्ति खरीदी। सतीश पूनियां और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री मोदी के अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

पूरे रूट चार्ट की तैयारियों को देखा और हवाई पट्टी पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान सतीश पूनिया, चंद्रशेखर के साथ सांसद देवजी पटेल, राजेंद्र गहलोत, विधायक समाराम गरासिया, जगसीराम कोली



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया सहित कई नेताओं ने तैयारियों का जायजा लिया।

नारायण सिंह देवल, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, सुशील कटारा, जिला अध्यक्ष नारायण पुरोहित, जिला संगठन प्रभारी मदन राठौड़ इत्यादि उपस्थित रहे।

## रूपये ठगने वाला गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर 6 लाख रूपये ठगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। मथुरा गेट थाना अधिकारी रामनाथ सिंह ने बताया कि 22 मई को एसटीसी हाऊसिंग बोर्ड निवासी गौरव कुमार ने गांव बाखलपुर थाना हाईवे मथुरा यूपी निवासी नीरज के खिलाफ उसको विधानसभा लखनऊ यूपी में एलडीसी की नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधडीपूर्वक 6 लाख रूपये हड़प लेने एक मामला थाना मथुरा गेट पर दर्ज कराया था। सहायक उपनिरीक्षक मानसिंह द्वारा अनुसंधान कर इस मामले के नामजद आरोपी नीरज पुत्र रामबाबू उम्र 40 साल निवासी बाखलपुरथानाहाईवे मथुरा यूपी को गिरफ्तार किया गया है।

# मंद्बुद्धि नाबालिग से दुष्कर्म

## चार माह पहले हुई थी वारदात, अब हुआ मामला दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। मंद्बुद्धि नाबालिग लड़की के साथ करीब चार महीने पहले दुष्कर्म करने का मामला सामने आया। दरअसल कुछ दिन से लड़की की तबीयत खराब थी। डॉक्टर को दिखाया तो जांच करवाई गई। महज 14 साल की इस लड़की के गर्भवती होने का पता चला। इसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। बाद में खाजूवाला थाने में लड़की के परिजनों ने खेत पड़ौसी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

खाजूवाला सीओ अंजुम कायल स्वयं इस मामले को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने स्वयं गुरूवार को नाबालिग का मेडिकल कराया।पूगल थानाधिकारी

- **14 साल की लड़की के गर्भवती होने का पता चला**

महेश कुमार शिला ने बताया कि एफआईआर में आरोप है कि हम क्षेत्र के एक खेत में ढ ाणी बनाकर परिवार सहित रहते हैं। लेकिन 27 सितम्बर को सुबह करीब 9.30 बजे मेरी 14 वर्षीय बहिन की तबीयत खराब हुई थी। उसे उल्टी व चक्कर आने लगे। पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर में जांच कराई तो वहां के चिकित्सक ने नाबालिग बहिन को अस्पताल में भर्ती कर दिया। पीड़िता के भाई के अनुसार जांच करवाई तो डॉक्टर ने बताया कि आपकी बहन लगभग 4-5 महिने की गर्भवती है। तब यह बात पिता को बताई तब पिता ने बताया की आज से 4-5 महीने पहले आशुसिंह पुत्र सोनसिंह जाति राजपूत निवासी 1 नाडा जो हमारा खेत पड़ौसी है। उसने मेरी बहन के साथ गलत काम किया था। पीड़िता के भाई का कहना है कि उसकी बहन मंद्बुद्धि है। होने के कारण बात पर विश्वास नही किया लेकिन अस्पताल से जांच में गर्भवती होने पर पूछताछ में आशुसिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट: आज से क्रिकेट का रोमांच

**जोधपुर,** (कासं) । लीजेंड्स लीग क्रिकेट का रोमांच शुक्रवार को जोधपुर शहर के बरकततुल्ला खां स्टेडियम में देखने को मिलेगा। 50 हजार की दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम का नया स्वरूप हाल ही तैयार हुआ है। तीन दिन तक शहर में अन्तराष्ट्रीय खिलाडी यहां पर मैदान पर नजर आएंगे। क्रिकेट प्रेमियों के साथ अन्य खेल प्रेमी भी इस मैदान को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जोकि शुक्रवार को खत्म हो जाएगा।

आज सुबह क्रिकेट खिलाडी बरकततुल्ला खां स्टेडियम पर पहुंचे और नेट प्रेक्टिस भी की। कल से यहां पर रोमांच आरंभ हो जाएगा। दर्शक क्षमता से भरपूर इस स्टेडियम में मैच के लिए पहले ही दिन 40 हजार टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन हो चुकी है। आफ टिकट के लिए कल्पतरू के सामने तीन काउंटर पर आज लगाए गए है। जहां से क्रिकेट प्रेमी टिकट खरीद रहे है।

बता दें कि वीरेंद्र सहवाग की अगुवाई वाली अदाणी स्पोर्ट्र्सलाइन की गुजरात जायंट्स टीम बुधवार को लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंतिम चरण का मुकाबलों के लिए जोधपुर पहुंच गई थी। 20 साल बाद इस शहर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में क्रिकेट का कोई बड़ा आयोजन हो रहा है।

लीग का अंतिम चरण जोधपुर में वैश्विक क्रिकेट एक्शन की वापसी को भी चिह्नित करेगा, जिसने पिछली बार 2002 में अंतरराष्ट्रीय सितारों की मेजबानी की थी। तह भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे मुकाबला खेला गया था।

**सहवाग-क्रिस गेल को देखने का मिलेगा मौका :-** दिलचस्प बात यह है कि दो दशक बाद, यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल और सहवाग, जिन्होंने उस मैच में अपने-अपने देशों के लिए पारी की शुरुआत की थी, अब एक ही टीम का हिस्सा होंगे। सहवाग की गुजरात जायंट्स टीम अपने अगले मैच में इरफान पठान की भीलवाड़ा किंग्स से शुक्रवार को अपने अंतिम लीग मैच में भिड़ेगी।

सहवाग और गेल के अलावा, अदाणी स्पोर्ट्र्सलाइन के स्वामित्व वाले गुजरात जायंट्स के पास तिलकरत्ने दिलशान, पार्थिव पटेल और केविन ओ ब्रायन जैसे माहिर बल्लेबाजों के साथ-साथ ग्रीम स्वान और अजंता मेंडिस जैसे दिग्गज स्पिनर हैं। गुजरात जायंट्स इस समय पांच मैचों से पांच अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। भीलवाड़ा किंग्स के खिलाफ एक जीत उसे अंक तालिका में शीर्ष-2 स्थान पर पहुंचा देगा।

## गोली मारने वालों को 7-7 साल की कैद

**धौलपुर,** (निस)। धौलपुर की जिला एवम सेशन न्यायाधीश रीटा तेजपाल ने 2 आरोपियों को दोषी करार देते मानते हुए 7-7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनो पर 5- 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। पीपी सुजीत लहचोरिया ने बताया कि घटना वर्ष 2007 की है। मामला यूं है कि तत्कालीन समय कोतवाली थाना धौलपुर में तैनात थानेदार शौकत अली के बेटे इमरान ने बताया कि वह शटल गाड़ी से आगरा से धौलपुर आ रहा था। जैसे ही बह धौलपुर स्टेशन पर आया और वहां से धौलपुर अपने पिता के पास पैदल पैदल जा रहा था। तभी उसे पीछे से आवाज आई इमरान ठहरो, उसने पीछे मुडकर देखा तो पीछे उसका ससुर लतीफ एवं लतीफ का भांजा मुन्ना उर्फ यासीन निवासी बाराबंकी दिखे। मुन्ना ने अपनी आंट से कट्टा निकाला और लतीफ को दिया तो मैं जान बचाने के लिए वहां से भागा, इस पर लतीफ ने जान से मारने के लिए कट्टे से गोली मारी, जो उसके पैर में लगी। जिस पर पीछे से रिक्शे से आ रहे अरुण कुमार ने उसे हॉस्पिटल पहुँचाया। इस मामले में गुरुवार को जिला जज रीटा तेजपाल ने फैसला सुनाते हुए मुलजिम लतीफ एवं लतीफ के भांजे मुन्ना उर्फ यासीन निवासी बाराबंकी को 7- 7 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5- 5 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है।

# फसल खराबे के मुआवजा की मांग, किसानों का हल्ला बोल प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री के नाम दिया 13 सूत्रीय ज्ञापन

**बामनवास,** (निस)। उपखंड मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय पर गुरुवार को किसानों एवं आम लोगों द्वारा क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत तहसील के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री रामअवतार मीणा एवं एबीवीपी के मनीष मीणा के नेतृत्व में तहसीलदार बृजेश मीणा को मुख्यमंत्री के नाम तेरह सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौंपा गया।

भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री रामअवतार मीणा के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों द्वारा तहसील के मुख्य द्वार पर बैठकर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रदेश कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण सवाई माधोपुर जिले में किसानों के खेत की फसलें लगातार बारिश के चलते चौपट हो गई लेकिन सूचना के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक कार्रवाई अभी तक शुरू नहीं की गई है।



आम सहमति से ज्ञापन तैयार करते किसान।

ज्ञापन के माध्यम से उपखंड क्षेत्र में फसल खराबे की तत्काल विशेष गिरदावरी करवाकर किसानों को बीमा क्लेम मुआवजा राशि दिलाने और उपखंड मुख्यालय पर बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाने की मांग की गई। वही मौजूदा समय में गोवंश पर लंपी वायरस के प्रकोप को लेकर इस बीमारी को राज्य सरकार पशु आपदा घोषित करने सहित

- **कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी की**

गोपालक को सरकार द्वारा पचास हजार की आर्थिक सहायता दिए जाने मांग की गई। तहसील के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से तहसीलदार द्वारा समझाइश की गई एवं उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों को सरकार तक कार्यवाही के लिए प्रेषित करने का आश्वासन दिया गया। इस हल्ला बोल धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदेश भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री रामअवतार मीणा बोली, हिंदू सनातन मंच के बुद्धि पंडित, एबीवीपी के मनीष कुमार मीणा, किसान नेता रामकेश बारवाड, प्यारेलाल डीलर, बनवारी मीणा, विजय खेडली आदि कई किसान नेता किसान आमजन भारी संख्या में मौजूद रहे।

# मॉडल स्कूल के बच्चों ने हाईवे जाम किया

## किताबें उपलब्ध कराने व पर्याप्त शिक्षक लगाने की मांग रखी

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को 12 बाईपास बदनी की ढाणी स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के बच्चों ने डिजिटल कंप्यूटर योजना के नाम पर फीस वसूलने सहित विभिन्न मांगों को लेकर हाईवे के दोनों ओर जाम लगाकर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने अपनी परेशानियां बताते हुए बताया कि परीक्षाएं नजदीक हैं लेकिन अभी तक हमें किताबें नहीं उपलब्ध हो पाई हैं जबरन डिजिटल कंप्यूटर योजना के नाम पर वसूली की जा रही है पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं हैं। वहीं हाईवे पर जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

छात्रों द्वारा अचानक स्कूल को छोड़कर हाइवे पर आने से स्कूल के प्रिंसिपल, स्टाफ, शिक्षा विभाग व पुलिस अधिकारियों के हाथ-पैर फूल गए और हाइवे पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे छात्रों को समझाने लगे लेकिन छात्रों ने इनकी एक भी नहीं सुनी और प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने वाहनों को डायवर्ट कर दूसरी तरफ से निकालकर विद्यार्थियों को समझाइश की गई। उसके बाद विद्यालय की प्रिंसिपल अनिता मीना ने छात्रों को हाथों -हाथ किताबें उपलब्ध करवाई और अन्य सुविधाओं को दिलवाने का आश्वासन दिया तब जाकर छात्र माने और जाम हटाया।



प्रदर्शन के दौरान हाइवे पर बैठे मॉडल स्कूल के छात्र।

■ वहीं डिजिटल कंप्यूटर योजना के नाम पर फीस वसूली जा रही है

# पत्नी के स्थान पर जांच के लिए पति का लिया सैंपल

## लेबोरेट्री कर्मी की चूक, चिकित्सक ने महिला की लिखी थी जांच

**सुजानगढ़, (निसं)।** राजकीय बगडिया अस्पताल की लेबोरेट्री में कार्यरत कर्मचारियों की गुरूवार को बडी लापरवाही देखने को मिली है। दरअसल अस्पताल में भर्ती माली देवी(35) पत्नी दयालाराम निवासी सोनियासर कि डॉ. दिलीप सोनी ने खून की जांच लिखी थी। जिस पर बिमार महिला माली देवी की पर्ची लेकर उसका पति दयालाराम बगडिया अस्पताल की लेबोरेट्री में पहुंचा। जहां पर कार्यरत एक कर्मचारी ने उसकी पत्नी की जगह उसके खून का सैम्पल लेकर उसकी जांच कर दी।

इस पूरे प्रकरण में सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र गुर्जर ने लेबोरेट्री के जांच प्रभारी राजेश से दूरभाष पर बात कर बताया कि अस्पताल में भर्ती मल्ली देवी के स्थान पर उसके पति का सैम्पल ले लिया गया है। जिस पर राजेश ने कहा कि कई बार नाम की वजह से भी दूसरे का सेम्पल ले लिया जाता है। गुर्जर ने कहा कि गांव के आदमी ने भूल में सेम्पल दे दिया लेकिन अस्पताल के स्टाफ को पर्ची सही से देखकर जांच करनी चाहिये थी। वहीं इस मामले में पीएमओ डॉ.सुरेश कलानी ने डॉ.दिलीप सोनी से बात करने का कहा। डॉ.दिलीप सोनी ने कहा कि में जयपुर हूं, कल सुबह इस मामले में आपको जानकारी दे सकता हूं।



अस्पताल में भर्ती महिला माली देवी।

# लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. नैन ने डेजर्ट कोर का दौरा किया

**जोधपुर, (कासं)।** लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. नैन, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, एड-डी-कैंप, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी कमान ने 26 से 29 सितंबर तक जोधपुर सैन्य स्टेशन में मुख्यालय, डेजर्ट कोर का दौरा किया। उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, विशिष्ट सेवा मेडल, जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों पर जानकारी दी। सेना कमांडर ने फॉर्मेशन स्टाफ के साथ बातचीत की और उच्च मनोबल और परिचालन तत्परता बनाए रखने के लिए सभी रैंकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उन संरचनाओं को भी पुरस्कार प्रदान किए जिन्होंने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मौजूदा संसाधनों को संशोधित करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जोधपुर सैन्य स्टेशन के सभी अधिकारियों को संबोधित किया और चुनौती के लिए लगातार तैयार रहने और "भविष्य के युद्धों" से लड़ने के लिए पेशेवर रूप से मजबूत और उभरते खतरों के साथ गठबंधन करने का आव्हान किया।

# 5 वर्षीय बच्ची को पिकअप ने कुचला, मौके पर मौत

**पावटा, (निसं)।** स्कूल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से ठिकरिया से आगे टोरडा ब्राह्मण से पहले गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक पांच वर्षीय बच्ची की जान चली गई।

नजदीकी गांव तुलसीपुरा में निजी स्कूल में नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली ईशिका के स्कूल की बस से उतरते ही एक पिकअप की चपेट में आने से पिकअप का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ठिकरिया व टोरडा ब्राह्मण की ढाणी सिंहावाली निवासी चरण सिंह चौधरी की पुत्री ईशिका (5) प्रागपुरा थाना क्षेत्र के तुलसीपुरा स्थित एक निजी स्कूल में पढती थी। गुरुवार शाम करीब 4 बजे स्कूल की बस बच्ची को छोड़ने के लिए उसके घर के सामने रुकी।

घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए थे। लोगों का कहना था कि स्कूल बस से बच्चों को उतारने के बाद उन्हें सड़क पार कराने और घर तक सुरक्षित पहुंचाने की जिम्मेदारी खलासी की होती है। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा पुलिस एएसआई जयराम, हेड कांस्टेबल सवाई सिंह ने शव को कब्जे में लेकर कोटपूतली बीडीएम हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रागपुरा पुलिस द्वारा पिकअप को जप्त कर लिया गया है। स्कूल बस ड्राइवर व कंडक्टर को भी थाने में बुलाया गया है।



मृत बच्ची।

■ स्कूल बस से उतरकर रोड पार करने के दौरान हुआ हादसा

# रीट का परिणाम जारी, 63.63 प्रतिशत रहा

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 23 व 24 जुलाई को आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2022 का परिणाम गुरूवार शाम 5.00 बजे जारी कर दिया गया। रीट का परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध है। रीट के मुख्य समन्वयक एल .एन. मंत्री और समन्वयक मेघना चौधरी द्वारा जारी संयुक्त बयान में बताया गया कि स्तर द्वितीय की परीक्षा तीन पारियों में होने के कारण स्केलिंग, नार्मलाईजेशन की प्रक्रिया अपनाई गई।

इस प्रक्रिया का फार्मूला रीट की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि रीट स्तर-प्रथम की परीक्षा में 3,20,014 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए जिनमें से 2,03,609 पात्र घोषित किये गये। इस तरह परीक्षा परिणाम 63.63 प्रतिशत रहा। स्तर- द्वितीय की परीक्षा में 11,55,904 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए जिनमें से 6,03,228 पात्र घोषित किये गये। इस तरह परीक्षा परिणाम 52.19 प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय है कि रीट 2022 की उत्तीर्ण पात्रता आजीवन रहेगी।

# बनेठा थाने का एएसआई 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर टोंक इकाई द्वारा गुरुवार को कार्यवाही करते हुये सुरेश सिंह चौधरी सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेठा, जिला टोंक को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

■ आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की टोंक इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज प्रकरण में कार्यवाही नहीं करने एवं गिरफ्तार नहीं करने की एवज में अनुसंधान अधिकारी सुरेश सिंह चौधरी सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेठा, जिला टोंक द्वारा 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस समीर कुमार सिंह के सुपरवीजन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर सुरेश सिंह चौधरी पुत्र देवालाल निवासी बगड़ी, तहसील पीपलू, जिला टोंक हाल सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेठा को गिरफ्तार किया।



एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर टोंक इकाई ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

# बिजली ऑफिस चाकसू को कुर्क करने के आदेश



एईएन को दोषी मानते हुए अधिकारियों ने कार्यवाही की।

**चाकसू, (निसं)।** अतिविशिष्ट सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 15 चाकसू जयपुर महानगर प्रथम विकास राम चौधरी ने एक उपभोक्ता द्वारा बिजली बोर्ड चाकसू के खिलाफ कोर्ट में चल रहे मामले में बिजली विभाग के एईएन को दोषी मानते हुए बिजली विभाग के ऑफिस को सील करने के आदेश बुधवार को दिए थे। आदेश के बाद गुरुवार को विजेन्द सोठवाल सहयक नाजिर चाकसू, रामचरण मीणा, परिवादी वकील एपी सिंह एवं अर्जुन सिंह हिगोनिया एडवोकेट और परिवादी मन्नालाल वार्ड नंबर 15 तहसील चाकसू की मौजूदगी में बिजली विभाग के ऑफिस को सील कर दिया गया।

परिवादी के वकील एपी सिंह एवं एडवोकेट अर्जुन सिंह हिंगोनिया ने बताया कि परिवादी की कोटखावदा रोड पर जमीन है पहले दूसरी तरफ रोड के समांतर हाई टेंशन लाइन जा रही थी लेकिन बिजली विभाग ने नियम विरुद्ध परिवादी की जमीन से लाइन शिफ्ट कर दी। इसके खिलाफ परिवादी ने न्यायालय में वाद दायर किया था। वाद दायर होने के बाद न्यायालय ने इसकी सुनवाई करते हुए परिवादी की जमीन से खींची गई हाईटेंशन विद्युत लाइन को निशुल्क हटाने की डिक्री पारित की गई थी और उस डिक्री की पालना बिजली विभाग ने नहीं की और न ही न्यायालय में उपस्थित हुआ उपरोक्त प्रकरण में न्यायालय ने चाकसू को दोषी मानते हुए चाकसू के व्यक्तिगत बैठक कक्ष को कुर्क करने के आदेश दे दिए।

# शनिवार से बदलेगा ट्रेनों का समय

**जोधपुर, (कासं) ।** रेलवे ने ट्रेनों के संचालन को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव जोधपुर-जयपुर इंटरसिटी को पाली तक बढ़ाकर किया है। साथ ही ट्रेनों की स्पीड बढ़ा मौजूदा समय से 5-10 मिनट का बदलाव भी किया है। यह बदलाव साल 2019 के बाद हुआ है। जिसे 1 अक्टूबर से लागू किया जाएगा। नए टाइम टेबल के अनुसार जोधपुर सिटी स्टेशन की 39, भगत की कोठी की 8, मेड़ता रोड की 24, बाड़मेर की 12 और जैसलमेर की 5 ट्रेनों का समय बदला है।

रेलवे मंत्रालय ने नई ट्रेनों की सौगात भी दी है। इसके तहत एक नई ट्रेन दादर-भगत की कोठी के लिए 25 सितंबर से शुरू की है। जबकि अगले साल मार्च में दो जोड़ी नई ट्रेनें 25 से 30 मार्च से संचालन होगा। गाड़ी संख्या 20487 बाड़मेर-दिल्ली वाया जोधपुर-जयपुर सप्ताह में दो दिन सोमवार व गुरुवार 28 मार्च से चलेगी। गाड़ी संख्या 22488 दिल्ली-बाड़मेर वाया जयपुर-जोधपुर सप्ताह में दो दिन शुक्रवार व मंगलवार को 25 मार्च से चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 20489 बाड़मेर-जयपुर वाया जोधपुर सप्ताह में 5 दिन मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को 29 मार्च से चलेगी। गाड़ी संख्या 20490 जयपुर-बाड़मेर वाया जोधपुर सप्ताह में 5 दिन चलेगी। सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार व रविवार को 30 मार्च से संचालन होगा। 5 ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से चलेंगी।

# द्वितीय राउण्ड की रिपोर्टिंग एक अक्टूबर तक

**कोटा, (निसं)।** देश की आईआईटी, एनआईटी समेत 112 संस्थानों की 54 हजार 477 सीटों के लिए जोसा काउंसलिंग के दूसरे राउण्ड के सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन रिपोर्टिंग 1 अक्टूबर शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। विद्यार्थी जिनकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान अपलोड किए गए डॉक्यूमेंट्स में कमी पाई जाएगी, उन्हें 2 अक्टूबर शाम 5 बजे तक पूछे गए सवालों का रेस्पॉन्स देना होगा अन्यथा उनकी सीट निरस्त कर दी जाएगी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार जोसा काउन्सलिंग के दूसरे राउंड के सीट आवंटन में जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से 8 लाख 57 हजार 734 रैंक वाले छात्र को ओपन केटेगरी में एनआईटी मिजोरम में होम स्टेट कोटे से इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच आवंटित मिली है। इसके साथ ही जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 15 हजार 296 रही जो कि आईआईटी धारवाड़ की इंट्राडीसिप्लनरी साइंस की है। वही दूसरी ओर फीमेल पूल कोटे से सुपर न्यूमेरेरी सीटें मिलाकर 7 लाख 76 हजार 488 रैंक वाली लड़की को ओपन केटेगरी में एनआईटी मिजोरम में होम स्टेट कोटे से मकेनिकल ब्रांच मिली है। फीमेल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 23 हजार 940 रही जोकि आईआईटी धारवाड़ की इंट्राडीसिप्लनरी साइंस की है।

अमित आहूजा के अनुसार दूसरे सीट आवंटन के बाद आईआईटी मुम्बई की सीएस की क्लोजिंग एआईआर जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से 60, दिल्ली की 102, मद्रास की 167, कानपुर की 236, खड़गपुर की 295, रुड़की की 408, हैदराबाद की 585, गुवाहाटी की 589 रैंक एवं बीएचयू की 858 रही। इसके विपरीत फीमेल पूल कोटे से सुपर न्यूमरेरी सीटें मिलाकर आईआईटी मुम्बई की क्लोजिंग एआईआर 305, दिल्ली की 450, मद्रास की 617, कानपुर की 766, खड़गपुर की 905, रुड़की की 1463, हैदराबाद की 1503 एवं गुवाहाटी की 1762 एवं बीएचयू की 2309 रही। इस वर्ष छात्राओं के लिए 20 प्रतिशत सुपर न्यूमेरेरी कोटा करने से पीछे की रैंक पर भी अच्छे आईआईटी की कोर ब्रांचेज प्राप्त हुई।

■ डॉक्यूमेंट्स में कमी पाए जाने वाले अभ्यर्थी को 2 अक्टूबर तक रेस्पॉन्स देना होगा

# ट्रोमल मशीन से रोज साफ होगा 2500 टन कचरा

**चूरू, (कासं)।** चूरू में 40 लाख रुपए की लागत से आई ट्रोमल मशीन से अब प्रतिदिन 2500 टन कचरा साफ होगा। मशीन का शुभारंभ कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग एवं सभापति पायल सैनी ने गुरुवार को किया।

इस मौके पर सभापति पायल सैनी ने कहा कि चूरू शहर को कचरामुक्त करने की दिशा में यह मशीन महत्त्वपूर्ण साबित होगी। इससे रोज 2500 टन कचरा साफ होगा। वैज्ञानिक तरीके से चार वर्गों में एक साथ कचरा साफ होकर खाद तैयार होगी। कांच के टुकडे अलग होंगे। पत्थर व मोटा कचरा अलग होगा तथा प्लास्टिक व थैलियां अलग की जाएंगी। हनुमानगढी से सारा कचरा साफ होने के बाद इस मशीन को राजगढ रोड पर लगाया जाएगा।

इस अवसर पर कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने कहा कि चूरू शहर को कचरा मुक्त करना ही हमारा लक्ष्य है। यह मशीन आने से इसमें काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर आयुक्त मेघराज डूडी, एक्सईएन पूर्णिमा यादव, पार्षद युसुफ खां, चन्द्रप्रकाश सैनी, गोकुल शर्मा, कुलदीप व लोकेश आदि उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने दी हिरण शिकार प्रकरण में अग्रिम जमानत

## ओसियां वन अधिकारी ने दो मादा हिरणों का शिकार करने की दी थी रिपोर्ट

**जोधपुर, (कासं) ।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने ओसियां क्षेत्र में हिरण शिकार के एक मामले में वांछित आरोपी को अग्रिम जमानत प्रदान की है। इस मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी ओसियां ने इस वर्ष 28 अप्रेल को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी कि क्षेत्र में 2 मादा हिरणों का शिकार किया गया था। जिसमें दोनों मादा चिंकारा हिरण, बन्दूक व अन्य हथियार और उपकरण बरामद कर जब्त किए गए थे। इस मामले में चार लोगों को आरोपी बनाया गया था।

इस मामले में आरोपी टापू गांव निवासी जब्बरसिंह की ओर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई। उसकी तरफ से पेश वकील निखिल भंडारी ने न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग की अदालत में बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी लादूराम व लालचंद को गिरफ्तार किया गया था। इन दोनों से हथियार सहित अन्य सामग्री भी बरामद कर ली गई थी। बाद में दोनों को इसी कोर्ट से जमानत भी प्रदान की गई। इस मामले में जब्बर सिंह को झूठा फंसाया जा रहा है। मुल्जिम घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं था, उससे बन्दूक या अन्य कोई हथियार की बरामदगी नहीं हुई है और भविष्य में भी इन हथियारों की बरामदगी की कोई सम्भावना नहीं है, क्योंकि इन हथियारों से मुल्जिम का कोई सम्बन्ध नहीं है।

राज्य सरकार की तरफ से जब्बरसिंह को अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध किया गया। न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने जब्बरसिंह को इस शर्त के साथ अग्रिम जमानत प्रदान कर दी कि पुलिस की ओर से इस मामले की जांच में बुलाए जाने पर उसे हाजिर होना पड़ेगा।

# भरतपुर-धौलपुर के 1,085 गांवों को पानी देने वाली परियोजना को मिली वित्तीय मंजूरी

## एसीएस पीएचईडी की अध्यक्षता में आरडब्ल्यूएसएसएमबी की वित्त समिति की बैठक

**जयपुर, (कासं)।** भरतपुर जिले के 8 शहरों एवं 953 गांवों तथा धौलपुर जिले के 132 गांवों को चम्बल नदी का पानी उपलब्ध कराने के लिए 3 हजार 106 करोड़ रूपए की चम्बल-धौलपुर-भरतपुर वृहद पेयजल परियोजना को अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति की बैठक में मंजूरी दे दी गई है।

इस वृहद पेयजल परियोजना में भरतपुर जिले के 8 शहर- भरतपुर, रूपवास, उच्चैन, कुम्हेर, डीग, नगर, कामां एवं सीकरी तथा भरतपुर एवं धौलपुर जिले के कुल 1085 गांवों की वर्ष 2054 तक की कुल अनुमानित 37 लाख 89 हजार की आबादी को पेयजल से लाभान्वित किया जाएगा।

जल जीवन मिशन के तहत इस परियोजना में धौलपुर एवं भरतपुर जिले में कुल 1 लाख 93 हजार 285 क्रियाशील घरेलू जल संबंध जारी किए जाएंगे। उदयपुर जिले के कानोड़ में 19 करोड़ 24 लाख रूपए की पुनर्गठित शहरी जलप्रदाय योजना को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

दौसा शहर में जरूरत के मुताबिक सितम्बर से मार्च तक टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 19 लाख रूपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। बांदीकुई कस्बे में पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 16 लाख रूपए, बसवा में 84 लाख 65 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई। चौमूं कस्बे में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 82 लाख रूपए, झुंझुनूं जिले के पिलानी कस्बे में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए 25 लाख 20 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई। जैसलमेर शहर में भी पेयजल आपूर्ति के लिए 18 लाख रूपए की मंजूरी दी गई।

■ कानोड़, दौसा शहर, बांदीकुई, बसवा, चौमूं, पिलानी कस्बे में पेयजल टैंकर सप्लाई के लिए स्वीकृति दी


## कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राज.) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक : आर.ओ (ओ.आर)/1070

**ई-निविदा सूचना**

दिनांक :- 23/09/2022

नगर निगम, अजमेर की ओर से निगम सीमा क्षेत्र में निम्न विज्ञापन कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक, अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

महत्वपूर्ण दिनांकों का विवरण

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 23.09.2022 | 3:00 PM |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलना समाप्त होने की दिनांक व समय | 07.10.2022 | 6:00 PM |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 23.09.2022 | 3:00 PM |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम की दिनांक व समय | 07.10.2022 | 6:00 PM |
| निविदा शुल्क/धरोहर राशि (अमानत राशि) की मूल प्रति अन्यकर शाखा में जमा कराने की दिनांक एवं समय | 10.10.2022 | 02:00 PM तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 10.10.2022 | 05:00 PM |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित निविदा राशि (सरकारी बोली) | निविदा की अवधि | धरोहर राशि (अमानत राशि) | निविदा शुल्क | ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थापित विद्युत पोल (कियोस्क) (डिवाईडर के बीच व रोड के दोनो साईड के विद्युत पोल) पर साईज (40"x30" इंच) के विज्ञापन प्रदर्शन | 57,43,000/- प्रतिवर्ष | कार्यादेश की दिनांक से 8+2 वर्ष | 2,87,000/- | 1000/- | 1000/- |
| 2 | 47 कम्यूनिटी टॉयलेट व 24 पब्लिक टॉयलेट पर बी.ओ.टी. आधार पर विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु साईज (16'x8' फीट) | 71,00,000/-प्रतिवर्ष समस्त 47 सी.टी. व 24 पी.टी. | कार्यादेश की दिनांक से 8+2 वर्ष | 3,55,000/- | 1000/- | 1000/- |

निविदा की महत्वपूर्ण शर्तें निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in,www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करानी होगी।
2. निविदा की प्रक्रिया ऑन लाईन होगी।
3. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सम्पूर्ण निविदायें नही खोली जा सकती है, तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदायें खोलने का कार्य जारी रखा जावेगा।
4. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि (अमानत राशि) हेतु निर्धारित राशि के बैंकर्स चैक, डी.डी. आयुक्त नगर निगम, अजमेर के नाम देय की मूल प्रति नगर निगम, अजमेर कार्यालय में नियमानुसार निर्धारित तिथि से पूर्व जमा करवाना आवश्यक है। निर्धारित राशि का डी.डी./ बैंकर्स चैक शुल्क ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है। धरोहर राशि (अमानत राशि) के अभाव में निविदा अमान्य होगी।
5. ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क 50 लाख से नीचे के लिये 500/- रूपये एवं 50 लाख से अधिक के लिये 1000 /- रूपये MD RISL, JAIPUR के नाम देय का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट /बैंकर्स चैक निर्धारित तिथि से पूर्व नगर निगम, अजमेर कार्यालय में जमा कराना होगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता को रहेगा।

NIB No. : ANN2223A0138. NIB is. (1) ANN2223SLOB00311 (2) ANN2223SLOB00312

राजस्व अधिकारी (अन्यकर)
नगर निगम, अजमेर

Raj./Samwad/C/8400/2022-23

उपायुक्त
नगर निगम, अजमेर

## संक्षिप्त

### विजय निर्विरोध अध्यक्ष बने

**खैरथल, (निसं)।** समीपवर्ती गांव जिलोता में दी ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक मंडल के हुए चुनाव में विजय सिंह नरूका निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इसी के साथ मोती राम नत्थुरमल को भी निर्विरोध रुप से उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिलोता ग्राम सेवा सहकारी समिति मुख्यालय पर संपन्न कराए गए चुनाव में विजय सिंह नरूका निर्विरोध अध्यक्ष और मोती राम नत्थुरमल उपाध्यक्ष चुने गए। जबकि संचालक मंडल में कैलाश चंद, रोहिताश, सोहनलाल, वीरपादेवी, करनैल सिंह पूनम देवी, जयसिंह, ईशाक खां व हुकम चंद सदस्य चुने गए।

### सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन

**बोराज, (निसं)।** कस्बे के ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गुरुवार को सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा के मुख्य आतिथ्य में रविवार 9 अक्टूबर को डोला का बास चौंमू में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2022 के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर ताराचंद मीणा , सत्यनारायण , बंटी मीणा ,पंचायत सचिव हनुमान प्रसाद , पूर्व सरपंच बाबूलाल मीणा , हरि नारायण मीणा ,रेलवे अधिकारी मनोज खिरवा ,राजेंद्र पटवारी , बजरंग लाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

### स्वराज -संवाद पदयात्रा का स्वागत

**फागी, (निसं)।** महात्मा गांधी एवं विनोबा के रचनात्मक कार्यों के क्रियान्वयन एवं अनुभवों का सन्देश देती स्वराज सन्देश-संवाद पदयात्रा बांसवाड़ा से 500 किलोमीटर की यात्रा तय कर आज फागी पहुंची। फागी में जगह- जगह स्वराज सन्देश संवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास के सही उदाहरण, स्वराज तथा स्वराज द्वारा समाधान को समाज और समुदाय के बीच में प्रतिस्थापित करने तथा समुदाय के आग्रह को व्यापक स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा से जन समूह व अन्य समुदाय के लोग जुड़ने से अपने आप को रोक नहीं पा रहे हैं।

### क्वारंटाइन सेन्टर की साफ-सफाई की

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा नगर पालिका के तत्वावधान में स्कूल खेल मैदान में संचालित लम्पी रोग ग्रस्त गौवंश के क्वारंटाइन सेंटर पर गौ जल सेवा परिवार एवं अन्य गौ सेवकों के द्वारा लगातार सेवा की जा रही है। इसी क्रम में गौ जल सेवा परिवार के संस्थापक अमर चन्द सैनी ने बताया कि संत डॉक्टर गुरमीत रामरहीम सिंह इंसा की प्रेरणा से फुलेरा के डेरा सच्चा सौदा के 15-20 सेवादारों के द्वारा पूरे क्वारंटाइन सेंटर की साफ सफाई की गई। साथ ही पूरे वातावरण की शुद्धि हेतु अजवाइन, हल्दी और नीम पत्तों से धुआं करके पूरे कोरेण्टाइन सेंटर को कीटाणु रहित किया।

# राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का जिला स्तरीय शुभारम्भ

**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ियों को अपनी कला का जोहर एवं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल निश्चित रूप से वरदान साबित होगा।

सौहार्द्र और सद्भाव के रंग, खेलों के संग के ध्येय को सार्थक करने की दिशा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं खेल मंत्री अशोक चांदना का यह महत्वपूर्ण निर्णय ग्रामीण अंचल के खिलाडियों को एक मंच प्रदान करेगा।

- **ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए राजीव गांधी ओलंपिक वरदान साबित होगा : मंत्री जूली**




**मंत्री टीकाराम जूली ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के शुभारम्भ के अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित किया।**

मंत्री जूली गुरूवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल के शुभारम्भ के अवसर पर खिलाडियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार राजस्थान पहला राज्य है जहां ग्रामीण खिलाडियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए ऐसा आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण ओलंपिक में उम्र के बंधन नहीं होने से सास-बहु, देवरानी-जेठानी के साथ स्कूल विद्यार्थी खेल-खेलकर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हो रहे हैं। मैदान पर मालाखेडा व तिजारा की क्रिकेट टीम ने ओलंपिक खेलों की शुरूआत की। मंत्री जूली ने पहली बॉल पर शॉट लगाकर ग्रामीण ओलम्पिक का शुभारम्भ किया जहां अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की महुआ खुर्द के सरकारी स्कूल की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया वही नन्हे बालकों ने आदिवासी नृत्य पेश कर स्टेडियम में रोमांच भर दिया।

इस अवसर पर विधायक बलजीत यादव, जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रधान वीरमती, दौलतराम जाटव, नसरू खां, डॉ. चन्द्रभान गुर्जर, सभापति घनश्याम गुर्जर, बस्तीराम यादव, आयुक्त धर्मपाल जाट, जिला खेल अधिकारी विनोद कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओपी सहारण, उपखण्ड अधिकारी प्यारेलाल सोठवाल, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल सहित 16 पंचायत समितियों के 565 गांवों की टीम व आमजन उपस्थित रहे।

## बावड़ी के सफाई कार्य का निरीक्षण

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** एसडीएम गंगाधर मीणा ने किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में शहरी नरेगा रोजगार योजना के तहत चल रहे बावडी सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण कर सफाई कार्य का जायजा लिया और हरसोली महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के मतदान केंद्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को देखा।

एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में ऐतिहासिक बावडी पर नरेगा शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत श्रमिकों द्वारा कराई जा रही सफाई का आकस्मिक पहुंचकर निरीक्षण किया और उपस्थित श्रमिकों की हाजिरी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा गांव हरसोली के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के मतदान केंद्र का अवलोकन कर प्रभारी को व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया।

## चोरी की गई बाइक बरामद की

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने एक चोरी की गई बाइक को जप्त किया है। 24 सितबर को परिवादी घनश्याम पारिक निवासी पावटा ने थाने पर उपस्थित होकर दर्ज करवाया था कि कस्बे के पुराने पंचायत भवन में इंदिरा रसोई के सामने से खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। प्रकरण में प्रागपुरा पुलिस ठिकरिया से चोरी की गई बाईक बरामद की।

## सार-समाचार

### देवी मां का दरबार सजाया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर में नवरात्रा स्थापना के साथ ही चारों ओर भक्तीमय माहौल नजर आ रहा है। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन देवी मंदिर तथा पांडालों में आयोजित महोत्सव में सुबह से ही दर्शन को श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। जय मां दुर्गा पूजा महोत्सव समिति की ओर से शारदीय नवरात्र महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजन स्थल कानूनगों के नोहरे में पांडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा को विराजित है। जैसे ही महाआरती शुरू होते ही महिला श्रद्धालुओं की भीड़ बढने लगी और श्रद्धालुओं ने जय मां अंबे के जयकारों के साथ पूजा आरती की। नवरात्र महोत्सव में प्रतिदिन पं.महेंद्र शास्त्री द्वारा देवी पूजन और संगीतमय महाआरती, दुर्गा सप्तशती पाठ,भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। समिति अध्यक्ष अनिल बागरियावासवाले ने बताया कि इस वर्ष देवी भक्तों में विशेष उत्साह है। देवी भक्तों ने विधि विधान के साथ मां की पूजा अर्चन करके सुख समृद्धि कामना कर रहें हैं। इस बार 4 अक्टूबर तक होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वही बाल्मीकि समाज द्वारा अंबेडकर पार्क, अंबेडकर पार के पास हरिजन बस्ती , सूतलियावाली ढाणी आदि जगहों पर माता रानी के पांडाल सजे हुए हैं, वही शाम को महा आरती में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ता है। वह माता रानी के जय घोष में गुंजायमान हो जाता है।

### दो महिलाओं ने किया बालक के अपहरण का प्रयास

**टोंक, (निसं)।** टोंक शहर में दो दिन पूर्व एक ढाई वर्षीय बालक का अपहरण का प्रयास करने के मामले में बालक के पिता ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर दो औरतों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। इस घटना के बाद शहर के लोगों में भय व्याप्त है। हुमायूं अनवर पुत्र मो. इनायतुल्ला खां निवासी मरजीना बैगम की हवेली ट्यूबबैल के पास ने पुलिस अधीक्षक एवं शहर कोतवाली पुलिस में दिए पत्र में बताया कि 27 सितम्बर को दोपहर उसके निवास पर दो काले बुर्खे में औरतें आईं, उस समय उसका पुत्र घर के दरवाजे पर खड़ा था, उन औरतों ने बालक को हाथ के इशारे से बुलाना चाहा, उसी समय उसकी पत्नी आई और उसने औरतों से पूछा कि कैसे आई हो, उन्होंने कहा कि पानी पीना है। उसकी पत्नी ने कहा कि मैं पानी लेकर आती हूं, वह बालक को भी गोद में उठाकर अंदर पानी लेने गई, जब वह बाहर पानी लेकर आई तो दोनो औरतें वहां से चली गई। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### बहरोड़ में दौड़ रहे बिना नंबर के वाहन

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे में सरपट दौड़ रहे बिना नंबर के वाहनों से अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। बहरोड़ कस्बे के पुराने बस स्टैंड के नारनौल मोड के आसपास व नेशनल हाईवे नम्बर 48 के पुल के नीचे अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों की अधिकता कस्बे का माहौल बिगाड़ रहे हैं। गौरतलब है कि सीआईएसएफ केंद्र अनंतपुरा में सेना की अग्नीवीरों की भर्ती के समय से जिसकी जानकारी मुख्य तिराहा नारनौल मोड पर ड्यूटी के दौरान तैनात कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा संदेहास्पद स्थिति जाहिर की गई थी। लगभग 15 दिन से बिना नंबर के अज्ञात वाहन जिसमें प्लेटिना आदि तो खड़ी ही रहती है बहरोड़ पुलिस की नजरों की पोल खोलता नजर आया तथा आसपास के दुकानदारों से जानकारी लेने की कोशिश की जाए तो इस बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं देकर बचते रहते हैं।

### विनायक क्लासेज ने परचम लहराया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी रीट पात्रता परीक्षा लेवल 1 एवं लेवल 2 का परिणाम जारी किया गया। जिसमें विनायक क्लासेज के कई अभ्यर्थियों ने पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर क्लासेज के निर्देशक संयोग भावरिया ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी रीट पात्रता परीक्षा में संस्थान के क्लासेज के 90 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने क्वालीफाई किया है एवं पात्रता परीक्षा में कुल सम्मिलित अभ्यर्थियों अभ्यर्थियों में 52 अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है ।इस अवसर पर क्लासेज में खुशी का माहौल रहा। निर्देशक ने सभी सफल अभ्यर्थियों को रीट मुख्य परीक्षा में सफल होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई साथ ही एमडी राकेश सर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चोरी करने वाले 2 जने गिरफ्तार

नारायणपुर, (निसं)। नारायणपुर पुलिस ने टायर पंक्चर के खोखे से चोरी करने के मामले में 2 जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अजय सिंह शेखावत ने बताया कि 27 सितम्बर को नारायणपुर बाईपास पर स्थित टायर पंक्चर के खोखे से अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी करने का मामला नारायणपुर के गोकुल द्वारा निवासी सुनील कुमार ने पुलिस थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की तो पुलिस ने लोकेश (20) पुत्र मुरलीधर जाति स्वामी निवासी डुंगा का बास थाना नारायणपुर, पुनित (19) पुत्र पुरुषोत्तम जाति स्वामी निवासी जिन्दौली थाना ततारपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी किया हुआ एक जैक, एक नट खोलने की मशीन बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने शोक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

## हीरो कंपनी के शोरूम दीक्षित मोटर्स का शुभारंभ



**खानुआ में हीरो मोटर्स कंपनी के शोरूम दीक्षित मोटर्स का राजीव शर्मा एसडीओ रूपवास ने फीता काटकर शुभारंभ किया।**

**जयपुर/भरतपुर, (निसं)।** खानुआ में हीरो मोटर्स कंपनी के शोरूम दीक्षित मोटर्स का गुरूवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव शर्मा एसडीओ रूपवास ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य आमंत्रित सदस्य ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा कांग्रेस, गिर्राज शर्मा बछामदी, सतीश व्यास, चंद्रशेखर व्यास, राजेश शर्मा, सतीश दीक्षित, पवन दीक्षित, दीपक दीक्षित, मनीष दीक्षित, चिराग दीक्षित, दाऊ दयाल पाराशर, अजीत पाराशर, नवीन पाराशर, रजत शर्मा सहित अनेकों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात दीक्षित मोटर्स के मालिक डॉक्टर दिनेश दीक्षित, नवीन दीक्षित ने सभी का स्वागत किया तथा आभार प्रकट किया।

# गौवंश के लिए जीवन दान बन रही समर्थ टीम

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्र में लम्पी बीमारी से ग्रसित गौवंश के उपचार व सेवा में समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान की टीम अनवरत रूप से जुटी हुई है। टीम के सदस्यों ने कोटपूतली के बानसूर रोड, राम विहार कॉलोनी, गंगा कॉलोनी, नागाजी की गौर, माधव विहार, बनेठी, रायकरणपुरा, पनियाला, सुदरपुरा, सुन्दरपुरा, मोलाहेड़ा, पूतली आदि गांवों में भी अपनी सेवा का योगदान करते हुए पीड़ित गौवंश के एन्टीवायरल इन्जेक्शन लगाकर उपचार किया।

उपचार के साथ-साथ बेसहारा घूमने वाली व पालतू गौवंश को चिन्हित कर आयुर्वेदिक लड्डू खिलाये। समर्थ टीम के सदस्य राकेश पाल सिंह ने बताया कि हमारी बनेठी टीम के सदस्यों ने 5-6 दिन पूर्व लम्पी से गंभीर रूप से घायल 43 गाय को क्वारंटाइन किया था जिनकी प्रतिदिन सेवा कार्य कर उनका ईलाज किया, ईलाज के बाद जो ठीक होती गई उनको गौशाला में छोड़ दिया गया साथ ही 4 नंदी महाराज को ठीक होने पर लंपी बाड़े के बाहर किया गया। टीम के सदस्य सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लंपी से पीड़ित गायों की सेवा कर पुण्य कार्य मे जुटे हुए हैं। उक्त सेवा कार्य में नेता प्रतिपक्ष प्रमोद कुमार सैनी गुरूजी, प्रफुल्ल रमन, दयाराम कुमावत, मधुर गोयल, पशुधन सहायक राहुल स्वामी, घनष्याम कुमावत, पशुधन सहायक सचिन कडाला (रामनगर), मोहनलाल यादव (पानेड़ा), मोहित यादव (रामगढ़), राकेश पाल सिंह, पुष्कर वर्मा, उपेंद्र सिंह, योगेश सिंह, विष्णु खारड़िया, सतीश वर्मा, विकास सिंह, राजेश मीणा, मनोज सिंह, दीपक सिंह, जीतू सिंह, भगीरथ सिंह, मोहित सिंह, अशोक वर्मा (बल्ला) सहित बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं।



**कोटपूतली में समर्थ सशक्त टीम दिन-रात गौसेवा में लगी हुई है।**

# विवाहिता ने फांसी लगाई

**मालपुरा, (निसं)।** डिग्गी थाना क्षेत्र के चांदसेन गांव में गुरूवार की दोपहर को एक विवाहिता ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली।

- **डीवाईएसपी व एफएसएल टीम ने जुटाये साक्ष्य**

चांदसेन गांव में 44 वर्षीय विवाहिता संजू पत्नी शंकर सैन के द्वारा आत्महत्या किये जाने की मिली सुचना पर डिग्गी थानाधिकारी कप्तान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में फंदे से झूल रही विवाहिता के शव को पुलिस सुरक्षा में लिया। मामला संदिग्ध मानते हुए मौके पर एफएसएल टीम बुलाई गई तथा घटना स्थल की फोटोग्राफी करवा साक्ष्य जुटाते हुए जांच शुरू की। विवाहिता द्वारा आत्महत्या की सूचना पर सरपंच रामस्वरूप मीणा भी मौके पर पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक विवाहिता के मौत के कारणो का खुलासा नहीं किया जा सका। पुलिस जांच मे जुटी है। डीवाईएसपी ने मृतक विवाहिता के पीहर व ससुराल पक्ष के लोगों से अलग-अलग चर्चा कर घटना को लेकर जानकारी जुटाई गई।

## नंदलाल जीएसएस अध्यक्ष बने

**टोंक, (निसं)।** ग्राम सेवा सहकारी समिति छान के चुनाव में अध्यक्ष ओ.बी.सी मोर्चा महामंत्री नंदलाल चौधरी छान एवं उपाध्यक्ष शिव बक्स गुर्जर को चुना गया। छान ग्राम सेवा सहकारी निर्वाचन अधिकारी महावीर गुर्जर की देखरेख मेंचुनाव हुआ। इस मौके पर भाजपा ओ.बी.सी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सैनी (बबलू टैंकर),मेहंदवास मंडल अध्यक्ष किशन गोपाल चौधरी दूनी मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल चौधरी छान सरपंच भंवर लाल बेरवा पूर्व सरपंच शिवनंदन चौधरी, किसान मोर्चा प्रवक्ता विनय चौधरी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हीरालाल सैनी, पूर्व भाजयुमो महामंत्री शैलेंद्र चौधरी सहकारी समिति मेंबर लक्ष्मीनारायण जाट, रंगलाल बेरवा शिवराज बेरवा,माया प्रजापत राम लाल चौधरी, प्रेम देवी चौधरी महेंद्र सैनी, बजरंग लाल गुर्जर , रामलाल गुर्जर, संजय मीणा, रंगलाल आदि मौजूद रहे।

# राम-भरत मिलाप की लीला देख दर्शक हुए भावुक

**पावटा, (निसं)।** आदर्श रामलीला मंडल पावटा में राम वन गमन के बाद जब भरत व शत्रुघ्न अपने ननिहाल से वापस आते हैं तो समाचार पाकर प्रभु श्रीराम को वन से वापस लाने का प्रयास करने के लिए वन को जाते हैं। लेकिन आखिरकार भरत को समझा-बुझाकर प्रभु श्रीराम (लक्की शर्मा) वापस भेज देते हैं। भरत खडाऊं लेकर अयोध्या आते हैं। यह दृश्य था आदर्श रामलीला मंडल पावटा द्वारा रंगमंचीय रामलीला के आठवें दिन बुधवार भरत मिलाप लीला के मंचन का।

- **भरत(दीपक भारद्वाज) के मार्मिक किरदार ने सबका मन मोहा**



**पावटा में आदर्श रामलीला मंडल द्वारा रामलीला के आठवें दिन भरत मिलाप लीला का मंचन किया।**

तालियों से दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। लीला में दिखाया गया कि भरत (दीपक) द्वारा माता कैकयी (मुकेश टेलर) पर क्रोधित होना व माता कौशल्या (मोहन गौड) को मनाना व भगवान राम को मनाने वनों में जाना, निषादराज (विकास पुजारी) से भेंट जैसे मार्मिक प्रसंगों को देख दर्शक अपनी आँखों में आंसू नहीं रोक पाए व भाव विभोर हो गए। वही भील नृत्य देख कर लोग आनंदित हुए। वही लीला में व्यास गद्दी पर बैठे मुकुंद माधव कौशिक द्वारा उच्चारित चौपाईयों व स्थानीय कलाकारों ने अपनी अदाकारी से मौजूद लोगों का मन मोहा।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी महेंद्र शर्मा (जयपुर), ब्रह्म समाज पावटा तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश मीणा, गजानंद टिलावत खेलना, पवन शर्मा जवानपुरा, विपिन शर्मा, अध्यक्ष सुरेश नयाबासी, महामंत्री चन्द्र प्रकाश गौड, सुरेश हरितवाल, बद्री प्रसाद चौहान, चेयरमेन प्रति निधि निर्मल पंसारी, विप्रवाहिनी तहसील अध्यक्ष दीपक पटेल, संजय सैन, भवानी शंकर अग्रवाल, कुंजीलाल सहित जनप्रतिनिधि व भामाशाह मौजूद रहे। जिनका आदर्श रामलीला मंडल पावटा के वरिष्ठजन राधेश्याम कश्यप, महेश पारिक, सुरेश शर्मा, उमेश टांक, अध्यक्ष योगेश शर्मा, सदस्य विष्णु पटेल, सुनील गौड, याली गुवारिया, सचिन गंगावत, चेतन जोशी, ललित शर्मा, नरेंद्र गौड सहित द्वारा सभी अतिथियो का माल्यार्पण कर व राम नाम का दुप्पटा उडाकर समानित किया गया। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी द्वारा आदर्श रामलीला मंडल पावटा मैदान का पट्टा श्री राम के हाथों में सौंपा।

## 'दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं'

**कोटपुतली, (निसं)।** दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सहसंयोजक एवं बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय अलवर के राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश बैरवा ने कोटपुतली के रामसिंहपुरा स्थित डॉ.अंबेडकर छात्रावास में डॉ अंबेडकर विचार मंच द्वारा आयोजित परिचर्चा में "आजादी के 75 वर्ष और दलित" विषय पर व्याख्यान देते हुए चिंता प्रकट की है कि देश आजादी के 75 वर्ष पूरे कर चुका है। संविधान लागू हुए 72 साल हो चुके हैं।

अमृतकाल का आगाज किया जा चुका है,लेकिन हम शहीदों और बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का समतामूलक भारत नहीं बना पाए। बड़ी शर्मिंदगी होती है यह जानकर कि देश में दलितों पर जुल्म और ज्यादती तेजी से बढ़ रहे हैं,जोकि लोकतंत्र एवं देश की एकता के लिए शुभकर नहीं है। प्रतिदिन 140 दलित उत्पीडन के शिकार होते हैं। प्रतिदिन 3 दलितों की हत्या होती है। प्रतिदिन 11 दलित महिलाओं के साथ दुष्कर्म होते हैं। प्रतिदिन 42 दलितों के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाई जाती है जिनमें जानलेवा हमले भी हैं। यह हाल तो तब है जब बड़ी संख्या में दलितों के साथ अत्याचार की रिपोर्ट थानों में जल्दी से दर्ज ही नहीं की जाती। बड़ी तादाद में एफआर कर मुकदमें झूंठे बता दिए जाते हैं,जिससे पीड़ित निराश होते हैं। उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान इन 3 राज्यों में अकेले 55 प्रतिशत दलित अत्याचार घटना घटित हुई हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सड़क निर्माण का शिलान्यास



**शिलान्यास कार्यक्रम को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधित किया।**

**लालसोट, (निसं)।** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा गुरुवार को उपखंड क्षेत्र की दौलतपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से क्रमोन्नत नवसृजित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम पंचायत रतनपुरा से बाढ रतनपुरा सड़क निर्माण का शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मीणा ने कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रथम बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कल्पना की गई थी। विधायक चुनने एवं मंत्री बनने के साथ ही उनके द्वारा तैयार कर लिया गया था कि लालसोट विधानसभा क्षेत्र का ऐसा कोई कोना या हिस्सा नहीं बचेगा जो चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं छूटता हो एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ज्यादा से ज्यादा बेहतर एवं उच्च शिक्षा मिले इसके लिए इच्छाशक्ति रखी गई थी। मंत्री मीणा ने कहा कि जब वे पहली बार विधायक बने थे तो ज्यादातर ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर मुश्किल से प्राथमिक स्तर तक के विद्यालय हुआ करते थे। लोगों द्वारा उनमें विश्वास रखा एवं लगातार उनको विधायक चुनकर विधानसभा भेजा है एवं जनता के आशीर्वाद से ही वे तीन बार मंत्री बने हैं। मंत्री मीणा ने कहा कि आज प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सीनियर सेकेंडरी स्तर का विद्यालय एवं उपखंड मुख्यालय पर बालिका कॉलेज की भी अलग व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य की परिकल्पना के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। शिलान्यास कार्यक्रम को पंचायत समिति के प्रधान नाथू लाल मीणा द्वारा भी संबोधित किया गया। इस दोरान खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी धीरज शर्मा, कैलाश त्रिवेदी, राधेश्याम लखेरा, सुल्तान अध्यापक, गोपाल जांगिड़, सरपंच भगवान सहाय, प्रीतम आदि लोग मौजूद रहे।



"कोई भी ऐसी चीजों को खेल में नहीं देखना चाहता। हर कोई चाहता है कि क्रिकेट के खेल में बल्ले और गेंद के बीच रोमांचक संघर्ष होना चाहिये।" - जोस बटलर

इंग्लैंड टीम के कप्तान, गेंद डालने से पहले गेंदबाजी छोर पर बल्लेबाज को रन आउट करने का समर्थन नहीं करते हुए।




**आज का खिलाड़ी** मो फराह



लंबी दूरी के स्टार धावक और चार बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मो फराह कूल्हे की चोट के कारण रविवार को होने वाली लंदन मैराथन से हट गए हैं। इस 39 वर्षीय धावक ने कहा कि अभ्यास के दौरान उनके दाहिने कूल्हें में चोट लग गई और वह दौड के समय तक फिट नहीं हो पाएंगे। ब्रिटिश धावक फराह ने कहा, "मैंने पिछले कुछ महीनों से वास्तव में कडा अभ्यास किया था और मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था और मुझे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी।" उन्होंने कहा, " लेकिन पिछले 10 दिनों से मैं अपने दाहिने कूल्हे मैं दर्द महसूस कर रहा था। मैंने इसका उपचार भी कराया।

**क्या आप जानते हैं ?...** नरूपमा संजीवन भारत की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी थी जिसने किसी ग्रैंड स्लैम में जीत दर्ज की। निरूपमा ने 1998 में ऑस्ट्रेलिया ओपन के पहेल राउंड में जीत दर्ज कर यह उपलब्धि हासिल की।

# टी20 विश्व कप से बाहर हुए बुमराह

बेंगलुरु, 29 सितंबर । भारतीय टीम के शीर्ष गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में स्ट्रैस फ्रैक्चर के कारण दक्षिण अफ्रीका टी20 शृंखला और आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से बाहर हो गये हैं।



क्रिकबज़ ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के हवाले से कहा कि बुमराह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का रुख करेंगे। अगर बुमराह विश्व कप से पहले पूरी तरह से फिट नहीं होते तो यह भारत के लिए झटका माना जाएगा।सूत्रों ने कहा कि विश्व कप के पहले मैच से पूर्व उनके फिट होने पर संदेह है, लेकिन उम्मीद बरकारर है।

बुमराह ने दो महीने की चोट के बाद वापस आकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टी20 मुकाबले खेले, हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में वह टीम का हिस्सा नहीं रहे। भारतीय टीम के फिजियो और चिकित्सीय दल ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि दक्षिण अफ्रीका शृंखला के बाकी दो मैचों के लिए भी उनके नाम पर विचार नहीं किया जा सकता और उन्हें एनसीए जाना होगा। उल्लेखनीय है कि स्ट्रैस फ्रैक्चर को ठीक होने में कम से कम चार हफ्तों का समय लगता है, और विश्व कप में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्टूबर को होगा जो सिर्फ तीन हफ्ते दूर है। बुमराह इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एशिया कप 2022 में भी भारत का हिस्सा नहीं बन पाए थे। बुमराह ऑस्ट्रेलिया शृंखला के लिए टीम में लौटने से पहले एनसीए में रिहैब से गुजरे थे। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने फिलहाल बुमराह की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार दक्षिण अफ्रीका शृंखला के लिये मोहम्मद सिराज के नाम पर विचार किया जा रहा है।

## सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने सूर्यकुमार

तिरुवनन्तपुरम, 29 सितंबर । भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक कैलेंडर वर्ष में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाडी बन गये हैं। सूर्यकुमार ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में यह उपलब्धि हासिल की। वह इस साल 40.66 की औसत और 180.29 के स्ट्राइक रेट से 732 रन बनाकर शिखर धवन (2018) के 689 रन के पहाड़ को पार कर चुके हैं। सूर्यकुमार ने कल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में 50 रन की नाबाद पारी खेली और तीन ओवर शेष रहते भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने पारी की शुरुआत में दो छक्कों के साथ पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान को पछाड़ते हुए एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय छक्के जड़ने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। रिज़नान ने 2021 में 42 छक्के जडे थे।

## दुनिया में सम्मान का खेलों की सफलता से सीधा जुड़ावः मोदी

अहमदाबाद, 29 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 36वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज करते हुए कहा कि दुनिया में सम्मान पाने का खेलों में सफलता से सीधा जुड़ाव होता है। मोदी ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर रंगारंग कार्यक्रम के बीच 36वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के मौके पर विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि वैश्विक खेलों में ऐसे देशों के खिलाड़ी अधिक पदक जीतते है। मोदी ने कहा, "दुनिया में सम्मान का खेलों से सीधा जुड़ाव होता है। आज दुनिया में जो देश विकास और अर्थव्यवस्था में शीर्ष पर है उनमें से ज्यादातर पदक तालिका में भी शीर्ष पर होते है।" उन्होंने कहा, "खेल के मैदान में खिलाडियों का दमदार प्रदर्शन अन्य क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित करता है। खेल दुनिया में 'सॉफ्ट पावर' का जरिया भी है। " उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार के कारण भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा मौके नहीं मिल पाये पर अब इसमें काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, "दुनिया ओलंपिक के जिन खेलों की दीवानी है, वे खेल हमारे यहां पहले सामान्य ज्ञान तक सिमट कर रह गये थे।"प्रधानमंत्री ने कहा, "अब माहौल नया है, 2014 से खिलाड़ियों ने खेलों में जो जलवा कायम करना शुरू किया वह तेजी से आगे बढ़ते जा रहा है।" गुजरात के विभिन्न शहरों में 12 अक्टूबर तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। इसमें 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 7000 से ज्यादा खिलाडी, 15000 से ज्यादा प्रतिभागी भाग ले रहे है।

## वरुण, कार्तिक ने बनाई संयुक्त बढ़त

गुरुग्राम, 29 सितंबर । अहमदाबाद के गोल्फर वरुण पारिख ने तीसरे राउंड में दिन के सर्वश्रेष्ठ स्कोर पांच-अंडर 67 के साथ कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इन्विटेशनल 2022 में गुरुवार को शीर्ष पर मौजूद कार्तिक शर्मा की बराबरी कर ली। कार्तिक ने एक करोड़ की पुरस्कार राशि की प्रतियोगिता में 72 का स्कोर बनाकर (कुल छह-अंडर 210) वरुण के साथ पहला स्थान साझा किया। बेंगलुरु के सैयद साकिब अहमद (71) चार-अंडर 212 के साथ तीसरे स्थान पर जबकि गुरुग्राम के मनु गंडास (73) तीन-अंडर 213 के साथ चौथे स्थान पर हैं। इस साल पीजीटीआई क्वालीफाइंग स्कूल के विजेता पारिख (73-70-67) ने छह बर्डी और एक बोगी के साथ तीसरे दिन आठवें स्थान से खेल शुरू किया और सात स्थान की छलांग लगाई। दूसरे होल पर बोगी के साथ धीमी शुरुआत के बाद 24 वर्षीय पारिख ने कुछ शानदार वेज शॉट खेलकर गति पकडी, जिसमें चौथे और नौवें होल की बर्डी शामिल थी। पारिख ने इसके अलावा 11वें, 12वें, 14वें और 15वें होल पर बर्डी खेली। दूसरे दिन तक दो शॉट की बढ़त बना चुके कार्तिक शर्मा (71-67-72) ने तीसरे दिन 72 के ऊंच-नीच भरे स्कोर के साथ पहला स्थान साझा किया। इसी बीच, गगनजीत भुल्लर और युवराज सिंह संधू पांच ओवर 221 के स्कोर से 26वें स्थान पर है।

## जिला स्तरीय ग्रामीण ओलम्पिक खेल शुरू

जयपुर 29 सितंबर। आंधी ने गुरूवार से सवाई मानसिंह स्टेडियम में शुरू हुई तीन दिवसीय जिला स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के पहले दिन अपना दबदबा कायम किया। आधी ने पुरूषं शुटिंगबॉल, महिला वॉलीबॉल, पुरूष वॉलीबॉल, पुरूष टेनिसबॉल क्रिकेट ;2 मैचद्ध और पुरूष हॉकी में आधा दर्जन मैच जीते।प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान की मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने किया। जिला कलेक्टर प्रकाश सिंह राजपुरोहित, नरेश कुमार ठकराल, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसविन्दर सिंह सिन्धू भी मौजूद थे व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## 'बर्मिंघम की गलतियों से सीख ली'

बेंगलुरु, 29 सितंबर । भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर नीलकांत शर्मा ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2022 में फाइनल की हार से टीम ने बहुत कुछ सीखा है और वह यह सुनिश्चित करने पर काम कर रहे हैं कि मैच की शुरुआत में विपक्षी टीम को जल्दी गोल न करने दें।

भारतीय टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 7-0 से हार गयी। टीम इस समय बेंगलुरु के राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण में आयोजित कैंप में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के लिये अभ्यास कर रही है।

नीलकांत ने ओडिशा में होने वाले विश्व कप की तैयारियों के बारे में कहा, "हम कैंप शुरू होने के बाद से राष्ट्रमंडल खेलों में अपने मैचों के वीडियो टेप देख रहे हैं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि हम शुरुआत में विपक्षी टीम को गोल न करने दें। अगर हम मजबूत शुरुआत करते हैं, तो हम पूरे खेल में अपने प्रदर्शन को बेहतर कर सकते हैं।"

उन्होंने कहा, "हमें एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के ग्रुप चरण में काफी मजबूत टीमों का सामना करना है और हम यह महसूस नहीं करना चाहते हैं कि हमने अंत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया। इसलिए एक अच्छे घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुरुआत महत्वपूर्ण है।"

## ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची इंडिया लीजेंड्स

रायपुर, 29 सितंबर । रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज की गत चैंपियन इंडिया लीजेंड्स ने नमन ओझा (नाबाद 90) और इरफान पठान (नाबाद 37) की नायाब पारियों के दम पर गुरुवार को यहां शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स को पांच विकेट से हराकर एक बार फिर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

बीते साल फाइनल में श्रीलंका को हराकर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के पहले संस्करण का खिताब जीतने वाली इंडिया लीजेंड्स ने ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिए गए 172 रनों के लक्ष्य को 19.2 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। ओझा ने अपनी 62 गेंदों की नाबाद पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए जबकि इस मैच को इंडिया लीजेंड्स की ओर मोड़ने वाले इरफान ने 12 गेंदों पर चार छक्के और दो चौके जड़े। नमन और इरफान ने छठे विकेट के लिये 22 गेंदों पर 50 रनों की साझेदारी करके इंडिया लीजेंड्स को लक्ष्य तक पहुंचाया।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। कंगारुओं ने बुधवार को बारिश के कारण खेल रोके जाने से पहले 17 ओवरों में पांच विकेट पर 136 रन बनाए थे। अगले दिन गुरुवार को जब दोपहर के वक्त खेल शुरू हुआ तो ऑस्ट्रेलिया ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 18 गेदों में 35 रन जुटा लिए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान शेन वाटसन ने 30, एलेक्स डूलन ने 35, बेन डंक ने 46 और कैमरन व्हाइट ने नाबाद 35 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हेडिन 12 रनों पर नाबाद लौटे। इंडिया लीजेंड्स की ओर से यूसुफ पठान और अभिमन्यु मिथुन ने दो-दो विकेट लिए जबकि राहुल शर्मा को एक सफलता मिली। वॉटसन और डूलन ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 43 गेंदों पर 70 रनों की साझेदारी की। वॉटसन 21 गेंदों पर 6 चौके लगाने के बाद आउट हुए। डूलन भी अधिक देर तक नहीं टिक सके और 78 के कुल योग पर 31 गेंदों पर पांच चौके लगाने के बाद यूसुफ का शिकार हुए।

यूसुफ ने कैलम फर्ग्यूसन (10) और मिथुन ने नेथन रियरडन (5) को अधिक देर नहीं टिकने दिया लेकिन बेन डंक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों का मनोरंजन किया। डंक ने 131 रन के कुल स्कोर पर पवेलियन लौटने से पहले 26 गेंदों पर पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हेडिन विकेट पर आए लेकिन साथ ही बारिश भी आ गई। बारिश के कारण बुधवार को आगे का मुकाबला नहीं हो सका और इसे गुरुवार को वहीं से शुरू करने का फैसला किया गया जहां यह रोका गया था। उस समय व्हाइट छह रन और हेडन एक रन पर नाबाद थे।

ऑस्ट्रेलिया के 171 रन के जवाब में भारत ने भी अच्छी शुरुआत। कप्तान सचिन तेंदुलकर (10) और नमन ओझा ने पहले विकेट के लिए 32 गेंदों पर 38 रन जोड़े। सचिन हालांकि बड़ा स्कोर नहीं कर सके और इसी योग पर आउट हुए। सचिन ने 11 गेंदों का सामना कर दो चौके लगाए।

इसके बाद सुरेश रैना (11) भी सस्ते में आउट हुए लेकिन ओझा ने एक छोर संभाले रखा और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। ओझा ने 35 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। युवराज सिंह (18), स्टुअर्ट बिन्नी (02) और यूसुफ पठान (01) के आउट होने के बाद भारत ने 125 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे जबकि टीम को अब भी 26 गेंदों पर 47 रन की दरकार थी।

इसके बाद इरफान ने ओझा का साथ देते हुए टीम को मुश्किल हालात से ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया जहां इंडिया लिजेंड्स को जीत के लिए 10 गेंदों पर सिर्फ 11 रनों की जरूरत थी। इरफान ने डर्क नैनिस द्वारा फेंके गए 19वें ओवर में तीन छक्के लगाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स की ओर से नेथन रियरडन, ब्रायस मैक्गेन, जेसन क्रेजा ने एक-एक विकेट लिया जबकि कप्तान वॉटसन को दो सफलता मिली।

## रऊफ ने भारत को चेताया , एमसीजी मेरा घरेलू मैदान

लाहौर, 29 सितंबर। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को बिग बैश लीग खेलने के अपने अनुभव के दम पर भारत के खिलाफ 23 अक्टूबर को होने वाले टी20 विश्व के मुकाबले में कामयाबी मिलने का पूरा यकीन है । आपसी राजनीतिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलते हैं । एमसीजी पर होने वाला यह मुकाबला एक साल के अंदर उनका चौथा मुकाबला होगा । रऊफ ने कहा ,"अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सका तो उनके लिये मुझे खेल पाना आसान नहीं होगा । मैं बहुत खुश हूं कि यह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है।" रऊफ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिये खेलते हैं।

## नलिन जैन संयुक्त सचिव नियुक्त

जयपुर, 29 सितंबर राजस्थान वेटेरन क्रिकेट संघ के अध्यक्ष व बोर्ड ऑफ वेटेरन क्रिकेट इन इंडिया के मानद सचिव डॉक्टर बी. आर.सोनी. नेपूर्व रणजी खिलाड़ी नलिन जैन को सयुंक्त सचिव नियुक्त करते हुए उन्हे आगामी ज़िला व राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता करवाने की जिमेदारी सोपी है जिससे मध्यश्रेत्र मुकाबलों के लिए प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम का चयन किया जा सके ।

## गढ़वाल और सुदेवा जीते, वाटिका को खिताब

नयी दिल्ली, 29 सितंबर । गढ़वाल हीरोज ने अपनी जीत और दिल्ली एफसी की हार की बदौलत गुरुवार को दिल्ली प्रीमियर लीग के उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। दिन के पहले मुकाबले में गढ़वाल ने भारतीय वायुसेना को 3-2 से परास्त किया, जबकि दिल्ली एफसी को सुदेवा के हाथों 0-3 की हार मिली। वाटिका एफसी 44 अंकों के साथ पहले ही खिताब जीत चुकी थी। उपविजेता की दौड़ में गढ़वाल और दिल्ली एफसी शामिल थे। गढ़वाल को हर हाल में जीत के साथ-साथ डीएफसी की हार की जरूरत थी और यही हुआ भी। गढ़वाल ने अपने स्टार स्ट्राइकर निर्मल सिंह बिष्ट की तिकड़ी की बदौलत जीत दर्ज की जबकि दिल्ली एफसी को सुदेवा के हाथों अपनी सबसे बड़ी हार मिली। गढ़वाल के विरुद्ध वायुसेना के दोनों गोल कप्तान विवेक कुमार ने किये। सुदेवा की जीत में तोथांग, लालबीएकलिमा और रमेश छेत्री के दर्शनीय गोलों का योगदान रहा। दिल्ली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका को 3.5 लाख, उपविजेता गढ़वाल को 1.75 लाख, तीसरे स्थान की दिल्ली एफसी और चौथे पायदान की सुदेवा को 75-75 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई - निविदा सूचना**

**सं. ईएल/118/04R-III,06R-III,23/2022-23/डब्ल्यू 6/ टीएफ दिनांक : 28.09.2022**

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:1. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/04R-III/2022-23. **कार्य का नाम:** Jaipur Division : Rewiring of staff quarter, Service building & Automation of Pumping installation over Jaipur division. (Rewiring of staff quarter, Service building Work only). **अनुमानित लागत:** 50,19,308. **बयाना राशि:** 1,00,400. **निविदा खोलने की तिथि:** 21.10.2022. **क्र.सं.: 2. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/06R-III/2022-23. **कार्य का नाम:** Jaipur Division: Improvement of lighting of Railway stations having average footfall more than 2000 per day. **अनुमानित लागत:** 53,60,068. **बयाना राशि:** 1,07,200. **निविदा खोलने की तिथि:** 21.10.2022. **क्र.सं.: 3. एनआईटी संख्या:** ईएल/जेपी/23/2022-23. **कार्य का नाम :** Provision of Examination lights & welding points facilities at freight train examination lines in FL yard. **अनुमानित लागत:** 20,79,249. **बयाना राशि:** 41,600. **निविदा खोलने की तिथि : 21.10.2022.** **नोट:** ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय: निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक।नोट: **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता:** https://www.ireps.gov.in 791-AK/22

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## महाराष्ट्र ने मैडल जीत लहराया परचम

जयपुर, 29 सितंबर। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन व राजस्थान किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हुई चार दिवसीय 24वी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का एसएमएस इंडोर स्टेडियम में फाइनल मुकाबले खेले गये। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के नेशनल प्रेजिडेंट, अनिल कल्याण ने बताया कि 26 से 29 सितंबर तक चली चैंपियनशिप की क्लोजिंग सेरेमनी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रफीक खान; संस्कृति युवा संस्था, प्रेजिडेंट, पंडित सुरेश मिश्रा; सदस्य प्रदेश कांठोस कमेटी, हरेंद्र सिंह जादौन; राजस्थान किक बॉक्सिंग एसोसिएशन, प्रेजिडेंट, अरुण त्यागी और रिटायर्ड मेजर जनरल अनुज माथुर बतौर गेस्ट शामिल हुए। प्रतियोगिता को डिजाइन राइजिंग इवेंट्स प्रमोशन प्राइवेट द्वारा किया गया और गेस्ट ने विजेताओं को शुभकामनाये दे कर खिलाडियों के खेल की जमकर तारीफ करते हुए उनकी हौसला अफजाई की।वाको इंडिया फेडरेशन के ब्रांड कंसलटेंट हरप्रीत बग्गा ने बताया कि अंक तालिका के हिसाब से महाराष्ट्र ने 110 गोल्ड 68 सिल्वर 53 कांस्य के साथ 24वी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप का खिताब जीता। मणिपुर ने 41 गोल्ड, 25 सिल्वर, 31 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहे और छत्तीसगढ़ ने 27 गोल्ड, 12 सिल्वर, 12 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



**राजस्थान पोलो क्लब पर चल रहे राव राजा हनूत सिंह पोलो चैलेंज कप में गुरुवार को सहारा वॉरियर्स ने एमएएस बूचिस बॉयज को 10-7 से हराया। वॉरियर्स के लिए क्रिस मैकेंजी ने 6, शमशेर अली ने 2, लैफ्टिनेंट कर्नल यतीन्द्र कुमार और मेजर आनंद राजपुरोहित ने1-1 गोल किया। एमएसई के लिए पदनाभन सिंह ने 3, अभिमन्यु पाठक और ईवन पावर ने 2-2 गोल किया।**

## पूर्व फीफा रेफरी सुमंत घोष का निधन

कोलकाता, 29 सितम्बर । इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) के पूर्व रेफरी सुमंत घोष का गुरुवार को निधन हो गया। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा के पूर्व रेफरी घोष के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

सुमंत घोष 70 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। देश में 1990 के दशक के दौर में घोष अपने त्वरित ऑन-फील्ड फैसलों, मैच पर मजबूत नियंत्रण और हाई-प्रोफाइल मैचों के सुचारू संचालन के लिए जाने जाते थे।

बंगाल में 10 अप्रैल 1952 को जन्मे घोष 1990 में फीफा रेफरी बने और 1997 में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपने करियर में प्री-विश्व कप, प्री-ओलंपिक, एएफसी क्लब चैंपियनशिप, सैफ कप, जवाहरलाल नेहरू कप जैसे शीर्ष आयोजनों में भाग लिया।

सेवानिवृत्ति के बाद घोष ने रेफरी प्रशिक्षक और एआईएफएफ मैच आयुक्त की भूमिका निभाई। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने अपने शोक संदेश में कहा, सुमंत दा के नहीं रहने की बात सुनकर वाकई बहुत दुख हुआ। वह भारत में रेफरी के कार्य के महानायक थे और खेल में उनका अमूल्य योगदान हमेशा हमारे साथ रहेगा। उनके परिवार के साथ मेरी सांत्वना है।

एआईएफएफ के महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन ने कहा, सुमंत घोष एक शीर्ष श्रेणी के रेफरी, एक विद्वान प्रशिक्षक और मैच आयुक्त थे। फुटबॉल बिरादरी उन्हें याद करेगी। उनकी आत्मा को शांति मिले।


**कार्यालय नगर परिषद, टोंक (राज.)**

क्रमांक :–एमसीटी/2022–23/11087 दिनांक :– 28.09.2022

**निविदा सूचना** NIB No. DLB2223A5236

इच्छुक बोलीदाता से होर्डिंग विज्ञापन प्रदर्शित का निलामी ठेका एक वर्ष के लिये निलामी 06.10.2022 को दोपहर 02 बजे से न्यूनतम बोली राशि 8.00 लाख से प्रारम्भ कर खुली बोली द्वारा कार्यालय की अग्निशमन केन्द्र में निलामी की जावेगी। अन्य शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DLB2223SSOB16963

राज.संवाद/सी/22/8470 सभापति आयुक्त

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4003-4 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-29.09.2022

श्रीमती गीता देवी कसेरा पत्नी श्री नागर मल कसेरा, जाति महाजन, वार्ड नं.21, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 21 अवस्थित व्यावसायिक दुकान | चर्तु सीमाएँ पूरब में श्री मोहन लाल घीया की दुकान, पश्चिम में श्री रामनाथ कालुराम कसेरा की दुकान, उत्तर में भवन छाराबाद वालों का आसार, एवं दक्षिण में मुख्य सडक सुराणी बाजार होकर स्थित है। | भूखण्ड व्यावसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 14'-7" व उत्तर-दक्षिण 27'-0" कुल रकबा 36.47 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29.9.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/4000-01 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-29.09.2022

श्री महेन्द्र मोहन पारीक पुत्र स्व.श्री भँवरलाल पारीक, निवासी-वार्ड नं.20, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 20 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाएँ पूरब में 3'-2" चौडा चबुतरा व आगे आम रास्ता, पश्चिम में आवास श्री राजेन्द्र मोहन पारीक का, उत्तर में आवास श्री आवास श्री दामोदर कयाल का एवं दक्षिण में 3'-0" खुली शामिलाती गली व आगे गट्टे वाले बालाजी का मंदिर होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 46'-3" एवं उत्तर-दक्षिण 43'-2" होकर कुल रकबा 185.47 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29.9.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# विश्व कप से पहले ध्यान अनुकूलनशीलता पर : अर्शदीप

तिरुवनन्तपुरम, 29 सितंबर । भारत के युवा तेज़ गेंदबाज़ अर्शदीप सिंह ने कहा है कि अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम का ध्यान मुख्यत: अनुकूलनशीलता पर है।

अर्शदीप ने बुधवार को यहां मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "अनुकूलनशीलता हमारी टीम का बडा मकसद है। हमारा लक्ष्य टीम की परिस्थितियों और मांगों के अनुकूल खेलना है, चाहे परिस्थितियां जैसी भी हों। जब हम वहां (ऑस्ट्रेलिया) जाएंगे तो देखेंगे कि हालात कैसे हैं। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।"

अर्शदीप (3/32) ने दीपक चाहर (2/24) के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 में 106/8 के स्कोर पर रोककर भारत की जीत की नींव रखी। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और लोकेश राहुल ने अद्धर्शतक जड़कर भारत को 16.4 ओवर में 107 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया।

अर्शदीप ने विश्व कप की तैयारी के बारे में कहा, "हम अभ्यास सत्र में सभी क्षेत्रों को छूने और मैदान पर अपनी सभी योजनाओं को अमल में लाने की कोशिश कर रहे हैं। आज पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी दिखाने का एक अच्छा मौका था और हम आने वाले दिनों में अद्भुत चीजें करने की उम्मीद कर रहे हैं।"

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप टी20 विश्व कप के लिये भारत की डेथ ओवर योजनाओं का हिस्सा हैं, लेकिन कंडीशनिंग-संबंधी कार्य के लिये राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला का हिस्सा नहीं बन पाये थे।

अर्शदीप ने एनसीए में बिताए गये समय के बारे में कहा, "पिछले 10 दिनों का उद्देश्य तरोताजा होना और मजबूती के साथ वापस आना था जो मेरी गेंदबाजी में मेरी मदद करेगा। मैं वास्तव में तरोताजा महसूस कर रहा हूं और मैदान पर अच्छी चीजें करने के लिए उत्सुक हूं।"

अर्शदीप ने जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार की अनुपस्थिति में नयी गेंद से गेंदबाजी करते हुए अपने पहले ही ओवर में पांच गेंदों में तीन विकेट लिये, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने अपने आप को 8/4 के स्कोर पर पाया। दक्षिण अफ्रीका अर्शदीप के झटकों से उभर नहीं सकी और अंततः आठ विकेट से मैच हार गयी। इस साल जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर पदार्पण करने वाले अर्शदीप ने कहा कि वह हमेशा चयन की परवाह किये बिना मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करते हैं।

उन्होंने कहा, "उन्होंने मुझसे आईपीएल के अंत में कहा कि मैं योजना का हिस्सा हूं, मुझे लगता है कि मुझे जो भी अवसर मिले मैंने उनमें अच्छा प्रदर्शन किया। यही मेरा काम है, और मैं चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोचता।"

अर्शदीप ने कहा, "जल्दी विकेट लेना हमेशा एक अच्छा एहसास होता है। योजना वास्तव में सरल थी। गेंद स्विंग कर रही थी और मुझे बस उसे सही जगहों पर पिच करना था।"

उन्होंने दूसरे छोर से दबाव बनाए रखने के लिए अपने वरिष्ठ साथी चाहर को भी श्रेय दिया। अर्शदीप ने कहा, "हम हर प्रकार की स्थिति में अभ्यास करते हैं, हमारा काम परिस्थितियों के अनुकूल होना और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना है। हमने एक जोडी के रूप में वास्तव में अच्छा काम किया, इसका बहुत सारा श्रेय डीसी भाई (दीपक चाहर) को जाता है।"

# तमिलनाडु की सरकार ने भाजपा को रैली निकालने की इजाज़त नहीं दी

## भाजपा ने अपने स्थापना दिवस पर 51 स्थानों पर रैली निकालने की इजाज़त मांगी थी सरकार से

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **स्टालिन सरकार ने पी.एफ.आई. पर लगे प्रतिबंध के कारण प्रदेश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ने की बात कही और इन हालात में भाजपा को रैलियों की इजाज़त न देने को सही ठहराया।**
- **दूसरी ओर गत सप्ताह ही मद्रास हाई कोर्ट ने भाजपा के 2 अक्टूबर को रैलियां निकालने के प्रस्ताव को सशर्त स्वीकृति दी थी।**

नई दिल्ली, 29 सितम्बर। भाजपा तथा संघ परिवार दक्षिण भारत के एक बड़े राज्य तमिलनाडु में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। इस क्षेत्र से सर्वाधिक लोकसभा सांसद इसी राज्य से चुने जाते हैं। लेकिन ठीक पश्चिम बंगाल, जहाँ भाजपा का सामना ममता बनर्जी जैसी धुरंधर राजनेता से था, यहाँ तमिलनाडु में भाजपा का सामना डी.एम.के. (द्रमुक) प्रमुख तथा लगभग 4 दशकों से प्रादेशिक राजनीति में अहम रोल अदा कर रहे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन जैसे धुरंधर नेता से है।

इस समय पार्टी तथा सरकार पर तो स्टालिन का पूरा नियंत्रण है ही, राज्य के 38 में से 29 सांसद उनके पास है जिनमें कांग्रेस सांसद भी शामिल हैं।

जहाँ तक जमीनी स्थिति का प्रश्न है, पिछले विधानसभा चुनावों, जिनमें डी.एम.के. की इकतरफा जीत हुई थी, के बाद, राजनैतिक रूप से कुछ खास परिवर्तन नहीं हुआ है। ए.आई.ए.डी.एम.के. की अंदरूनी लड़ाई के कारण विपक्ष कमजोर ही हुआ है तथा इसके परिणामस्वरूप, भाजपा को विपक्ष में अपने लिये जगह बनाने का अवसर मिल गया है।

तमिलनाडु में इस समय भाजपा को विपक्ष के रूप में लिया जा रहा है तथा इसने जमीनी स्तर पर स्वयं को एक खास अंतर वाली पार्टी के रूप में प्रस्तुत करना शुरु कर दिया है- उसने राजनैतिक हलचल तथा गर्मा-गर्मी के माहौल को स्वरूप देना शुरु कर दिया है। दरअसल, भाजपा तथा पूरा दक्षिणपंथी तंत्र एक विपक्षी दल के रूप में अपनी मौजूदगी को दर्ज कराने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते तथा ऐसे मुद्दे उठाते हैं, जो हिन्दुत्व एजेंडा की तरफ उनके झुकाव की ओर संकेत करते हैं, जैसे मंदिरों तथा धार्मिक जुलूसों पर अपना नियंत्रण रखने के लिये टकराव या फिर नवीनतम गतिविधि के रूप में, 2 अक्टूबर को 51 स्थानों पर "रूट रैली" (पथ-संचलन) आयोजित करने की आर.एस.एस. की योजना आर.एस.एस. ने अपने स्थापना दिवस महोत्सव पर पथ-संचलन की अनुमति माँगी है।

लेकिन कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुये, पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया पर लगाई गई रोक के कारण आर.ए.एस. को इन रैलियों के आयोजन की स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है। सरकार ने कहा कि वह ऐसे समय पर किसी पथ-संचलन की अनुमति नहीं दे सकती जब पुलिस पी.एफ.आई. पर लगाई गई रोक के फलस्वरूप किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोकने के लिये रात-दिन एक कर रही हो। सरकार ने डी.एम.के. के सहयोगी दलों, जैसे वी.सी.के., सी.पी.आई. (एम.) तथा सी.पी.आई. द्वारा सौहार्द्र बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किये जाने वाले कोई भी आयोजन करने की अनुमति नहीं दी है।

एक सरकारी प्रैस-विज्ञप्ति में कहा गया है, "ऐसे समय पर, जब सरकार ऐहतियाती कदम उठाने के अलावा, पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये सभी प्रकार के प्रयास कर रही है, आर.एस.एस. तथा अन्य संगठनों को 2 अक्टूबर को रैली निकालने के लिये अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है।" पी.एफ.आई. पर रोक लगाने के बाद, इस्लामी संगठनों ने इस कार्यवाही के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरु कर रहे हैं। पुलिस ने आर.एस.एस. तथा वी.सी.के. को संबंधित आयोजनों के लिये अनुमति देने से इनकार करते हुये, कहा कि इसके अलावा, पिछले कुछ दिनों में, राज्य में, साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाली बहुत सी घटनाएं होती आ रही हैं।

प्रसंगवश बता दें कि पिछले सप्ताह मद्रास उच्च न्यायालय ने कुछ निश्चित शर्तों के साथ, आर.एस.एस. को दो अक्टूबर को जुलूस निकालने की अनुमति दे दी थी। लेकिन सरकार ने, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुये, अनुमति देने से इनकार कर दिया। वी.सी. के नेता तथा सांसद तोल तिरुमावालानन ने मीडिया कर्मियों को बताया कि "भाजपा, आर.एस.एस. तथा अन्य दक्षिणपंथी ताकतें, सत्ता हासिल करने के लिये, राज्य में हिंसा भड़काने के लिये जानी जाती हैं। ये जाति, पंथ तथा धर्म के नाम पर लोगों को बाँटते हैं ताकि कानून-व्यवस्था भंग करके, राजनैतिक लाभ प्राप्त किया जा सके। सत्ता में आने के लिये, उत्तर भारत के कई राज्यों में भाजपा ने यही किया है। वे तमिलनाडु में भी उसी सूत्र तथा तौर-तरीके को काम में ले रहे हैं।

## नाबालिग से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मौजूद थे।"

बाद में इन लोगों ने मेरे को धमकी दी कि, तेरी फोटो अश्लील बना दी है हम वायरल कर देंगे तू कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। इन लोगों ने मेरी वीडियो बनाई और सभी ने मेरा बलात्कार किया मैं कई घंटों तक बेसुध पड़ी रही। उसके बाद में अपने घर आई इन सभी द्वारा मुझे धमकी दी कि, अगर कोई भी बात बताई तो वीडियो वायरल हो जाएगा। मैं डर गई धीरे-धीरे यह लोग मुझसे पैसे ऐंठने लगे इसके बाद पीड़िता ने 3 जनवरी व 6 अप्रैल को भी बुलाकर बलात्कार करने की घटना दर्ज करवाई है।

## 'ऊंट के ऊपर अब...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव में प्रत्याशी नहीं होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सोनिया गांधी यह निर्णय लेंगी कि राजस्थान का मुख्यमंत्री कौन होगा।

अशोक गहलोत अब भी जोधपुर हाउस में ठहरे हुए हैं। उन्होंने शांति धारीवाल और महेश जोशी से कहा था कि वे दिल्ली आ जाएं। ये दोनों दिल्ली के लिए रवाना हुए, लेकिन इस दौरान बीच में कहीं महेश जोशी को यह संदेश प्राप्त हुआ कि वे कांग्रेस विधायक दल के चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दें।

जोशी पुनः जयपुर के लिए लौट गए, जहां उन्होंने कुछ विधायकों के साथ मीटिंग कर सलाह-मशविरा किया। चीफ व्हिप ही कांग्रेस विधायक दल सदस्यों की मीटिंग आयोजित करता है और इसमें कुछ दिन पूर्व मिली नाकामयाबी के बाद नेतृत्व मीटिंग आयोजित करने के मामले में महेश जोशी पर विश्वास नहीं करना चाहता।

किसी भी सूरत में, महेश जोशी के खिलाफ विधायकों को गुमराह करने और सोनिया गांधी के आदेश को लागू करने से इंकार करने को लेकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की सिफारिश की गई है।

सूत्र कहते हैं कि प्रियंका गांधी ने भी इन खबरों की प्रतिक्रिया में गहलोत की खिंचाई की कि उनके (गहलोत) आदमी कह रहे थे कि सचिन पायलट, प्रियंका का कैंडिडेट है। प्रियंका ने यह कहते हुए उनकी भर्त्सना की कि निर्णय हाई कमान, यानि की सोनिया गांधी द्वारा लिए जाते हैं। अपना नाम बीच में घसीटने पर उन्होंने गहलोत को आड़े हाथ लिया।

उम्मीद है कि सचिन पायलट की संभवतः देर रात्रि सोनिया गांधी से मुलाकात होगी जिसमें जयपुर के घटनाक्रमों को अंतिम रूप देने पर चर्चा की जाएगी।

अविश्वास तो पूरा है। एक सीनियर नेता ने कहा कि अशोक गहलोत को पूर्ण बगावत की कीमत चुकानी होगी।

## सी.एल.पी. की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मीटिंग के लिए सहमति प्रदान की है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह फिर सोनिया पर निर्भर होगा कि गहलोत को अपने पद पर बने रहने दिया जाए या नहीं अथवा उनके द्वारा मनोनीत किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया जाए।

## भाजपा और बी.जे.डी. चुनाव की जॉइन्ट रणनीति बनायेंगे

भुवनेश्वर, 29 सितंबर (वार्ता)। भाजपा ने देश में आम चुनाव 2024 से पहले ओडिशा में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए गुरुवार को पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा यहां पहुंचे। नड्डा यहां दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। वर्ष 2020 में पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद नड्डा की यह राज्य की पहली यात्रा है। नड्डा के यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उन्हें पार्टी की राज्य ईकाई के मुख्यालय ले जाया गया जहां भाजपा युवा मोर्चा ने वृहद बाइक रैली का आयोजन किया। इसके बाद वह यहां जनता मैदान पर बूथ लेवल के पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे और बाद में 2024 के चुनाव को लेकर रणनीति के संबंध में सांसदों, विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात करेंगे।

आज शाम को पार्टी अध्यक्ष पुरी के लिए रवाना होंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संदिग्ध नहीं मानी गई थी।

लेकिन यात्रा की असली परीक्षा आज (शुक्रवार) को शुरू होनी है, जब राहुल गांधी को, कार्यक्रमानुसार, "शत्रु के क्षेत्र" में प्रवेश करना है। लेकिन कर्नाटक में भी, छोटे-बड़े ऐसे सैकड़ों संगठनों का समर्थन उन्हें मिला है, जो समाजवादी वैदिके के झंडे तले आ गये हैं जिसका नेतृत्व बेंगलुरू की यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज़ के सेवानिवृत प्रोफेसर प्रकाश कम्मार्दी करने वाले हैं।

कर्नाटक सरकार से जो अपेक्षा की जा सकती थी, उसका नमूना वरिष्ठ कांग्रेस नेता डी.के.शिवकुमार की जाँच के रूप में देखा जा सकता है, जबकि कांग्रेस के 'पे सीएम' जैसे सृजनात्मक तथा आकर्षक अभियान में बताये गये भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जन-अदालत की संवीक्षा हो चुकी थी। ज्ञातव्य है कि शिव कुमार पार्टी के मुख्य संकटमोचक है तथा पार्टी के सामने जब-जब भी विरोधियों की और से विधायकों को छीने जाने का संकट आया हैं, पार्टी ने उन्ही की तरफ देखा है, अपने बचाव के लिये उन्हीं के पास गई हैं।

सी.वी.आई. अधिकारियों ने गुरूवार को उनसे जुड़े हुये कई ठिकाने तथा दस्तावेज खँगाले। ये सम्पत्तियाँ शिवकुमार की बताई जाती हैं।

स्वतन्त्र पर्यवेक्षकों का कहना है कि अब, भारत जोड़ो यात्रा के कर्नाटक में प्रवेश से ठीक पहले, कर्नाटक के इस वरिष्ठ कांग्रेस नेता के खिलाफ की जा रही यह कार्यवाही, एक हताशा ही तो है।

शिव कुमार की सम्पत्तियों की जाँच के समाचार की प्रतिक्रिया में, राजनैतिक विश्लेषक सुमन्त सी.रमन ने एक ट्वीट में कहा, "भारत जोड़ो यात्रा को कर्नाटक में कल प्रवेश करना है। यह सब कुछ भविष्यवाणी के अनुरूप, अर्थात अपेक्षित ही हो रहा है।"

विश्लेषकों ने अब यह जानने की इच्छा जाहिर करना शुरू कर दिया है कि क्या सी.बी.आई., ई.डी. तथा आई.टी. जैसी केन्द्रीय जाँच एजेंसियों की कार्यवाहियों का वांछित प्रभाव एवं परिणाम प्राप्त हो रहा है। एक विश्लेषक ने कहा कि सड़क पर चलाता हुआ एक आम आदमी भी अब इन जाँचों को संदेह से देखने लगा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की इन एजेंसियों की कार्यवाहियाँ अब "अपेक्षाकृत कम तथा मामूली परिणाम ही लाती" दिखाई दे रही है क्योंकि ये सब राजनीति-प्रेरित मानी जा रही हैं।

सोशल मीडिया लोगों की इस बदलती हुई सोच को प्रदर्शित करता दिखाई दे रहा है, जैसा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लोगों की टिप्पणियों से जाहिर हो रहा है। लोग यह जानना चाह रहे हैं कि इन जाँच एजेंसियों के निशाने पर केवल विपक्षी दलों के लोग ही क्यों आ रहे हैं।

कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता को केन्द्रीय एजेंसियों के इस "विरोधी रूख" के लिये पहले ही तैयार कर दिया है तथा उन्हें समझा दिया है कि इन जाँचों का उद्देश्य कांग्रेस की छवि को खराब करना है। ज्ञातव्य है कि कर्नाटक के विधान सभा चुनावों में अब एक साल से भी कम समय रह गया हैं।

कांग्रेस के नेता इस कार्यवाही के पीछे छिपे भाजपा की कुंठा तथा डर को समझ चुके हैं क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा को आम जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है तथा इसलिये भाजपा इसे बदनाम करने के लिये कटिबद्ध हैं।

एक राजनैतिक विश्लेषक ने कहा, "लेकिन यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि राहुल गांधी राजस्थान के पार्टी संकट जो शुद्ध रूप से उन्हीं के करे-धरे का नतीजा है, से कैसे निबटते हैं।" उहोंने आगे कहा कि "अब इसके आगे, यह लड़ाई और दिलचस्प हो जायेगी क्योंकि यात्रा के आगे के अधिकांश रास्ते में यह कांग्रेस बनाम भाजपा के रूप में सीधी लड़ाई का रूप ले लेगी, क्योंकि इसके बाद, राहुल गांधी प्रमुख भाजपा-शासित राज्यों-महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश छोटे-छोटे हिस्सों से गुजरेंगे।"

# विधायक दल की समानान्तर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गया था कि आलाकमान की ओर से प्रभारी महासचिव को स्पष्ट संकेत मिल चुका है कि अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसके बाद ही माकन की रिपोर्ट पर तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी होते ही यह स्पष्ट हो गया था, कि इस झमेले में भले ही अशोक गहलोत की सीधी भूमिका ना रही हो, लेकिन उनके नजदीकी नेताओं की ओर से समानांतर बैठक बुलाना कहीं ना कहीं उनकी सहमति के बिना संभव नहीं हो सकता था। इसके बावजूद शांति धारीवाल और धर्मेंद्र राठौड़ सहित अन्य नेता अजय माकन को ही गलत ठहराने में जुट गए और सार्वजनिक बयानबाजी करने लगे। यह बात भी मुख्यमंत्री गहलोत खेमे के खिलाफ गई। ऐसे में जहां बीच का रास्ता निकल सकता था, वहां प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर आलाकमान की ओर से स्पष्ट संकेत दे दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत यदि दिल्ली आएं तो आलाकमान का आदेश मानने की स्थिति में ही आएं।

गुरुवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जब सोनिया गांधी से मिलने पहुंचे, उससे पहले ही मुकुल वासनिक के जरिए उन्हें फिर संदेश पहुंचा दिया गया था कि पार्टी आलाकमान उनकी सफाई सुनने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। यही कारण है कि बाहर आकर खुद अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने कांग्रेस अध्यक्ष से माफी मांग ली है।

अशोक गहलोत का माफी मांगना और खुद बाहर आकर मीडिया से कहना, राजनीतिक रूप से बहुत बड़ी घटना है, क्योंकि जो गहलोत 3 दिन पहले तक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए आलाकमान की पहली पसंद बने हुए थे, उनके लिए 25 सितंबर की रात की घटना ने सारे घटनाक्रम को बदल कर रख दिया।

दूसरी ओर प्रभारी महासचिव अजय माकन की भूमिका इस पूरे प्रकरण में आलाकमान के प्रति बेहद सकारात्मक रही और उन्होंने राजस्थान के घटनाक्रम को लेकर पल-पल की जानकारी आलाकमान को लगातार दी। इतना ही नहीं इस घटनाक्रम से पहले भी सरकार को लेकर विधायकों और अन्य नेताओं में जो नाराजगी थी, राजनीतिक नियुक्तियों के दौरान जो घटनाक्रम हुए और उनसे कांग्रेसजन नाराज थे, इस बारे में भी अजय माकन पहले ही कांग्रेस आलाकमान को बता चुके थे। ऐसे में यह घटनाक्रम होते ही अजय माकन की ओर से आलाकमान को पहले बताई गई तमाम घटनाएं सच साबित हुई। उसी आधार पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ से ना सिर्फ बाहर हो गए, बल्कि आलाकमान का अब तक उन पर जो भरोसा था वह भी समाप्त हो गया।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब एक-दो दिन में ही राजस्थान में विधायक दल की बैठक फिर होगी और उसमें एक लाइन का प्रस्ताव पारित करके विधायक दल का नेता चुनने के लिए आलाकमान को सर्व सम्मति से कहा जाएगा। इसके बाद में राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के लिए सोनिया गांधी फैसला करेंगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी यही कहा है कि एक-दो दिन में राजस्थान का मसला सुलझा लिया जाएगा और विधायक दल की बैठक के बाद में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी नए नेता के नाम का ऐलान करेंगी।




*Terms and conditions apply. This offer is available on select models. Please contact nearest TATA Motors Passenger Vehicles dealership for more details. Images and illustrations are indicative and for information purpose only. Festive discount mentioned is at the discretion of Tata Motors Limited. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Please consult an authorised Tata Motors dealer for latest information on features/specifications before deciding to place an order. Colours may vary due to printing limitations. Local taxes and Octroi extra. Terms and conditions apply. Avail of Tata Motors Finance and get funding benefits on Extended Warranty. All offers are at sole discretion of Tata Motors and can be changed by Tata Motors without any prior notice. Offer available till stocks last. Express finance scheme from Tata Motors Finance/Low DP scheme from select financers. Finance available at sole discretion of financier.

AKAR FOUR WHEELS : VAISHALI NAGAR : 7506023152, DAUSA : 9167048664. MAHUA : 9167475537, BANDIKUI : 9167474025, LALSOT : 8291534324. AUTOPLEX AV : SITABARI, TONK ROAD : 7506023155, BASSI : 7045205648, DUDU : 7045206015, MALPURA : 7045217455. TECHWHEELS : JAGATPURA : 7506023175, SHAHPURA : 9619011350, TONK : 7045205017, PAOTA : 7045195019, NIWAI : 8291535732, SHREE SHYAM MOTORS : SIKAR ROAD : 7506023263, CHOMU: 7045211485, KOTPUTLI : 9167051178. KAMAL & COMPANY : TONK ROAD : 7506023240. ROSHAN MOTORS : RAJA PARK : 9619087477, AJMER ROAD : 7506023244, BAGRU : 9167045564, CHAKSU : 7039118998. KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. SAWIMADHOPUR : 7045190667 GANGAPUR : 9619305352, YASH MOTORS : DEOLI : 7045207876, CHAMBAL MOTORS : SAWAI MADHOPUR : 7506023291

S JEE

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908